

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 9 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 29 जनवरी, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2


ऑटो, सोलर पैनल व टैक्सटाइल सेक्टर की चार कम्पनियों को भूखण्ड आवंटित

## मुख्यमंत्री भजनलाल के प्रयास हुए कारगर, धरातल पर उतरने लगा राइजिंग राजस्थान

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 में निष्पादित किए गए एमओयू एक के बाद एक धरातल पर उतर रहे हैं। रीको की ओर से चार और प्रमुख कम्पनियों मेक्सोप इंजीनियरिंग कम्पनी लिमिटेड, रॉकमेन इंडस्ट्रीज लिमिटेड, लाइटपाथ वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड और सन पॉलिटेक्स प्राइवेट लिमिटेड को औद्योगिक इकाई लगाने के लिए भूखण्ड आवंटित कर दिए गए हैं। इनमें मेक्सोप इंजीनियरिंग कम्पनी लिमिटेड को भिवाड़ी जिले के कारोली औद्योगिक क्षेत्र, रॉकमेन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को सलारपुर औद्योगिक क्षेत्र (भिवाड़ी), लाइटपाथ वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड को भीलवाड़ा जिले के उखलिया औद्योगिक क्षेत्र व सन पॉलिटेक्स प्राइवेट लिमिटेड को कलड़वास औद्योगिक क्षेत्र (उदयपुर) में भूमि उपलब्ध करवाई गई है।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान इन कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने राज्य में निवेश करने में रूचि दिखाते हुए राज्य सरकार के साथ एमओयू किए थे। एमओयू के पश्चात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार रीको की ओर से भूमि आवंटन से लेकर परियोजना की शुरूआत तक सभी प्रक्रियाओं को कम्पनियों के लिए बहुत ही आसान बनाया गया है। भूखण्ड उपलब्ध होने के पश्चात कम्पनियों की ओर से जल्द ही औद्योगिक इकाई के परिचालन का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। मेक्सोप इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ऑटो क्षेत्र की अग्रणी कम्पनी है जो ऑटो कंपोनेंट प्रोडक्ट्स जैसे डाइ कास्टिंग और फैब्रिकेशन का निर्माण करती है। 750 करोड़ रूपये के निवेश के साथ कम्पनी की यह इकाई 1500 लोगों को रोजगार देगी। यह इकाई करीब 30 एकड़ भूमि पर स्थापित होगी। एल्यूमिनियम निर्माण से जुड़ी रॉकमेन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (हीरो ग्रुप कम्पनी) 6 एकड़ भूमि पर 150 करोड़ रूपये के चरणबद्ध निवेश कर अपनी परिचालन प्रक्रिया शुरू करके करीब 250 लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करेगी जो स्थानीय अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान होगा। इस नई इकाई का लक्ष्य राजस्थान में स्पेशल व्हील मैल्युफैक्चरिंग करना होगा। सोलर पेनल के निर्माण पर आधारित कम्पनी लाइटपाथ वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड उखलिया औद्योगिक क्षेत्र, भीलवाड़ा में 6 एकड़ भूमि पर 110 करोड़ रूपये का निवेश करने के साथ लगभग 150 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगी। कम्पनी की यह इकाई सोलर पैनल के निर्माण में राजस्थान को अग्रणी बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। टैक्सटाइल आधारित कम्पनी सन पॉलिटेक्स प्राइवेट लिमिटेड उदयपुर के कलड़वास औद्योगिक क्षेत्र में अपनी नई औद्योगिक इकाई में वूवन कोटेड और अनकॉटेड फैब्रिक बनाएगी। इस इकाई की ओर से 100 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। करीब 5 एकड़ भूमि पर लगने वाली इस इकाई में कम्पनी की ओर से लगभग 87 करोड़ रूपये का निवेश प्रस्तावित है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट के समय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनता से यह वादा किया था कि समिट में निष्पादित एमओयू जल्द ही धरातल पर होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समिट के दौरान कहा था कि समिट का समापन अंत नहीं, बल्कि बेहतर राजस्थान बनाने की शुरूआत है। दो साल बाद पुन~ राइजिंग राजस्थान होगा जिसमें जनता को एमओयू के क्रियान्यन का हिसाब दिया जाएगा। सरकार के इसी वादे को पूरा करने में विभिन्न विभाग और रीको पूर्ण क्षमता से लगे हुए हैं।




रीको के प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 में कई बड़ी कम्पनियों ने राजस्थान में अपनी औद्योगिक इकाई लगाने के लिए एमओयू किए जो उनका राज्य सरकार व यहां की औद्योगिक नीतियों के प्रति अटूट विश्वास दर्शाता है। इसी विश्वास पर खरा उतरने के लिए रीको प्रयासरत है। रीको एमओयू करने वाली कम्पनियों को भूखण्ड उपलब्ध कराने व जल्द से जल्द औद्योगिक इकाई शुरू करने में हरसंभव सहायता उपलब्ध करवा रहा है। हाल ही रीको ने ऑटो, सोलर पैनल एवं टैक्सटाइल से जुड़ी कुछ और कम्पनियों को भूखण्ड आवंटित किए हैं। ये तीनों क्षेत्र ही ऐसे हैं जो राज्य ही नहीं देश के आर्थिक विकास के लिए भी मजबूत स्तम्भ साबित हो रहे हैं।




## बी.एससी. नर्सिंग का पेपर लीक, पांच संदिग्ध हिरासत में लिए

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर के बी.एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम के द्वितीय व तृतीय सेमेस्टर के पेपर लीक हो गए, जिसके बाद विश्विद्यालय प्रशासन ने इन पेपर्स को निरस्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार ये पेपर 23, 24 एवं 25 जनवरी 2025 को आयोजित किए गए थे। परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र की गोपनीयता भंग होने की सूचना पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेते हुए जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की है। मामले में अनुसंधान के लिए एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। कुलपति डॉ. धनंजय अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा बी.एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर के एप्लाइड एनाटोमी एंड एप्लाइड फिजियोलॉजी, द्वितीय सेमेस्टर के एप्लाइड बायोकेमेस्ट्री एंड एप्लाइड न्यूट्रीशन एंड डाइटेक्टिस और तृतीय सेमेस्टर के एप्लाइड माइक्रोबायोलॉजी एंड इंफेक्शन क्रंट्रोल इन्क्लूडिंग सेफ्टी विषय की परीक्षाएं क्रमशः 23, 24 व 25 जनवरी को आयोजित की गई थीं।

### परीक्षा से पहले छात्रों तक पहुंचा पेपर

जांच में पता चला कि इन विषयों की जो परीक्षाएं आयोजित की गई थीं, उनके प्रश्न पत्रों के थ्योरी-बेस्ड खंड में शामिल कुछ प्रश्नों की हस्तलिखित प्रति छात्रों के बीच पूर्व से प्रसारित हुई है।

हालांकि इनमें मल्टीपल चॉइस प्रश्न शामिल नहीं हैं। फिर भी इन परीक्षाओं की गोपनीयता व छात्र हितों के दृष्टिगत इस प्रकरण को पूर्ण गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन परीक्षाओं को निरस्त कर दिया है। आगामी परीक्षाएं विधिवत रूप से संचालित रहेंगी।

विश्वविद्यालय की ओर से प्रकरण की गहन जांच व अनुसंधान के लिए पुलिस आयुक्तालय, जयपुर में एफआईआर दर्ज करवा दी गई है।

साथ ही आंतरिक जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी भी गठित कर दी गई है। निरस्त परीक्षाओं के पुनः आयोजन के संबंध में नई तारीख का ऐलान जल्द ही किया जाएगा।

## अब व्हाट्एसएप या ई-मेल से आरोपी को नोटिस नहीं भेज सकेगी पुलिस

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) के तहत पुलिस व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिए आरोपी व्यक्ति को नोटिस नहीं भेज सकती है। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे पुलिस को सीआरपीसी की धारा 41ए या बीएनएसएस की धारा 35 के तहत नोटिस भेजने के लिए केवल वहीं तरीके अपनाने का निर्देश दें, जिनकी कानून के तहत अनुमति हो। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस भेजना सीआरपीसी और बीएनएसएस के तहत तय की गई विधियों का विकल्प नहीं हो सकता। यह आदेश तब आया जब कोर्ट ने वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा का सुझाव स्वीकार किया, जिन्हें इस मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया गया था। लूथरा ने उन मामलों का जिक्र किया, जहां सीआरपीसी, 1973 की धारा 41ए के तहत नोटिस व्हाट्सएप के जरिए भेजा गया, लेकिन आरोपी जांच अधिकारी के सामने पेश नहीं हुए। उन्होंने कहा कि पुलिस को सीआरपीसी, 1973 की धारा 41ए या बीएनएस, 2023 की धारा 35 के प्रावधानों को नजरअंदाज करके नोटिस व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नहीं भेजने चाहिए, बल्कि उन्हें सामान्य विधि का पालन करना चाहिए।

### एस जयशंकर की अबू धाबी के क्राउन प्रिंस से मुलाकात

एजेंसी

अबू धाबी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। इस मुलाकात के बार में जयशंकर ने एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने लिखा, अबू धाबी के क्राउन प्रिंस अल नाहयान से मिलकर खुशी हुई। हमने उनके हाल ही के भारत दौरे की यादें ताजा कीं और भारत-यूएई साझेदारी को और आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

## अंधविश्वास की हद: चार साल पहले मृत बच्चे की आत्मा लेने अस्पताल पहुंचे

जयपुर टाइम्स

कोटा। कोटा के एमबीएस अस्पताल में एक बार फिर अंधविश्वास की हद पार कर दी गई। जहां पर करीब 4 साल पहले इलाज के दौरान एक बच्चे की मौत के बाद मंगलवार को मृतक बच्चे के परिजन उसकी आत्मा लेने अस्पताल पहुंचे। अस्पताल प्रशासन की ओर से अंदर प्रवेश की इजाजत नहीं मिलने पर परिजनों और उनके साथ आए ग्रामीणों ने गेट पर ही पूजा-अर्चना शुरू कर दी और धरने पर बैठ गए। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस कुछ लोगों को अपने साथ अस्पताल परिसर में बनी चौकी में ले गई। जानकारी के अनुसार जिले के झाड़गंज गांव निवासी मृतक बच्चे मनराज के पिता रामफूल केवट ने बताया कि करीब 4 साल पहले उनके बेटे की एमबीएस अस्पताल में बीमारी के चलते इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों का कहना है कि बच्चे की मौत के बाद से ही परिवार में संकट खड़ा हो गया। हर कोई बीमार रहने लगा, जिसके बाद किसी से सलाह लेने पर बच्चे की आत्मा ले जाने की बात कही थी।






जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली। भारत ने भारतीय मछुआरों के मुद्दे पर श्रीलंका के सामने नाराजगी जताई है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, श्रीलंकाई नौसेना की ओर से भारतीय मछुआरों को पकड़ने के लिए की गई गोलीबारी पर कोलंबो के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। मंत्रालय ने बताया कि डेल्फ्ट द्वीप के पास श्रीलंकाई नौसेना की फायरिंग में दो भारतीय मछुआरे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल भारतीय मछुआरों का जाफना अस्पताल में इलाज चल रहा है। श्रीलंका के कार्यवाहक राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि सुबह डेल्फ्ट द्वीप के नजदीक 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान श्रीलंकाई नौसेना की ओर से गोलीबारी की घटना की सूचना मिली। मछली पकड़ने वाली नाव पर सवार 13 मछुआरों में से दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका इलाज जाफना टीचिंग अस्पताल में चल रहा है। तीन अन्य मछुआरों को मामूली चोटें आई हैं। उनका भी इलाज किया जा रहा है। जाफना में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने घायल मछुआरों से अस्पताल में मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने मछुआरों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की है। बयान में कहा गया है कि नई दिल्ली में श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को सुबह विदेश मंत्रालय में बुलाया गया और इस घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। कोलंबो में हमारे उच्चायोग ने भी इस मामले को श्रीलंका सरकार के विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाया है। भारत सरकार ने हमेशा मछुआरों से जुड़े मुद्दों को मानवीय और मानवीय तरीके से निपटाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। इसमें आजीविका संबंधी चिंताओं को भी ध्यान में रखा गया है। किसी भी परिस्थिति में बल का प्रयोग स्वीकार्य नहीं है। इस संबंध में दोनों सरकारों के बीच मौजूदा सहमति का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

### कराईकल से 13 मछुआरों को पकड़ा

इससे पहले पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश के कराईकल से श्रीलंकाई नौसेना ने द्वीप राष्ट्र के जल क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में 13 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। पुडुचेरी सरकार के शीर्ष अधिकारी ने बताया कि सरकार मछुआरों और उनकी मशीनीकृत नौका को छुड़वाने के लिए केंद्र से हस्तक्षेप करने की मांग करेगी। गिरफ्तार किए गए मछुआरों के नामों का पता लगाया जा रहा हैं। पुडुचेरी के मत्स्य पालन मंत्री के. लक्ष्मीनारायणन ने दावा किया कि नौका सहित मछुआरों की रिहाई के लिए सरकार विदेश मंत्री से संपर्क में है। ये मछुआरे कुछ दिन पहले मछली पकड़ने निकले थे।

## संस्कारों के साथ शिक्षा से राजस्थान बनेगा अग्रणी प्रदेशः दिया कुमारी

सरदारशहर में किया श्रीबहादुर सिंह भानकंवर आदर्श विद्या मंदिर का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

जयपुर/चूरू। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मंगलवार को जिले के सरदारशहर आई जहां उन्होंने सरदारशहर मुख्यालय पर श्रीबहादुर सिंह भानकंवर आदर्श विद्या मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, निंबाराम, बृजमोहन वर्मा, सुबोध सेठिया सहित विशिष्ट अतिथि मंचस्थ रहे। अतिथियों ने नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कर अवलोकन किया और विद्यालय भवन निर्माण करवाने वाले भामाशाह जितेंद्र सिंह शेखावत व लक्ष्मी देवी शेखावत का सम्मान किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि जनसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कार्य सराहनीय है। भामाशाहों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में किया गया कार्य प्रेरणादायी है। संस्कारों के साथ अच्छे वातावरण में शिक्षा मिलने से भावी पीढ़ी विशाल व्यक्तित्व की धनी होगी और प्रदेश हर क्षेत्र में अग्रणी बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न नवाचार किए जा रहे हैं। इसी के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। प्रदेश सरकार की मंशानुरूप सरकार व समाज के लोग मिलकर विकसित समाज, विकसित राजस्थान व विकसित भारत का संकल्प पूरा करें। हम अपनी भूमिका निभाएं व सामाजिक कल्याण के कार्यों में अपना योग दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का दूसरे बजट में शेखावाटी क्षेत्र के लिए बहुत संभावनाएं हैं। शेखावाटी क्षेत्र से बड़ी संख्या में खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए खिलाड़ियों और खेल क्षेत्र के उन्नयन के लिए भी अच्छी संभावनाएं मिलेंगी।






राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार मिलने से हमारी संस्कृति का संरक्षण होगा। बच्चों की प्रतिभाएं निखरेंगी व चरित्रयुक्त व्यक्तित्व का निर्माण होगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि हम बच्चों की प्रतिभा के अनुरूप उन्हें कैरियर का चुनाव करने दें और प्रोत्साहित करें।

मुख्य वक्ता निंबाराम ने कहा कि प्रयास करें कि बच्चों की शिक्षा मातृभाषा में हो। हम सभी संस्कारवान शिक्षा पर ध्यान दें। बच्चों को प्रोत्साहित करें और एक समृद्ध समाज का विकास करें। उन्होंने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं पर विचार व्यक्त किए। पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि हम सभी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी भागीदारी निभाएं। हमारे स्तर पर सकारात्मक प्रयास रहें और सामाजिक उत्थान के लिए किए जाने वाले प्रत्येक प्रयास में अपना समय व सहयोग सुनिश्चित करें। पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्म भूषण देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि आज के भौतिक युग में संस्कारवान शिक्षा सराहनीय है। हम सभी शिक्षा के साथ संस्कारों को जोड़ते हुए संस्कृति का संरक्षण व संवर्द्धन करें और युवा पीढ़ी को विरासत से अवगत कराएं। यह हमारी जिम्मेदारी है। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और शैक्षिक उन्नयन की बात कही। कार्यक्रम में जितेंद्र सिंह, अमरसिंह, महावीर सिंह, नरेंद्र शेखावत, विक्रम सिंह, अशोक कसेरा, सुबोध सेठिया आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, विक्रम कोटवाद, सुमेर सिंह राठौड़, विक्रम सिंह, महिपाल मकराना, महावीर सिंह शेखावत, सीताराम चौहान, जितेंद्र सिंह बाघोली, अमरवीर सिंह शेखावत, सुरेश सैनी, मोनिका सैनी, सुगंधा जैन, मीनाक्षी बरड़िया सहित अन्य मौजूद रहे। संचालन सुरेश वर्मा व अभिलाष चौहान ने किया।

## जलदाय विभाग के शीर्ष अधिकारी फील्ड में रहकर जनसुनवाई व पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का करेंगे निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर जिले में पदस्थापित जलदाय विभाग के उच्च अधिकारी जिले में पेयजल आपूर्ति को सुचारू रूप से कराने एवं आगामी ग्रीष्म ऋतु की तैयारियों के संबंध में जिले के उपखण्डों में कार्यक्रमानुसार दौरा कर पेयजल समस्याओं के संबंध में जनसुनवाई करेंगे तथा पेयजल आपूर्ति व्यवस्थाओं का फील्ड निरीक्षण तथा उनकी समीक्षा करेंगे। कार्यक्रमानुसार अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता भवानी सिंह शेखावत 29 जनवरी को अलवर शहर, 6 फरवरी को थानागाजी, 11 फरवरी को रामगढ, 17 फरवरी को भिवाडी, 25 फरवरी को खैरथल में जलदाय विभाग के संबंधित अधिशाषी अभियन्ताओं के कार्यालयों में जनसुनवाई व दौरा करेंगे। इसी प्रकार अधीक्षण अभियन्ता रमेश सैनी उपखण्ड कार्यालयों में जनसुनवाई एवं क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। सैनी 30 जनवरी को कठूमर, 31 जनवरी को राजगढ, 3 फरवरी को रैणी, 5 फरवरी को लक्ष्मणगढ व 7 फरवरी को गोविन्दगढ उपखण्ड कार्यालय में जनसुनवाई व फील्ड निरीक्षण करेंगे तथा 10 फरवरी को अलवर शहर में मनुमार्ग स्थित जलदाय विभाग के कार्यालय में जनसुनवाई करेंगे। अधीक्षण अभियन्ता एनसीआर दिनेश कुमार वर्मा भी संबंधित उपखण्ड कार्यालयों में जनसुनवाई व फील्ड निरीक्षण करेंगे। उनके द्वारा 31 जनवरी को मालाखेडा, 3 फरवरी को रामगढ, 5 फरवरी को उमरैण व 7 फरवरी को थानागाजी उपखण्ड कार्यालय में जनसुनवाई व फील्ड निरीक्षण करेंगे।

## माया सुवालका को पुनः शामिल किया राष्ट्रीय कार्यकारिणी में

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निस.)।** टोंक जिले में देवली के वार्ड 4 निवासी माया सुवालका को अखिल भारतीय जायसवाल (सर्ववर्गीय) महासभा के वरिष्ठ समाजसेवी द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारणी समिति में पुनः शामिल करते हुए राष्ट्रीय महिला महासचिव (अखिल भारतीय जायसवाल (सर्ववर्गीय) महिला महासभा) के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अखिल भारतीय जायसवाल (सर्ववर्गीय) महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकिशोर (पापा) मोदी ने दी है। उन्होंने नियुक्ति में माया सुवालका को महासभा कलचुरी समाज को सामाजिक चेतना, विकास, कल्याण एवं शक्तिशाली संगठन के रूप में उभरकर राष्ट्र की मुख्य धारा में सहभागी बनकर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

## भारत विकास परिषद् ने गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** भारत विकास परिषद् अलवर व भारत विकास परिषद् अलवर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 76 वां गणतंत्र दिवस स्वामी विवेकानंद महिला स्वावलंबन केंद्र, 10 वैशाली नगर अलवर पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रीजन संरक्षक डॉ के के गुप्ता



ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के पश्चात् विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ट्रस्ट सचिव सुरेश मेठी ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षणार्थीयों ने राष्ट्र भक्ति पर रंगारंग प्रस्तुतियां दी, केंद्र पर संचालित बाल-संस्कार के तहत प्रशिक्षण ले रहे छोटे-छोटे बच्चे जो की निम्न वर्ग के झुग्गी झोपड़ी परिवारों से आते हैं, ने बड़ी ही मनमोहक प्रस्तुतियां दी। निम्न वर्ग के महिला, पुरुष एवं बालको को वस्त्र वितरित किये गये शाखा सचिव राधेश्याम ने बताया कि कायक्रम के पश्चात् सभी प्रशिक्षणार्थियों को पारितोषिक व मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में डॉ के के गुप्ता, जिनेन्द्र जैन, प्रदीप गोयल, सुरेश मेठी, रामचद्र अग्रवाल, मनोज गोयल, प्रवीण जैन, सुनील जैन, सुरेश गुप्ता, रमन सोनी, सुरेश गोयल, अशोक गुप्ता, राधे श्याम, सुनिता बंसल, रेखा मेठी, नीना सोनी, नीना गुप्ता, साधना गुप्ता आदि ने भाग लिया।

# केंद्रीय मंत्री ने भिवाड़ी को 'स्वच्छ भिवाड़ी, हरित भिवाड़ी' बनाने की दिशा में उठाए कई महत्वपूर्ण कदम

जयपुर टाइम्स

**खैरथल तिजारा(निस.)।** केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने भिवाड़ी कि वायु गुणवत्ता को सुधारने और स्वच्छ भिवाड़ी, हरित भिवाड़ी, भव्य भिवाड़ी बनाने हेतु पूर्व में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिसके तहत मंगलवार को नगर परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक माह का विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का शुभारंभ जिला कलक्टर खैरथल-तिजारा किशोर कुमार द्वारा वार्ड नंबर 01 में जीएसटी कार्यालय के सामने से प्रातः 8 बजे फीता काटकर किया गया। जिला कलेक्टर स्वयं ने सड़क पर झाड़ू लगाकर आमजन को दिया सफाई का संदेश तथा इस अभियान को सफल बनाने में आमजन की भागीदारी की अपील भी की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने भिवाड़ी को स्वच्छ भिवाड़ी, हरित भिवाड़ी, भव्य भिवाड़ी बनाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि सफाई केवल एक दिन या एक माह का अभियान नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो हमारे जीवन और समाज की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। हमें यह समझना होगा कि स्वच्छता केवल नगर परिषद या सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हम सभी नागरिकों की समान जिम्मेदारी है। पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने नागरिकों से अपील कि वे सफाई को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सड़क पर कचरा न फेंकें, पॉलिथीन का प्रयोग बंद करें और कचरे का सही प्रबंधन करें। हमें बच्चों और युवाओं को इस दिशा में प्रेरित करना चाहिए, क्योंकि वे हमारे समाज के भविष्य





हैं। यह अभियान तभी सफल होगा जब हम सभी मिलकर इसे एक आंदोलन का रूप देंगे। इस विशेष अभियान के तहत नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में सफाई कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला कलेक्टर ने इस अभियान का प्रभारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद भिवाड़ी मुकेश कुमार को बनाया तथा सह प्रभारी सहायक अभियंता अंकित श्रीवास्तव को नियुक्त किया। उन्होंने इस अभियान हेतु 4 टास्क फोर्स का गठन कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ के सभी कर्मचारियों को वार्डों की सफाई के लिए तैनात किया है। प्रत्येक टास्क फोर्स में नौ कर्मचारियों को लगाया गया है। सफाई कार्य में कचरा प्वाइंट्स, मुख्य सड़कों और नालियों की विशेष सफाई की जाएगी। प्रत्येक सफाई कर्मी को अपने अपने वार्ड क्षेत्र में सफाई के लिए रूट चार्ट के अनुसार साफ सफाई करने के निर्देश दिए। कनिष्ठ अभियंता के पर्यवेक्षण में टास्क फोर्स द्वारा प्रतिदिन सफाई अभियान संचालित किया जाएगा। सफाई कार्य पूर्ण होने के बाद फोटो लोकेशन के साथ कार्य की रिपोर्ट ग्रुप में साझा करने की जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है, साथ ही प्रत्येक वार्ड में सफाई की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें। यह अभियान 28 फरवरी 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य भिवाड़ी को स्वच्छ भिवाड़ी, हरित भिवाड़ी एवं भव्य भिवाड़ी बनाना तथा स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट स्थान दिलाना है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अश्विन के पंवार, भूमि अधिग्रहण अधिकारी बीडा कपिल कुमार यादव, उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लाखन सिंह गुर्जर, नगर परिषद आयुक्त मुकेश कुमार, सहायक अभियंता नगर परिषद अंकित श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



## खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैंप में 72 लाइसेंस किये जारी

जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निस.)।** राजस्थान सरकार द्वारा खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट के निर्देशन में संत कंवरराम हरि मंदिर मुख्य बाजार किशनगढ़ बास पर रजिस्ट्रेशन कैंप लगाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि जिसमें कुल 72 आवेदन आए जिससे करीब 25000/- रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा तुरंत आए आवेदन को स्वीकार कर लाइसेंस जारी किया। आवेदन करने वालों में दूध विक्रेता सब्जी विक्रता रेस्टोरेंट में ढाबे वाले किराना स्टोर वाले चार्ट ठेले वाले थे। मौके पर खाद्य कारोबार करता को साफ सफाई एवं एफएसएसएआई 2006 के नियम करने के निर्देश दिए गए और फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया द्वारा खाद्य कारोबार कर्ता द्वारा की जाने वाली घोषणा का पोस्टर विमोचन भी किया गया। खाद्य लाइसेंस कैंप में व्यापार संघ से मदनलाल अध्यक्ष, रतनलाल, जगदीश, नरेंद्र कुमार, सुल्तान सिंह, भीम सिंह यादव, महिपाल सिंह, सुभाष सिंह योगेश मौजूद रहे।

# पुलिस अधिकारियों ने किया 11 बेटियों का कन्यादान,चरण धोकर मांगा आशीर्वाद

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** अलवर के रिवाज रिसोर्ट में उस समय वातावरण भाव-विभोर कर देने वाला हो गया जब पुलिस अधिकारियों ने 11 बेटियों का कन्यादान किया और उनके चरण धोकर तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट, खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट और नमस्ते गुरुजी फाउंडेशन के सहयोग से कन्यादान कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) डॉ. तेजपाल सिंह, पुलिस उपाधीक्षक सिटी अंगद शर्मा, उपाधीक्षक डा. पूनम चौहान तथा यातायात प्रभारी हरिओम मीणा ने 11 बेटियों का कन्यादान किया नेक कमाई की ओर से संरक्षक दौलत राम हजरती कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने संस्था के कन्यादान कार्यक्रम की जानकारी दी और अतिथियों का स्वागत किया स्वागत करने वालों में प्रोफेसर जी. डी. मेहंदीरता, सोनिका अरोड़ा, कमला यादव, प्रतिभा सिंह, राहुल खंडेलवाल टिल्लू, ललित बेनीवाल, गुरुप्रीत सिंह पवित्र, निशा शर्मा,





सुशील गुप्ता, सुरेश हुंडीवाल, जितेन्द्र खुराना, सुरेश तनेजा, प्रमोद मलिक, जीडी मेहंदीरता, ललित बेनीवाल, प्रेम गांधी, डा. निशा शर्मा, राजेन्द्र आहूजा आदि थे।

**बेटियां हुई भाव-विभोर**

जब समाज के गणमान्य लोग और पुलिस अधिकारियों ने दुल्हनों की आरती की ओर उनके चरण धोए तो वे भाव- विभोर हो गई। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक डा. पूनम चौहान स्वयं दुल्हनों को कार्यक्रम स्थल तक संगीत की ध्वनी के साथ लेकर आई। इस अवसर पर कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने कन्यादान किया। जिनमें सहयोग संस्था, प्रगतिशील महिला समिति, निशा होम केअर आदि थे।

**अलवर में अनोखा नवाचार**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) डॉ. तेजपाल सिंह ने कहा कि अलवर में नेक कमाई फाउंडेशन का यह समाज के प्रति कर्तव्य का अनोखा कार्यक्रम है जो इस परिवेश में कर्तव्य बोध कराता है। समाज का एक अच्छा संदेश इस मुहिम से जा रहा है जिसकी पहचान पूरे प्रदेश में है। संरक्षक दौलत राम हजरती ने कहा कि हम महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के बहुत से कार्यक्रम कर रहे हैं।

**समाजसेवियों का किया सम्मान**

संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि इस अवसर पर समाजसेवी ललित बेनीवाल, बिंदू कपूर के नेतृत्व में कार्य करने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों सहित पूजा गुप्ता, शची आर्य, अंजली चौधरी, डा. निशा शर्मा, कमला यादव, ज्योति सेतिया, नमस्ते गुरुजी फाउंडेशन, कुमकुम महावर, पत्रकार ज्योति शर्मा, पायल सैनी, भगवान गुप्ता, तुलसा देवी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्वयं सहायता समूह नगर निगम ने अपने उत्पाद की स्टॉल भी लगाई जिन्हें खूब पसंद किया गया। कार्यक्रम के अंत में सोनिका अरोड़ा और प्रवीन बत्रा ने आभार जताया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर सचिव ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण, कही सही स्थिति मिली तो कहीं मिली कमियां - सुधार के लिए दिए दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर।(निस.)** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान के मुताबिक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) हरेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर सचिव मोहनलाल सोनी द्वारा रेलवे स्टेशन रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों में मौके पर अनेक सुविधाओं में सुधार मिला लेकिन अनेक कमियां भी मिली। जिसे प्रबंधक ने सचिव सोनी को बताई। सुविधाएं मिली जिसमें रैन बसेरों में गर्म पानी के लिए गीजर पाए गए, महिला व पुरूष के लिए रहने की पृथक-पृथक व्यवस्था पाई गई, पीने के पानी के लिए कैंपर्स की व्यवस्था जैसी अनेक सुविधाएं मिली। इसके साथ ही अनेक कमियां भी थी, जिसे निरीक्षण के दौरान रैन बसेरा के प्रबंधक द्वारा बताया गया। प्रबंधक ने बताया कि रैन बसेरे में प्राथमिक स्वास्थ्य किट नहीं है तथा रैन बसेरे के निरीक्षण रजिस्टर की जांच करने पर पाया गया कि चिकित्सकीय जांच नियमित रूप से नहीं हो रही है और नर्सिंगकर्मी द्वारा केवल साईन करके खानापूर्ति की जा रही है, रैन बसेरों में आश्रय करने वालों की जांच एवं दवाइयां उपलब्ध नहीं करायी जाती है। रैन बसेरे के प्रबंधक द्वारा बताया गया कि रैन बसेरे में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था नहीं है तथा पुलिस द्वारा सुरक्षा गार्ड उपलब्ध नहीं कराए जाने के संबंध में बताया गया, जिस कारण अनेक बार शराबी एवं अन्य शरारती तत्वों द्वारा रैन बसेरे में रिहायश करने वालों को अनावश्यक परेशान किया जाता है। उक्त संबंध में रैन बसेरे के प्रबंधक द्वारा सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था करवाने हेतु निवेदन किया गया। निरीक्षण के दौरान शौचालयों की नियमित सफाई नहीं होना पाया गया तथा शौचालय में पानी जमा होने से शौचालय का नाला अवरूद्ध हो जाता है और काफी प्रयास करने पर भी वह





खुल नहीं रहा है व गंदा पानी जमा हो जाता है, जिस पर श्री सोनी द्वारा आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। मौके पर रैन बसेरें में संचालित अन्नपूर्णा रसोई का अवलोकन करने पर भोजन की गुणवत्ता को देखा गया जो कि संतोषजनक पाई गई। साथ ही रैन बसेरे में आने वाले प्रत्येक आगंतुको को भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान तकिए, रजाई कवर की नियमित धुलाई नहीं होना पाया गया। सभी कमियों को सुनकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सोनी द्वारा मौके पर ही आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। मौके पर यह भी बताया गया कि एक महिला द्वारा रैन बसेरे में नहीं रूकना, जिस पर सोनी द्वारा रैन बसेरा प्रबंधक को रैन बसेरे में रात्रि आश्रय उपलब्ध कराने के दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर रैन बसेरे में नालसा टोल फ्री हेल्पलाईन नं. 15100 के पोस्टर लगे हुए पाए गए। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित लोगों को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### किया केन्द्रीय कारागृह अलवर का भी निरीक्षण

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अलवर हरेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार मंगलवार को केन्द्रीय कारागृह अलवर का भी औचक निरीक्षण किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर मोहन लाल सोनी द्वारा बताया कि निरीक्षण के दौरान कुल 931 बंदी निरूद्ध पाए गए, जिनमें से 596 विचाराधीन बंदी एवं 314 सजाया ता बंदी तथा 21 महिला बंदीजन उपस्थित पाए गए। सोनी द्वारा कारागृह के वार्डों का निरीक्षण कर कारागृह में निरूद्ध बंदियों से वार्ता कर उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में नालसा, नई दिल्ली द्वारा लागू की गई लीगल एड डिफेंस काउंसिल की स्कीम के बारे में विस्तार से बताया गया। निरीक्षण के दौरान जेलर रविन्द्र उपाध्याय द्वारा बताया गया कि कारागृह में सामान्यतः 1100 से अधिक बंदी निरूद्ध रहते हैं जबकि खैरथल-तिजारा एवं कोटपूतली-बहरोड़ नए जिले गठित होने के बाद अलवर जिले से बंदीयों को नए जिलों में भिजवाने तथा गंभीर रूप से बीमारी से ग्रस्त बंदियों को गार्ड उपलब्ध नहीं होने के बारे में बताया गया। इसके साथ ही डिटेंशन सेंटर वाले पुरूष एवं महिलाओं को लंबे समय से पुनर्वास के आदेश प्राप्त नहीं होना बताया। साथ ही कारागृह में निर्धारित पदों के अधिकारी व कर्मचारी के नियुक्त नहीं होने के संबंध में समस्या से अवगत करवाया गया।



# रक्तदान सबसे बड़ा दान है -मंत्री शर्मा

## श्री सर्राफा व्यापार समिति ने लगाया रक्तदान शिविर, महिलाओं ने भी दिखाया नारी शक्ति का जज्बा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** श्री सर्राफा व्यापार समिति द्वारा मंगलवार को 8वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री अग्रवाल महासभा अग्रसेन मार्ग पर किया गया। जिसमें प्रातः 9 से दोपहर 3 बजे तक समस्त सर्राफा व्यापारियों की उपस्थिति रही।

अध्यक्ष दीपक गर्ग, मंत्री रमेश चंद्र गोयल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शहर विधायक एवं राजस्थान के राज्य मंत्री संजय शर्मा के द्वारा की गई। मंत्री शर्मा ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इस दान से जहां किसी के जीवन को बचाने में बड़ी मदद मिलती है। यहीं महादान है। कार्यक्रम में आमजन ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में 92 डोनर का रजिस्ट्रेशन किया गया तथा 72 डोनर ने रक्तदान किया। जिसमें 34 यूनिट रक्त रोटरी ब्लड बैंक को एवं 38 यूनिट सेठ माखनलाल चैरिटेबल ट्रस्ट को दिया गया। शिविर में अलवर सिटी सीओ अंगद शर्मा ने भी रक्तदान किया। ट्रैफिक इंचार्ज हरिओम भी शिविर में उपस्थित रहे। शिविर में पांच महिलाओं ने भी रक्तदान कर नारी शक्ति का हौंसला दिखाते हुए रक्तदान किया। शिविर के संयोजक राजकुमार खंडेलवाल एवं सहसंयोजक दिनेश सोनी रहे।

इस मौके पर अध्यक्ष दीपक गर्ग, मंत्री रमेश चंद्र गोयल, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष जगदीश पाटोदिया, कोषाध्यक्ष कुलभूषण खंडेलवाल, उप सचिव गुलाबचंद गुप्ता, कमलेश रावत, महेंद्र अमेरिया, अमित गुप्ता, मनीष गुप्ता, राजीव गुप्ता, जगदीश सिंगल, दिनेश खंडेलवाल, राजेश खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण खंडेलवाल एवं रमेश चंद सिंघल रोटरी क्लब अध्यक्ष दीपक कट्टा सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन मौजूद रहे।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
29 जनवरी, 2025

# बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध करायें, विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करें - जिला कलक्टर

## जिला कलक्टर ने विकास कार्यों, चिकित्सा एवं शिक्षण संस्थानों का किया औचक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस.)।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने मंगलवार को जिले में प्रगतिरत विभिन्न विकास कार्यों, शिक्षण संस्थानों व चिकित्सा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने व आमजन को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये प्राथमिकता से कार्य करने को कहा।

### जनता क्लीनिक में देखी स्वास्थ्य व्यवस्थायें

जिला कलक्टर ने गोपालपुरा रोड़ स्थित जनता क्लीनिक का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, निःशुल्क दवा योजना, निःशुल्क जांच योजना, मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु कार्य योजना, साफ-सफाई, कार्मिकों की उपस्थिति, विभाग से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने साफ सफाई का जायजा लेते हुये नियमित सफाई एवं मौसमी बीमारियों को फैलने से रोकने के उपायों को अपनाने के निर्देश दिये। उन्होंने दवा भंडार का जायजा लेकर पर्याप्त दवा भंडार सुनिश्चित करने, क्लीनिक भवन पर नेम बोर्ड लगवाने व मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने सहित राज्य सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बारे में आमजन को लाभान्वित व जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने क्लीनिक में आये मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के



निर्देश दिये।

### आंगनबाड़ी व प्राथमिक विद्यालय में जांचा शिक्षा का स्तर

जिला कलक्टर ने आंगनबाड़ी उपली कोठी एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय कांवरनगर का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था के स्तर को जांचा एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किये।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक बैठाकर मिड डे मील वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए मिड डे मील में सप्लाई होने वाले गेंहू, चावल, मसाले, मील का लेखा संधारण, भोजन मेन्यू की जानकारी प्राप्त कर रसोई में नियमित रूप से साफ-सफाई का ध्यान रखते हुये मिड डे मील तैयार कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन देने के निर्देश दिये। जिससे बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास बेहतर तरीके से हो सके। उन्होंने बच्चों का शैक्षणिक स्तर परखने के लिये बच्चों से संवाद कर अध्यापकों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये। साथ ही संस्थान में बैठक, पेयजल, एवं शौचालय व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए एवं उपस्थिति पंजिका, चार्ट व अन्य रजिस्टरों की गहनता से जांच की।

### स्टेडियम का कार्य शीघ्र पुनः प्रारंभ करने के दिए निर्देश

जिला कलक्टर ने खरकड़ी में निर्माणाधीन खेल स्टेडियम का निरीक्षण कर अतिक्रमण को तुरंत हटाकर निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ करने के निर्देश नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट को दिये। उन्होंने खेल स्टेडियम में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा कर स्टेडियम का निर्माण गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करने को कहा। जिससे जिले के बच्चों को बेहतर खेल सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

उन्होंने भौजावास में बनाए गए एफएसटीपी (फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) का निरीक्षण कर संयंत्र द्वारा प्राप्त होने वाली सुविधाओं का जायजा लिया व विद्युत विभाग से समन्वय कर बिजली कनेक्शन लेते हुए शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। जिससे सीवरेज ट्रीटमेंट बेहतर किया जा सके एवं क्षेत्र को साफ व स्वच्छ रखने में मदद मिल सके। इस दौरान एसडीएम बृजेश कुमार, बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर, नगर परिषद एक्सईएन दीपक मीणा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# परीक्षा शुरू होने से 20 मिनट पूर्व बंद हो जाएगी एंट्री, कन्या महाविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस.) चौमूं** शहर के मोरीजा रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक स्तर के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 जनवरी से प्रारंभ होगी। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. कविता गौतम ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत बी.ए, बीएससी, व बीकॉम के सेमेस्टर प्रथम एवं तृतीय नियमित विद्यार्थियों की परीक्षाएं 29 जनवरी से तीन पारियों में आयोजित होंगी। प्रथम पारी प्रातः 7 से 10 बजे तक बी.ए., बी.एससी सेमेस्टर तृतीय तथा द्वितीय पारी 11 से 2 बजे तक बी.ए., बी.एससी व बी.कॉम प्रथम व तृतीय सेमेस्टर एवं तृतीय पारी दोपहर 3 से 6 बजे तक बी.ए. बी.एससी व बी.कॉम सेमेस्टर प्रथम की परीक्षाएं होंगी। परीक्षा शुरू होने से 20 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का द्वार बंद हो जाएगा।

**अवांछनीय सामग्री पर रहेगी पाबंदी**

प्रो. गौतम ने बताया कि परीक्षार्थियों को अपने प्रवेश पत्र की दो कॉपी डाउनलोड. कर, अपने परिचय पत्र (आईडी) के साथ परीक्षा केन्द्र में 20 मिनट पहले प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। 20 मिनट के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति किसी को नहीं होगी। परीक्षार्थी बैग, मोबाइल, स्मार्ट वॉच या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा अवांछनीय सामग्री परीक्षा केन्द्र में साथ न लाएं।

# लोहरवाड़ा ग्राम पंचायत के भामाशाहों द्वारा लड़ेसर किट वितरण का कार्यक्रम का आयोजन हुआ

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस.)।** ग्राम पंचायत लोहरवाड़ा के स्थित भामाशाहों के द्वारा लड़ेसर किट वितरण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा वितरण किया गया । कलेक्टर के द्वारा लाडेसर किट वितरण कार्यक्रम की श्रृंखला में गोविंदगढ़ के स्थित महीला बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा




शर्मा के तत्वावधान में आज लोहरवाड़ा पंचायत में सरपंच मनोहर लाल , पूर्व सरपंच जगदीश प्रसाद यादव , डाक्टर मुकेश यादव , आयुर्वेदिक डाक्टर अचला सैनी , ए एन एम कमला कुमावत , प्रिंसिपल गुड़ी जाट , अंतपुरा चिमनपुरा पंचायत में ए एन एम सुनीता चौधरी द्वारा भामाशाह से प्राप्त लाडेसर किट का वितरण किया गया है। एक किट का वजन 3.250 ग्राम है अतिकुपोषित और कुपोषित बच्चों को दिया जाएगा तीन माह तक और बच्चों की वजन लंबाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा । भामाशाह पूर्व सरपंच जगदीश प्रसाद यादव द्वारा बच्चों को 40 स्वेटर दिए गए हैं उपसरपंच गिरधारी यादव द्वारा साउंड सिस्टम दिया गया है भामाशाह बाबूलाल द्वारा बच्चों को लाडेसर किट दिए गए हैं अंतपुरा चिमनपुरा लोहरवाड़ा पंचायत में 10 महिलाओं की गोद भराई कराई गई है अंतपुरा चिमनपुरा पंचायत का स्कूल स्टाफ मौजूद रहा अंतपुरा चिमनपुरा लोहरवाड़ा पंचायत की कार्यकर्ता सहायिका आशा सहयोगिनी और ग्राम वासी मौजूद रहे।

# बस स्टैंड व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल सोगानी ने फहराया तिरंगा

जयपुर टाइम्स

**नरैना (निसं)।** कस्बे में विभिन्न स्थानों पर गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बस स्टैंड पर बस स्टैंड व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल सोगानी ने पहली बार बस स्टैंड पर तिरंगा फहराया व एक निजी



विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्र गान गाया। राष्ट्र गान के पश्चात मिठाई वितरण किया गया। इस दौरान ओमप्रकाश अग्रवाल, पवन सोनी, राहुल पारीक, विनोद कुमार जैन, राजकुमार चौधरी, मोईनुद्दीन देशवाली, जावेद भाटी, जितेन्द्र लाटा, राधेश्याम चौधरी, सत्यनारायण गुर्जर, सुरेश साहु,रजत सैनी, महेश मिश्रा, अशोक गुर्जर, विनोद गवारिया, इमरान लुहार, रामस्वरूप वर्मा, विजय नामा, ललित माली, इकबाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन, 893 मरीज लाभान्वित

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस.)।** निकटवर्ती ग्राम राजनौता स्थित सीएचसी पर नोडल अधिकारी बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में मंगलवार को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर एवं प्रभारी अधिकारी डॉ. राहुल शर्मा ने शिविर का निरीक्षण कर मरीजों एवं परिजनों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में 1937 जनसहभागियों की उपस्थिति एवं 893 मरीजों की ओपीडी रही। मरीजों को विषय विशेषज्ञों द्वारा दन्त रोग, नेत्र रोग, मेडिसन आदि सेवायें दी गई। बीपीएम विजय तिवाड़ी ने बताया कि शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का टीकाकरण, असंक्रामक रोग यथा डायबिटीज, हाईपरटेंशन, कॉमन कैंसर, टीबी, अंधता रोगी की स्क्रीनिंग, ईसीजी सहित 37 प्रकार की निःशुल्क जांच कर उपचार किया गया।

# पुणे के व्यवसायी नरपत भारती कि उदारता, गरीब कन्या कि धूमधाम से रचाई शादी

जयपुर टाइम्स

**नागौर(निस.)।** 25 जनवरी, 2025 को 76 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गाँव खारी कर्म सोता के नारायण भारती के सुपुत्र भामाशाह व्यवसायी नरपत भारती ने सामाजिक सरोकार का उदाहरण पेश किया। आपको बतादे कि भारती परिवार ने असहाय कन्या की शादी कि है, कन्या का परिवार आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा था। यह दिल छू लेने वाला कार्य समुदाय के कई लोगों के दिलों को छू गया है, यह दर्शाता है कि प्रेम और मानवता सामाजिक वर्गों के बीच की खाई को कैसे पाट सकते हैं। भारती परिवार ने अपने निस्वार्थ कार्य के साथ न केवल लड़की कि शादी कि है, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता कि है,और दयालुता के महत्व का एक मजबूत संदेश भी दिया। है. बिशनाराम राणा खारी कर्म सोता कि पुत्री के विवाह का पूरा खर्चा नरपत भारती द्वारा उठाया गया।

शादी में किसी विशिष्ट उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया.. कन्या ने भारती परिवार का आभार अपने आंसूओ से जताया । इस दौरान शुभ अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिक नारायण भारती नरसीपुरी प्रहलाद पुरी खियां पूरी जगदीश पुरी ओम पुरी महादेव पूरी सुनील पुरी कृष्ण पुरी धनराज पुरी गोवर्धन सुथार रूगारम जाखड़ बंटी सिंह सरपंच सिंगड डॉक्टर मरुधर बागडिया मूलाराम फौजी सुमैर प्रजापत डूंगराम भारती डाक्टर लेख राम भाटी आदि उपस्थित रहे।



भामाशाह नरपत भारती

# आलीसर के स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ

जयपुर टाइम्स

**चौमूं (निस.)** ग्राम पंचायत आलीसर के स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में वार्षिक उत्सव मनाया गया । इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रधानाचार्य मनोज कुमार अटल की अध्यक्षता एवं पंचायत समिति सदस्य एवं कालाडेरा के भाजपा मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव के मुख्य आतिथ्य में बड़ा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा राजस्थानी लोकगीतों एवं देशभक्ति गीतों के पर रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विद्यालय की शैक्षिक एवं सहशैक्षिक क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र,मोमेंटो एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। स्थानीय विद्यालय की बोर्ड परीक्षा में 90त्न से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले पांच विद्यार्थियों को पीसी टेबलेट भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय



परिसर में पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव के प्रयासों से300000 की राशि से स्वीकृत सामुदायिक शौचालय का शिलान्यास किया गया। प्रधानाचार्य महोदय ने बोर्ड परीक्षा में 90% से ऊपर अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को हवाई यात्रा करवाने की घोषणा के साथ अभिभावकों से अधिक से अधिक बच्चों को सरकारी विद्यालय से जोड़ने का आह्वान किया। विद्यालय स्टाफ की तरफ से सभी विद्यार्थियों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार यादव , जगन्नाथ प्रसाद शर्मा , कमल कुमार बुनकर , पवन कुमार पिलो दिया , राजेंद्र प्रसाद यादव , मालीराम मीणा , कैलाश चंद कुमावत , राजेंद्र खडोतिया , भगवान सहाय यादव , आत्माराम सैन, साधुराम बागड़ा, पूर्व सरपंच नानूराम बुनकर, मदनलाल बागड़ा, सहित शिक्षक गण में व्याख्याता अनिल कुमार जैन , रिटायर शिक्षाविद श्री राम गोयल , वरिष्ठ अध्यापक अशोक कुमार , सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

# स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपतराय की जयंती पर किया वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**चौमू(निस.)।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौमू स्थित राजस्थान पेंशन मंच उप शाखा चौमू के वरिष्ठ नागरिकों का स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपतराय जी की जयंती पर विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी एवं पदाधिकारीयो ने दुपट्टा, ऊनी मफलर एवं स्वतंत्रता सेनानियों का प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रदेश संरक्षक पंडित सांवरमल शास्त्री एवं डॉ ओमप्रकाश शर्मा ने लाला लाजपतराय जी की जीवनी पर प्रकाश डाला द्य इस दौरान पेंशन मंच के अध्यक्ष राधेश्याम यादव, रामपाल कुमावत, सीताराम बुनकर, राजेंद्र प्रसाद काला, भैरव लाल यादव, सुशीला देवी, रामविलास शर्मा, मदनलाल शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, नरेंद्र कुमार सोलंकी, ब्रजराज कंवर, रामधन पारीक का सम्मान किया गया। इस बनवारी लाल शर्मा, ओमप्रकाश रीडर, कैप्टन श्रीराम शर्मा, सत्यप्रकाश पारीक, कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत आदि लोग उपस्थित थे।




# गायत्री ज्योति कलश यात्रा का चाकसू की ग्राम पंचायत में भव्य स्वागत किया ,शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में निकाली जा रही यात्रा

जयपुर टाईम्स

**चाकसू- (निस.)** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में विश्व में शांति के उद्देश्य से निकाली जा रही गायत्री ज्योति कलश यात्रा का चाकसू की विभिन्न ग्राम पंचायत में भव्य स्वागत किया। गायत्री परिवार के गोपाल गोस्वामी ने बताया कि चाकसू क्षेत्र में गायत्री परिवार प्रमुख संतोष खंडेलवाल के निर्देशन में देहलाला टिकरिया गुजरान, कोटखावदा गरुड़वासी, कंवरपुरा, छांदेल, बापूगांव निमोडिया, आकोडीया, खाजलपुरा पदमपुरा, शिवदासपुरा, चंदलाई, तीतरीया, कुमारियावास, भोज्यडा तामाडिया, माधोसिंहपुरा, लसाडिया, शीतला माता आदि ग्राम पंचायत में भव्य स्वागत किया गया। चाकसू में ज्योतिबा फुले सर्किल पर भाजपा वरिष्ठ नेता अंबालाल यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत हुआ। रथ यात्रा हॉस्पिटल चौराहा, गोस्वामी स्कूल, इंदिरा बाजार, अम्बेडकर सर्किल होते हुए गणेशपुरी धाम बगीची पहुंची। वहीं मध्यान्ह 3 से 5 बजे सलोनी पार्लर के सामने भव्य दीप यज्ञ किया गया। इसमें गायत्री शक्ति पीठ के बृजेश रावत,रणवीर चौधरी,रघुवीर यादव,साधना रावत, ओम प्रकाश अग्रवाल,संतोष गुप्ता,गायत्री देवी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मोहनलाल शर्मा,गोपाल गोस्वामी,रामबाबू खंडेलवाल,बलराम शर्मा,लालचंद सैन,कालूराम गुर्जर,आदि उपस्थित रहे। अंत में गायत्री परिवार के सभी भक्तों की गणेश पूरी बगीची में पंगत प्रसादी की गई।




# बलाई विकास समिति जयपुर एवं चारणवास धोबलाई के समाज बंधुओ के सहयोग से एजुकेशनल मोटिवेशनल सेमिनार का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस.)।** शहर चारणवास धोबलाई ग्राम पंचायत में बलाई विकास समिति जयपुर (मुख्यालय-चौमूं) एवं ग्राम चारणवास धोबलाई के समाज बंधुओ के सहयोग से समाज के छात्र-छात्राओं का एजुकेशनल मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन हुआ।सेमिनार में मुख्य आकर्षण राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूं के प्रोफेसर डॉ. सुरेश कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (बिजनेस) डॉ. लालचंद कायल, आरजेएस हर्षल वर्मा एवं एसबीआई सेवानिवृत्त प्रबंधक रामगोपाल छापोला, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. लोकेश वर्मा, यूको बैंक के सेवानिवृत्त रणमल चौहान, कंवरपुरा सरपंच सुमन वर्मा, नांगल कला पूर्व सरपंच मोहनलाल बुनकर, समिति के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट धर्मेंद्र कुमार घसिया, पूर्व अध्यक्ष पीसी बलाई रहे। डॉ. सुरेश वर्मा ने कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूक होने की बात कही। उन्होंने कहा कि मैं 42 बार रिकॉर्ड नेट व जे.आर.एफ (रसायन विज्ञान) परीक्षा उत्तीर्ण करने व उसमें भी 15 बार से अधिक ऑल इंडिया में प्रथम स्थान प्राप्त कर गिनीज बुक ऑफ़ वर्ड में नाम दर्ज किया है। डॉ. वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को कहा कि चाहे कैसा ही माहौल हो उसमें अपने आपको साबित करना सीखों। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. कायल ने अपने जीवन में सफलता की सीढी तक पहुंचने के सफर को साझाकर विद्यार्थियों को सबलन दिया। साथ ही कानूनी सलाह देते हुए सीकर में स्थित समाज की छात्रावास में विद्यार्थियों की रहने की निशुल्क व्यवस्था है। आरजेएस हर्षल वर्मा ने अपनी सफलता के लिए कैसे मेहनत की उसके बारे में सभी के समक्ष साझा किया। समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार व महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि धोबलाई चारणवास में समिति एवं ग्रामीण जनों द्वारा यह पहला मोटिवेशनल एजुकेशनल सेमिनार आयोजित हुआ है। अन्य गांवों में भी समिति एवं ग्रामीण जनों के सहयोग से मोटिवेशनल एजुकेशनल सेमिनार आयोजित कर क्षेत्र आसपास के बच्चों को लाभान्वित करवाया जाएगा। मंच संचालन करते हुए प्रधानाचार्य राजकुमार इन्द्रेश ने समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार से निवेदन किया कि यदि कोई अनाथ बालक व बालिका अध्ययन करना चाहे तो समिति के माध्यम से आवेदन करे। उसके अध्ययन का संपूर्ण खर्च (फीस, बुक्स ) मैं स्वयं अपने माताजी पिताजी की स्मृति में बनी संस्था से दूंगा। बलाई विकास समिति जयपुर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उठाये गए कदम की सभी समाजबंधुओं ने सराहना की। इस दौरान समिति के कोषाध्यक्ष घनश्याम कान्देल, उपाध्यक्ष नाथूलाल बराला, कालूराम सामरिया, एडवोकेट राधेश्याम बुनकर, राजपाल सिंह नारनोलिया, सचिव मूलचंद बॉयला, प्रहलाद राय जाटावत, संगठन सचिव कैलाशचंद कालोया, मुकेश कुमार कालोया, गोपीराम मेहरड़ा, हरिनारायण मरोडिया, नरेश कुमार रोजडा, कार्यकारिणी सदस्य घीसालाल बबेरवाल, गोपाल लाल देवठिया, कैलाशचंद लाखीवाल, पूरणमल बबेरवाल, नरेश बुनकर, महेंद्र कुमार बाणियां, ईश्वर बुनकर, रामचंद्र पडियार, रूडमल कालोया सहित सैकड़ो समाज बंधु मौजूद थे।



## संपादकीय .....

# दिल्ली चुनाव में महिला वोटरों की उदासीनता, फ्रीबीज के खिलाफ आधी आबादी

अरविंद केजरीवाल ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एक बार फिर फ्रीबीज की झड़ी लगाई है। कितने सफल होंगे ये तो आने वाला समय ही तय करेगा। पर, अब इतना जरूर है, लोग फ्री की सौगातों से ऊबने लगे है। श्रमबल को तरजीह देने वाली आधी आबादी, भी अब मुफ्त की चुनावी रेबड़ियों पर ध्यान नहीं देगी। इसी कारण जारी दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार में महिला वोटरों की उदासीनता बड़े पैमाने पर दिखने लगी है। पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के कूदे कुल 699 उम्मीदवारों में 96 महिला कैंडिडेट भी हैं। पर, वैसा उत्साह नहीं दिखता, जितना पिछले चुनावों में दिखा था। जबकि, प्रमुख दल आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस तीनों महिला वोटरों को रिझाने में मुफत के वादों की झड़ी लगाए हुए हैं। कोई 2100 रूपए देने का वादा कर रहा है तो 2500 और 3000 तक भी? फ्री बस सेवा सभी के एजेंड़ों में हैं। अब, सवाल यहां ये उठता है, इतनेलुभावने वादों के बाद भी महिला वोटरों में उत्साह क्यों नहीं है? इस डरावनी तस्वीर से न सिर्फ सफेदपोश परेशान हैं, बल्कि चुनाव आयोग भी चिंतित है। चुनावी समर में लगातार तेजी से गिरता वोटिग प्रतिशत चुनावी प्रक्रिया के अलावा लोकतंत्र के लिए भी घातक है। जबकि, बीते 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में महिलाओं का वोटिंग स्कोर पुरुषों के मुकाबले अधिक था।

शायद, महिलाएं भी अब समझ चुकी हैं कि फ्री के नाम पर राजनीतिक दल उन्हें वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने लगे हैं? महिलाएं बुनियादी मुद्दों की गंभीरताओं को अच्छे से समझती हैं। राज्य तरक्की करे उसमें उनकी भागीदारी हो, को ध्यान में रखकर ज्यादातर महिलाएं मुफ्त की रेवड़ियां से तौबा करना शुरू कर दिया है। इस संबंध में एक ताजा और बेहतरीन उदाहरण सामने है। पिछले विधानसभा चुनाव में बिहार में जब नीतीश कुमार ने शराब बंदी का ऐलान करके चुनाव लड़ा, तो महिलाओं ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया और उन्हें सत्ता पर बैठा दिया। देश और सामाजिक उद्धार वाले मुद्दों के प्रति महिलाएं कितनी सजग हैं, इससे खूबशूरत उदाहरण दूसरा कोई नहीं हो सकता। केंद्रीय स्तर पर जब से आत्मनिर्भरता की अलख चहुंओर जगी है। तब, से महिलाएं भी श्रमबल को ज्यादा तवज्जो देनी लगी हैं। ये अच्छी बात है, इससे राजनीतिक दल अपनी हरकतों से बाज आएंगे। शायद यही कारण है दिल्ली में महिलाओं की चुनाव के प्रति उदासीनता है। क्योंकि, सभी दल मुद्दों-समस्याओं को छोड़कर फ्री की सेल लगाकर बैठे हैं। ऐसे दलों का पुरजोर विरोध होना ही चाहिए। विरोध से ही सरकारें टैक्सपेयर्स का पैसा बर्बाद करने से पीछे हटेंगी। महिलाओं की उदासीनता के बूते ही दिल्ली चुनाव इस बार नई तस्वीर पेश करेगा। मौजूदा सरकार की शराब पॉलिसी को लेकर महिलाएं खासी नाराज हैं। सरकार की नई शराब नीति में 'एक पर एक फ्री बोतल' पॉलिसी ने कईयों के घर बर्बाद कर दिए। जो नहीं पीता था, वो भी फ्री के चक्कर में पीने लगा। मौजूदा सरकार अगर सत्ता से बेदखल होती है, तो शराब ऑफर उसका मुख्य कारण होगा। वैसे, कम होती वोटिंग विधा की तल्ख सच्चाई से चुनाव और सियासी दल अच्छे से वाकिफ हैं।

# चीनी एप "डीपसीक" ने एआई की दुनिया में मचाया तहलका




चीन आर्थिक, सैन्य और तकनीक के क्षेत्र में बादशाहत हासिल करके दुनिया का बॉस बनना चाहता है यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है। चीन अपने लक्ष्य तय कर उसे हासिल करने के लिए जिस तरह चुपचाप पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुट जाता है वह दुनिया के लिए प्रेरक भी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस दौर में अमेरिकी दबदबे को चुनौती देते हुए चीनी एआई चैटबॉट डीपसीक ने जिस तरह वॉल स्ट्रीट, सिलिकॉन वैली और वाशिंगटन तथा दुनिया भर के अमीरों को सदमे में डाल दिया है उसे देखकर हर कोई आश्चर्यचकित है। हम आपको बता दें कि चीनी स्टार्टअप द्वारा विकसित यह ऐप इस सप्ताह अमेरिका में एप्पल स्टोर पर डाउनलोड के मामले में शीर्ष पर रहा।

कुछ विशेषज्ञों के अनुसार, डीपसीक की सफलता से पता चलता है कि चीनी एआई डेवलपर्स महंगे, उच्च-स्तरीय हार्डवेयर तक पहुंच के बिना भी अपने अमेरिकी समकक्षों की बराबरी कर सकते हैं। इस समय इंटरनेट पर मौजूद हर यूजर डीपसीक के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाह रहा है। इसलिए आइये एक नजर डालते हैं इस ऐप की खासियत और इसकी निर्माता कंपनी पर। हम आपको बता दें कि डीपसीक एक चीनी एआई स्टार्ट-अप है जिसकी स्थापना 2023 में हेज फंड हाई-फ्लायर के सह-संस्थापक लियांग वेनफेंग ने की थी। कंपनी का दावा है कि उसका एआई सॉफ्टवेयर ओपनएआई और गूगल जैसे अमेरिकी तकनीकी दिग्गजों द्वारा बनाए गए सॉफ्टवेयर से ज्यादा प्रभावी है और इसकी लागत भी बेहद कम है।

हम आपको बता दें कि पिछले हफ्ते डीपसीक ने अपने ऐप डीपसीक-आर1 के पीछे एआई मॉडल को रेखांकित करने वाले तकनीकी बुनियादी ढांचे को प्रकाशित किया। इसमें दावा किया गया है कि आमतौर पर उन्नत एआई परियोजनाओं की तुलना में बहुत कम और कम उन्नत कंप्यूटर चिप्स का उपयोग करने से लागत में बचत होती है। इस ऐप का इंटरफ़ेस चैटजीपीटी जैसे प्रतिस्पर्धियों के समान है, जो आपको कोई भी प्रश्न या अनुरोध टाइप करने देता है, फिर संवादी प्रतिक्रियाओं के साथ उत्तर देता है, हालांकि यह अभी तक पिक्चर्स उत्पन्न नहीं करता है। यह ऐप वर्तमान में आईओएस और एंड्रॉइड डिवाइस पर बिना किसी शुल्क के उपलब्ध है, इसलिए जो कोई भी इसका परीक्षण करना चाहता है वह कोशिश कर सकता है, हालांकि यह नए साइन-अप को सीमित कर रहा है। अन्य एआई मॉडल की तरह, डीपसीक ऐप को संचालित करने वाले पैटर्न की पहचान करने, भविष्यवाणियां करने और समस्याओं को हल करने के लिए भारी मात्रा में डेटा को संसाधित कर सकता है और उसे छान सकता है। इस एआई मॉडल को जुलाई तक के डेटा पर प्रशिक्षित किया गया है, इसलिए यह अधिक हालिया घटनाओं के बारे में नहीं जानता है, लेकिन एक खोज विकल्प अधिक नवीनतम जानकारी और सुर्खियों को स्कैन कर सकता है।

इसके अलावा, अधिकांश ऐप्स की तरह डीपसीक बड़ी मात्रा में व्यक्तिगत जानकारी एकत्र और संग्रहित कर सकता है, जिसमें आपकी कोई भी बातचीत और आपके डिवाइस और इंटरनेट कनेक्शन जैसी चीज़ों के बारे में तकनीकी जानकारी शामिल है। हालांकि एक डर यह है कि उस डेटा तक चीनी सरकार पहुंच सकती है। ऐसा भी प्रतीत होता है कि यह ऐप चीन के सख्त इंटरनेट नियंत्रणों के अनुरूप कुछ सूचनाओं को भी सेंसर कर रहा है, जैसे कि 1989 के तियानमेन स्क्वायर विरोध प्रदर्शन का कोई भी उल्लेख। हम आपको यह भी बता दें कि डीपसीक ने दूसरों के उपयोग और संशोधन के लिए अपने एआई मॉडल का एक संस्करण जारी किया है, बाहरी डेवलपर्स इसे एक शक्तिशाली डिवाइस पर स्थानीय रूप से चलाकर इसे अधिक सुरक्षित और कम प्रतिबंधित दोनों बना सकते हैं।

डीपसीक का दावा है कि वह अपने अमेरिकी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में कम उन्नत चिप्स का उपयोग करते हुए अपनी तकनीक विकसित करने में कामयाब रहा। यह चीन की सरकार और तकनीकी उद्योग के लिए बड़ी खबर हो सकती है, क्योंकि अमेरिकी नीति निर्माता चीन के एआई विकास को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। हम आपको बता दें कि बाइडन प्रशासन ने हाल के वर्षों में चीन के एआई के विकास को धीमा करने और एआई में अमेरिकी कंपनियों की बढ़त को बनाए रखने में मदद करने के प्रयास में सेमीकंडक्टर और ग्राफिक्स प्रसंस्करण इकाइयों या जीपीयू जैसे शक्तिशाली चिप्स के निर्यात पर व्यापक प्रतिबंध लागू किए हैं। इसके लिए अमेरिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिमों का हवाला दिया, हालांकि बीजिंग ने उस पर अपनी वृद्धि को रोकने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

डीपसीक में चैटजीपीटी और अन्य एआई मॉडल जैसे त्रश्नश्नद्दद्यद्ग के जेमिनी, मेटा के लामा और एंथ्रोपिक के क्लाउड जैसी क्षमताएं हैं। लेकिन डीपसीक शोधकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने अपने मॉडल के मूल प्रशिक्षण और विकास को और अधिक कुशल बनाने के लिए तकनीक विकसित की है।

उनके द्वारा बताए गए कुछ विचार एआई दुनिया के लिए नए नहीं हैं, लेकिन कंपनी स्पष्ट रूप से उन्हें सफल तरीके से लागू करने में सक्षम है। हम आपको यह भी बता दें कि डीपसीक ने अपने एआई मॉडल को दूसरों के लिए डाउनलोड करने और संशोधित करने के लिए स्वतंत्र रूप से उपलब्ध कराया है, यह रणनीति मेटा द्वारा अपने लामा एआई मॉडल के लिए भी अपनाई गई है। इसका मतलब है कि अन्य कंपनियां अपने एआई उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए डीपसीक की तकनीक का उपयोग कर सकती हैं। हम आपको बता दें कि पिछले दो वर्षों में एआई से संबंधित शेयरों की कीमतें नई ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। डीपसीक के खुलासे से कुछ निवेशकों ने सवाल उठाया है कि क्या एआई कार्यक्रम अधिक कुशल होने पर एनवीडिया जैसी चिप कंपनियां अभी भी बड़ी संख्या में चिप्स बेचने में सक्षम होंगी? हम आपको बता दें कि डीपसीक की बढ़ती लोकप्रियता के कारण टेक कंपनी के शेयरों में बिकवाली का दौर शुरू हो गया है। अग्रणी एआई चिप निर्माता एनवीडिया के शेयर की कीमत में लगभग 17 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। ऐसा ही हाल अन्य तकनीकी कंपनियों में भी देखने को मिल रहा है। विश्लेषकों ने सवाल उठाया है कि बाजार की प्रतिक्रिया ने मौजूदा चिंताओं को रेखांकित किया है कि क्या एआई के आसपास का प्रचार वास्तविक पैसा बनाने वाले उत्पादों में तब्दील होगा, और यह कितनी जल्दी होगा? अग्रणी तकनीकी कंपनियों ने नए डेटा केंद्रों पर अरबों डॉलर खर्च किए हैं, इस उम्मीद में कि वे भविष्य में लाभदायक एआई सेवाओं को शक्ति प्रदान करेंगे।

हम आपको बता दें कि चीन की सरकार ने अपने अमेरिकी समकक्ष की तरह एआई को राष्ट्रीय प्राथमिकता दी है और कहा है कि वह 2030 तक एआई प्रौद्योगिकी में विश्व में अग्रणी बनना चाहती है। चीन ने एआई अनुसंधान और प्रौद्योगिकी में भी भारी मात्रा में पैसा निवेश किया है, ठीक उसी तरह जैसे यूएस कंपनियों ने पिछले दो वर्षों में एआई डेटा केंद्रों और विकास में अरबों डॉलर डाले हैं। हम आपको एक बार फिर याद दिला दें कि इस चिंता से कि चीन अमेरिकी सैन्य और आर्थिक शक्ति को पकड़ने के लिए एआई का उपयोग कर सकता है, बाइडन प्रशासन ने अमेरिकी चिप कंपनियों को चीन को उच्च-स्तरीय एआई हार्डवेयर निर्यात करने से रोक दिया था। लेकिन कुछ मामलों में चीनी कंपनियां अन्य देशों के माध्यम से एआई चिप्स खरीदकर इन नियंत्रणों से छुटकारा पाने में सक्षम थीं।

राष्ट्रपति के रूप में अपने अंतिम हफ्तों में जो बाइडन ने चीन में एआई चिप्स की तस्करी को रोकने के लिए दुनिया के अधिकांश हिस्सों में एआई चिप निर्यात को सीमित करते हुए और भी सख्त नियंत्रण लगाए थे। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि डोनाल्ड ट्रम्प एआई निर्यात पर और भी सख्त नियंत्रण लगाने के लिए कदम उठाएंगे या नहीं। वैसे उन्होंने यह जरूर कहा है कि डीपसीक की सफलता ÷हमारे उद्योगों के लिए एक वेक अप कॉल होनी चाहिए कि हमें जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

**- नीरज कुमार दुबे**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

## समसामयिक

# गांवों की खुशहाली मापने के लिए बनाएं नए मानदंड



दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाले अपने देश की पहचान उसके गांव रहे हैं। देश सिर्फ ग्रामीण संस्कृति और कृषि व्यवस्था के लिए ही नहीं, सहकार और शिल्पकारी के लिए भी वैश्विक पहचान रखते रहे हैं। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले दौर में भी भारतीय कृषि और आर्थिकी के आधार गांव ही रहे। यह बात और है कि अंग्रेजी शासन के दौरान से भारतीय गांवों का पतन शुरू हुआ। इसके बाद भारतीय गांव गरीबी और मजबूरी के पर्याय माने जाने लगे। लेकिन घरेलू उपयोग और खर्च के ताजा सर्वेक्षण की रिपोर्ट बता रही है कि गांवों की आर्थिक तस्वीर बदलने लगी है।

भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से घरेलू उपयोग और खर्च के लिए कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार शहरी और ग्रामीण इलाकों में घरेलू खर्च का जो पहले अंतर रहता था, वह लगातार घटता चला गया है। अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के दौरान किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी भारत में प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च 4,122 रुपये और 6,996 रुपये हो गया है। जबकि पहले यानी 2022 से 2023 के बीच यह खर्च क्रमश- 3,773 रुपये और 6,459 रुपये थाय् यानी शहरी और ग्रामीण भारत की प्रति व्यक्ति खर्च दर में बड़ा अंतर था। मोटे तौर पर यह आंकड़ा बता रहा है कि हाल के दिनों में ग्रामीण इलाकों में आर्थिक समृद्धि पहले की तुलना में बढ़ी और उस लिहाज से खर्च भी बढ़ा है।

2011 की जनगणना के अनुसार भारत की 68 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, जबकि 32 प्रतिशत आबादी शहरों में है। स्वाधीन भारत में विशेषकर उदारीकरण के बाद जिस तरह का विकास मॉडल हमने अपनाया, उसमें शहरी विकास पर सबसे ज्यादा फोकस रहा, ग्रामीण विकास या तो रस्मी रहा या फिर उस पर फोकस शहरों की तुलना में कम रहा। शहरों की ओर रोजगार और जीवन सुविधाएं केंद्रित होती चली गई। शिक्षा के भी बेहतर अवसर गांवों की तुलना में शहरों की ओर बढ़ते गए। इस लिहाज से ग्रामीण क्षेत्रों से सबसे ज्यादा पलायन रोजगार और शिक्षा के लिए हुआ। फिर जिन परिवारों के पास सहूलियतें बढ़ीं, उन परिवारों ने अपनी हैसियत और बजट के लिहाज से मुफीद पाए जाने वाले शहरों की ओर रहने के लिए रूख किया। यही वजह है कि शहरी और ग्रामीण आबादी का जो अनुपात आबादी के समय था, वह आज बदल चुका है। आजादी के वक्त तकरीबन 80 फीसद से ज्यादा लोग गांवों में रहते थे, अनुमान है कि वह घटते-घटते अब साठ और पैंसठ फीसद के बीच आ गई है। रिकॉर्ड पर ग्रामीण आबादी का इतना बड़ा हिस्सा भले ही गांवों में बसता हो, लेकिन हकीकत यह है कि इसमें एक बड़ा हिस्सा शहरों में रोजी-रोटी और शिक्षा के लिए कभी शौकिया तो कभी मजबूरीवश रहने को मजबूर है। इसलिए रिकॉर्ड की तुलना में वास्तविक ग्रामीण आबादी अब और भी कम हो चुकी है।

घरेलू खर्च के इस नए आंकड़े को देखते वक्त हमें इस संदर्भ पर भी ध्यान देना होगा। बहरहाल हमें यह भी ध्यान देना होगा कि ग्रामीण इलाकों में खाद्यान्न विशेषकर गेहूं और चावल पर खर्च में निजी या पारिवारिक खर्च में कमी आई है। इसकी वजह यह है कि सरकार की ओर से तमाम तरह की योजनाएं और सामाजिक कल्याण कार्यक्रम चल रहे हैं। मुफ्त खाद्यान्न योजना समेत कई अन्य सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के जरिये मुफ्त में मिल रही चीजों की कीमतों को ध्यान में रखें तो घरेलू खर्च के ये आंकड़े ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमशः 4,247 रुपये और 7,078 रुपये हो जाते हैं। मौजूदा कीमतों के संदर्भ में देखें तो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति खर्च पर औसत आठ और नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साल 2011-12 में शहरी और खपत खर्च के बीच 84 प्रतिशत का अंतर था, जो 2022-23 में घटकर 71 प्रतिशत हो गया। जो अब 70 फीसद ही रह गया है। इन आंकड़ों से ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खुशहाली की तसवीर सामने आती है। दिलचस्प यह है कि इस आंकड़े में खाने-पीने के अलावा की चीजों पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह खर्च 60 और 53 प्रतिशत रहा। इसका मतलब साफ है कि अब ग्रामीण इलाकों में भी वाहन, कपड़े, बिस्तर, जूते, मनोरंजन एवं टिकाऊ आदि सामानों पर खर्च बढ़ा है। इससे साफ है कि उपभोक्तावाद ने ग्रामीण इलाकों पर भी जोरदार दस्तक दी है। वैसे ऑनलाइन स्टोर से गांवों में खरीददारी बढ़ी है और उनके डिलीवरी एजेंटों की बाइकें अब ग्रामीण इलाकों का भी खूब चक्कर लगा रही हैं।

पिछले साल मई में रिजर्व बैंक ने भी ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खपत खर्च को लेकर ऐसे ही आंकड़े जारी किए थे। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई थी कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी रहेगी और देश की जीडीपी दर मे 7.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो सकती है। लेकिन रिजर्व बैंक ने इसी रिपोर्ट में ग्रामीण इलाकों में बढ़ते कर्ज को लेकर भी रिपोर्ट जारी की थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट में भी कर्ज को लेकर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इसके मुताबिक, कर्ज लेने में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग कहीं ज्यादा आगे हैं। गांवों में प्रति एक लाख लोगों में 18,714 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने कोई न कोई कर्ज ले रखा है, जबकि शहरों में यह आंकड़ा 17,442 प्रति लाख ही है। साफ है कि उपभोक्तावाद ग्रामीण संस्कृति को बदलने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। कर्ज कभी गांवों के लोगों के लिए सिरदर्द होते थे, इसलिए वहां बचत केंद्रित आर्थिकी पर जोर था। लेकिन अब इसमें गिरावट आई है। इसका मतलब साफ है कि गांवों में खर्च भले ही बढ़ रहा है, लेकिन यह भी सच है कि गांवों की तसवीर अभी कम से कम वैसी नहीं हो पाई है, जिस स्तर पर शहरी तसवीर है।

**-उमेश चतुर्वेदी**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

> भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से घरेलू उपयोग और खर्च के लिए कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार शहरी और ग्रामीण इलाकों में घरेलू खर्च का जो पहले अंतर रहता था, वह लगातार घटता चला गया है। अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के दौरान किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी भारत में प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च 4,122 रुपये और 6,996 रुपये हो गया है। जबकि पहले यानी 2022 से 2023 के बीच यह खर्च क्रमश- 3,773 रुपये और 6,459 रुपये थाय् यानी शहरी और ग्रामीण भारत की प्रति व्यक्ति खर्च दर में बड़ा अंतर था।

## शख्सियत

# केएम करियप्पा के नाम दर्ज है पहले भारतीय सेनाध्यक्ष होने का रिकॉर्ड



28 जनवरी को आजाद भारत के पहले फील्ड मार्शल केएम करियप्पा का जन्म हुआ था। वह सेना प्रमुख होने के अलावा भारतीय सेना के पहले फाइव स्टार रैंक के अधिकारी थे। उन्होंने भारतीय सेना में 30 साल रहकर देश की सेवा की थी। फिर साल 1953 में उनका रिटायरमेंट हुआ था। रिटायरमेंट के बाद भी फील्ड मार्शल करियप्पा भारतीय सेना में किसी न किसी रूप में अपना योगदान दिया था। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर के एम करियप्पा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और शिक्षा

कर्नाटक में 28 जनवरी 1899 में केएम करियप्पा का जन्म हुआ था। उन्होंने अपनी शुरूआती शिक्षा माडिकेरी सेंट्रल हाई स्कूल से पूरी की थी। फिर उन्होंने आगे की पढ़ाई मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से पूरी की थी। वहीं पढ़ाई पूरी करने के बाद वह इंदौर स्थित आर्मी ट्रेनिंग स्कूल के लिए सेलेक्ट हो गए। स्कूल से आर्मी ट्रेनिंग पूरी होने के बाद वह भारतीय सेना के कमांडर-इन-चीफ बनें। फिर भारतीय सेना में सेकेंड लेफ्टिनेंट के तौर केएम करियप्पा की तैनाती हुई।

### भारत का सेना प्रमुख

बता दें कि 15 जनवरी 1949 को केएम करियप्पा को भारत का सेना प्रमुख नियुक्त किया गया। वहीं इसी दिन करियप्पा को कमांडर इन चीफ का पद मिला था। 15 जनवरी 1949 को पहली बार ब्रिटिश शासन ने यह कमान भारतीय सेना को सौंपी थी। लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर वह अपनी सेवाएं दे रहे थे। करियप्पा ने जनरल सर फ्रांसिस बुचर का स्थान लिया था। फिर साल 1953 में केएम करियप्पा सेना से रिटायर हो गए। इसके बाद उनको ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में राजदूत बनाया गया। उन्होंने अपने एक्सपीरियंस के चलते कई देशों की सेनाओं के पुनर्गठन में भी मदद की। वहीं साल 1986 में भारत सरकार ने केएम करियप्पा को %फील्ड मार्शल% का पद दिया। रिटायरमेंट के बाद वह कर्नाटक के कोडागू जिले के मदिकेरी में बस गए। वहीं केएम करियप्पा को मेन्शंड इन डिस्पैचेस, ऑर्डर ऑफ ब्रिटिश एम्पायर और लीजियन ऑफ मेरिट जैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया गया था।

### पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति से कनेक्शन

देश के बंटवारे से पहले फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख और राष्ट्रपति जनरल अयूब खान के भी बॉस थे। अयूब खान ने सेना में रहते हुए जनरल करियप्पा के साथ काम किया था। फिर साल 1965 में भारत-पाक युद्ध के दौरान जनरल करियप्पा सेना से रिटायर हो चुके थे और उनका बेटा केसी नंदा करियप्पा एयरफोर्स में सेवा दे रहे थे। इसी दौरान केसी नंदा करियप्पा पाकिस्तानी सेना पर कहर बरपा चुके थे। लेकिन पाकिस्तानी सेना पर गोले बरसाते हुए जनरल करियप्पा के बेटे केसी नंदा दुश्मन देश की सेवा में प्रवेश कर गए और वह पाकिस्तानी सेना की गोलियों के शिकार हो गए। दुश्मन देश में सुरक्षित नीचे उतरने के बाद पाकिस्तानी सेना ने केसी नंदा करियप्पा को कब्जे में ले लिया। जब पाकिस्तानी सेना को यह बात पता चली कि वह जनरल करियप्पा के बेटे हैं, तो पाक सेना में खलबली मच गई। फिर इस बात की जानकारी तत्कालीन राष्ट्रपति अयूब खान को दी गई, तो उन्होंने पाक उच्चायुक्त को पूर्व सेना प्रमुख करियप्पा से बातचीत के लिए कहा। जब पाक उच्चायुक्त ने पूर्व सेना प्रमुख करियप्पा से बात की, तो उनके बेटे केसी नंद करियप्पा को छोड़ने की पेशकश की।

बालीवुड जयपुर टाइम्स

बुधवार 29 जनवरी, 2025



# विजय देवरकोंडा की वीडी 12 को लेकर अटकलें हुईं तेज

विजय देवरकोंडा के प्रशंसकों के लिए खुशखबरी है कि वह जल्द ही अपने पसंदीदा कलाकार की आगामी फिल्म वीडी 12 का टीजर देख सकेंगे। आइए आपको बताते हैं कि किस दिन विजय के फैंस का इंतजार खत्म होगा और उन्हें वीडी 12 का टीजर देखने को मिलेगा।

### दो भागों में रिलीज होगी वीडी 12

विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म वीडी 12 को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वीडी 12 की रिलीज से पहले इस फिल्म के टीजर का प्रशंसकों को इंतजार है। विजय की आगामी फिल्म का संभावित नाम वीडी 12 है। विजय देवरकोंडा की फिल्म वीडी 12 का निर्देशन गौतम तिन्नानुरी करेंगे। पहले पोस्टर के अलावा अब तक फिल्म का कोई और नया पोस्टर सामने नहीं आया है। गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। टीजर रिलीज की तारीख से पहले निर्माता नागा वामसी ने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाने के लिए फिल्म पर एक बड़ा अपडेट साझा किया कि वीडी 12 दो भागों में सीरीज होगी और हर भाग की कहानी अलग होगी। फिलहाल, विजय इन दिनों वीडी 12 की शूटिंग में व्यस्त हैं। निर्माताओं ने हाल ही में घोषणा की थी कि यह फिल्म अब 30 मई, 2025 को रिलीज होगी। जानकारी के अनुसार, फिल्म का टीजर 7 फरवरी, 2025 को रिलीज किया जाएगा और निर्माता नागा वामसी ने पहले ही खुलासा कर दिया है कि वीडी 12 एक दो-भाग वाली फिल्म होगी।

### भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिका निभा सकती हैं



इस फिल्म में विजय एक अनोखी भूमिका में नजर आएंगे और उम्मीद है कि उनका अभिनय टीजर का मुख्य आकर्षण भी होगा। हाल ही में निर्माताओं ने बताया कि वीडी 12 दो भागों में रिलीज होगी और हर भाग की कहानी अलग होगी। इस तरह वे दो अलग-अलग फिल्में बन जाएंगी। फिलहाल, वीडी 12 की 80 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है। वीडी 12 में भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिका निभा सकती हैं।



तापसी ने बताया

# 'बेबी' में सात मिनट के रोल ने बदल दिया उनका करियर

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने हाल ही में अपने करियर के उस महत्वपूर्ण पल को याद किया, जब 2015 की फिल्म बेबी में एक छोटी लेकिन प्रभावशाली भूमिका ने इंडस्ट्री में उनकी राह को आकार देने में मदद की थी। फिल्म के 10 साल पूरे होने के अवसर पर, एक्ट्रेस ने शेयर किया कि फिल्म में 7 मिनट का सीन एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसने एक स्थायी प्रभाव छोड़ा और उनके करियर को एक बेहतर आकार दिया। अपने प्रतिष्ठित सात मिनट की उपस्थिति पर विचार करते हुए,तापसी ने शेयर किया, प्रिय अभिनेताओं, मिनटों की संख्या मायने नहीं रखती है, आप उन मिनटों में जो करते हैं, उससे जो प्रभाव छोड़ते हैं, वह मायने रखता है। सात मिनट, जिसने मेरे लिए करियर की दिशा को हमेशा के लिए बदल दिया। आपका सच्चा, नाम शबाना।

बेबी में शबाना के रूप में अपनी शानदार भूमिका के बाद, तापसी ने 2017 में रिलीज हुई फिल्म नाम शबाना में चरित्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, जहां उनके एक्शन से भरपूर प्रदर्शन की बहुत तारीफ हुई। 37 वर्षीय एक्ट्रेस अमिताभ बच्चन के साथ पिंक और अक्षय कुमार के साथ मिशन मंगल जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए भी जानी जाती हैं। तापसी पन्नू अगली बार आगामी एक्शन-थ्रिलर फिल्म गांधारी में दिखाई देंगी, जहां वह अपने अपहरण हुए बच्चे को बचाने के लिए मिशन पर एक मां की भूमिका निभा रही हैं। इस भूमिका के लिए अभिनेत्री ने कथित तौर पर फिल्म में उच्च-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों को करने के लिए एरियल योग और स्ट्रेंथ कंडीशनिंग की ट्रेनिंग भी ली है। पिछले महीने, पन्नू ने कई फोटो शेयर करके फिल्म की शूटिंग शुरू करने की घोषणा की थी। फोटो में वह कलाकारों और क्रू के साथ क्लैपबोर्ड के साथ पोज देती हुई दिखाई दे रही थीं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, भगवान, मेरी प्रार्थना स्वीकार करें ताकि मैं अच्छे कर्म करने से कभी विचलित न हो पाऊं। जब मैं युद्ध में जाऊं तो मुझे दुश्मन का कोई डर न हो और दृढ़ संकल्प के साथ मैं विजयी हो जाऊं। मैं अपने मन को केवल आपकी स्तुति गाना सिखाऊं और जब समय आए, तो युद्ध के मैदान में मैं वीरता पूर्वक लड़ते हुए मरूं। गांधारी।



# अपनी इस फिल्म को फिर से रिलीज करवाना चाहते हैं हर्षवर्धन राणे



हर्षवर्धन राणे बॉलीवुड की कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। साल 2024 में वह द मिरांडा ब्रदर्स और सावी नाम की फिल्म में नजर आए थे। हाल ही में हर्षवर्धन राणे अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से सुर्खियों में आ गए। उन्होंने अपनी फिल्म सनम तेरी कसम को फिर से रिलीज करवाने की इच्छी जताई। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर लिखा, सनम तेरी कसम भाग 1 को फिर से रिलीज करने के लिए हमें दीपक मुकुट सर को टैग करना चाहिए और उनसे अनुरोध करना चाहिए कि वे इसे 7 फरवरी 2025 (वेलेंटाइन सप्ताह) को फिर से रिलीज करें उन्होंने आगे लिखा, अपनी वजहें कमेंट में बताएं और उन्हें टैग करें, मैं भी कल सुबह उनके दफ्तर जाऊंगा और उन्हें यह दिखाऊंगा!



# क्या पंचायत 4 में नजर आएंगे अमिताभ बच्चन?

किसी भी सुपरस्टार का फैन-फेवरेट शो में आना हमेशा देखने लायक होता है। ऐसे में सोचिए जरा, जब अमिताभ बच्चन पंचायत की दुनिया में शामिल होंगे तो कैसा दिलचस्प माहौल होगा। लोकप्रिय वेब सीरीज द वायरल फीवर के निर्माता ने शो के कलाकारों के साथ बिग बी की कुछ तस्वीरें जारी कीं, जिससे तुरंत यूजर्स के बीच हलचल मच गई। कई लोगों ने निर्माताओं से छिपी हुई कहानी के बारे में पूछा कि वे बहुप्रतीक्षित सहयोग को कब देखने की उम्मीद कर सकते हैं। हालांकि, बच्चन ने कुछ ही समय में अपने सोशल मीडिया पेजों पर साझा किए गए एक वीडियो के साथ सभी सवालों का जवाब दे दिया।

### अमिताभ बच्चन बने अभियान का हिस्सा

अगर आप सोच रहे हैं कि पंचायत 4 में अमिताभ बच्चन नजर आएंगे तो नहीं, यह पंचायत एपिसोड नहीं है, बल्कि दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाने का एक संयुक्त प्रयास है। दिग्गज स्टार ने चंदन रॉय के साथ एक वीडियो पोस्ट किया, जो प्राइम वीडियो सीरीज में विकास शुक्ला की भूमिका निभाते हैं। वीडियो में वह किसी जॉब ऑफर के बारे में एक धोखाधड़ी कॉल लेते हुए दिखाई देते हैं, लेकिन सही समय पर बिग बी फोन में आते हैं और उन्हें साइबर अपराध का शिकार होने से बचाते हैं। इस बीच टीवीएफ ने अपने सोशल मीडिया पेज पर अभियान की बीटीएस तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, देखो, देखो, कौन आया है फुलेरा में। छोटी सी मुलाकात, लेकिन बड़े काम की है बात। वहीं, बात करें सीरीज के अगले सीजन की तो पंचायत के अगले चौथे सीजन का निर्माण अक्तूबर 2024 में शुरू हुआ। तीसरे सीजन के बेहद लोकप्रिय प्रीमियर के बाद अब चौथा सीजन जल्द आने वाला है।

# कोमोलिका का किरदार नहीं निभाना चाहती थीं हिना खान

**हिना खान इन दिनों ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। लेकिन अब उन्होंने काम पर लौटने का फैसला किया है। जल्द ही वह शो गृह लक्ष्मी में नजर आएंगी। इसी बीच एक इंटरव्यू में हिना खान ने बताया कि कसौटी जिंदगी की 2 में कोमोलिका का किरदार निभाने को लेकर उन्हें काफी संकोच हुआ था, क्योंकि उन्होंने पहले एक सीधी-साधी अक्षरा का किरदार निभाया था।**

द्ध बातचीत के दौरान हिना खान ने कहा, मैंने अक्षरा का रोल निभाया था। ऐसे में जब मुझे कोमोलिका का किरदार ऑफर हुआ तो मैं कॉन्फिडेंट नहीं थी। मुझे आत्मविश्वास नहीं था कि मैं एक विलेन का किरदार निभा पाऊं, खासकर कोमोलिका का, क्योंकि उर्वशी ढोलकिया ने उस किरदार को बहुत अच्छे से निभाया था। मुझे लगा कि मैं उस किरदार को अच्छे से नहीं निभा पाऊंगी और असफल हो जाऊंगी, इसलिए मैं इसे नहीं करना चाहती थी।

हिना खान ने कहा, लेकिन फिर एकता कपूर ने इस रोल को अदा करने में मुझे बहुत सपोर्ट किया और कॉन्फिडेंस दिलाया। उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम ही मेरी कोमोलिका हो और वह किसी और को इस किरदार में ढालने के बारे में नहीं सोच सकतीं। हिना खान ने सोशल मीडिया पर मिल रही आलोचनाओं के बारे में बात करते हुए कहा, अब मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन क्या कहता है, चाहे लोग कुछ भी नेगेटिव बोलें। मैं बस अपने चारों ओर पॉजिटिविटी महसूस करती हूं। साथ ही मैंने बहुत धैर्य रखना सीख लिया है। अब जब भी कोई समस्या आती है, तो मैं उसे पूरी तरह से सोच-समझकर देखती हूं। इन शो में नजर आ चुकी हैं हिना बता दें, हिना खान ने ये रिश्ता क्या कहलाता है से घर-घर में अपनी पहचान बनाई थी। इसके अलावा, वह बिग बॉस 11 में भी नजर आई थीं।

# महारानी येसुबाई के रोल को लेकर इमोशनल हुईं रश्मिका मंदाना

रश्मिका मंदाना लगातार दो हिट फिल्में देकर अपनी बेहतरीन फॉर्म में हैं। पहले एनिमल और उसके बाद पुष्पा 2 में एक गृहिणी के रूप में देखा गया। अब रश्मिका फिल्म छावा में महारानी येसुबाई की भूमिका में नजर आएंगी। छावा इवेंट के दौरान रश्मिका अपने किरदार के बारे में बोलते-बोलते काफी इमोशनल हो गईं। पुष्पा 2 द रूल के बाद अब रश्मिका मंदाना अपनी अगली फिल्म छावा में विक्की कौशल के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म वेलेंटाइन के दिन 14 फरवरी, 2025 को रिलीज होगी। स्क्रीन पर आने से पहले फिल्म का ट्रेलर मुंबई में लॉन्च किया गया, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इवेंट के दौरान रश्मिका मंदाना ने फिल्म छावा में निभाए महारानी येसुबाई के किरदार के बारे में बातचीत की और बताते वक्त उन्होंने कुछ बातें ऐसी बताई कि वह इमोशनल हो गईं।

छावा ट्रेलर लॉन्च के मौके पर रश्मिका मंदाना काफी इमोशनल हो गईं और फिल्म में महारानी येसुबाई की भूमिका निभाने को लेकर कहा, दक्षिण की एक लड़की के लिए एक आम महाराष्ट्रीयन महिला महारानी येसुबाई का किरदार निभाना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है और मैं इसके लिए निर्देशक लक्ष्मण सर को धन्यवाद देती हूं। फिल्म छावा में रश्मिका, महारानी येसुबाई की तरह ही शाही अंदाज में नजर आईं और मराठा लुक से लेकर बॉडी लैंग्वेज तक, उन्होंने हर चीज पर बारीकी से काम किया है। महारानी येसुबाई, मराठा छत्रपति संभाजी महाराज की पत्नी थीं। वह पिलाजीराव शिरके, एक मराठा सरदार (मुखिया) जो कि छत्रपति शिवाजी महाराज की सेवाओं में थे, उनकी बेटी थीं। स्त्री 2 की सफलता के बाद निर्माता दिनेश विजान और अमर कौशिक की जोड़ी फिल्म छावा लेकर आ रही है। पीरियड ड्रामा फिल्म का ट्रेलर कल ही रिलीज हुआ है, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद आया। फिल्म में अभिनेता विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में शेर की तरह दहाड़ते हुए नजर आए। छावा के ट्रेलर में वीर छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में विक्की कौशल, उनकी पत्नी महारानी येसुबाई के किरदार में रश्मिका मंदाना और छावा में खलनायक की भूमिका में अभिनेता अक्षय खन्ना मौजूद नजर आए, जो निर्देशक लक्ष्मण उतेकर की इस फिल्म में मुगल सम्राट औरंगजेब का किरदार निभा रहे हैं।





# बड़े स्टार के लिए कहानी को छोटा बनाना पड़ता है, नए के साथ ज्यादा मौके मिलते हैं

**अभिषेक कपूर ने नई फिल्म आजाद में राशा थडानी और अमन देवगन को लॉन्च किया है। वो नए प्रतिभाओं को कहानी के अनुसार चुनते हैं और मानते हैं कि नए एक्टर्स के साथ नया अनुभव और ताजगी मिलती है। बड़े स्टार्स के साथ कहानी बदलनी पड़ती है, जिससे नया कुछ दिखा पाना मुश्किल होता है।**

फिल्म रॉक ऑन से फरहान अख्तर, काई पो चे से सुशांत सिंह राजपूत और केदारनाथ से सारा अली खान को बड़े पर्दे पर लॉन्च करने वाले डायरेक्टर अभिषेक कपूर ने अपनी नई **फिल्म आजाद में भी दो नए चेहरों राशा थडानी और अमन देवगन को लॉन्च किया है। आखिर, क्यों लुभाता है उन्हें नए एक्टर्स का साथ? इंडस्ट्री के मौजूदा हालात पर क्या है उनकी राय?**

रॉक ऑन, काई पो चे, केदारनाथ जैसी फिल्मों के निर्देशक अभिषेक कपूर एक अलग तरह का प्रयोगात्मक सिनेमा बनाने के साथ-साथ पर्दे पर नए कलाकारों को मौका देने के लिए भी जाने जाते हैं। अपनी ताजातरीन फिल्म आजाद से भी उन्होंने दो नए चेहरों अमन देवगन और राशा थडानी को लॉन्च किया है। हालांकि, अभिषेक का कहना है कि वह ऐसा नहीं सोचते कि उन्हें नए एक्टर को लॉन्च करना है, वह बस अपनी फिल्म के किरदार की तलाश करते हैं, लेकिन वह यह भी मानते हैं कि नए एक्टर्स के साथ नया अनुभव क्रिएट करने के मौके ज्यादा होते हैं, जबकि बड़े स्टार के लिए कहानी को छोटा करना पड़ता है।

### स्टार के लिए कहानी बदलनी पड़ती है

बकौल अभिषेक कपूर, मैं न्यूकमर नहीं ढूंढता हूं। मै किरदार में फिट होने के लिए एक्टर ढूंढता हूं। मेरी कहानी की जो मांग होती है, वैसे लड़के-लड़की की खोज करता हूं। उसके लिए बहुत से लोगों से मिलता हूं। जो लगता है कि ये सही रहेंगे, उनके साथ काम करता हूं। कई बार वे किरदार में बिल्कुल फिट नहीं भी होते हैं, पर न्यूकमर के साथ एक ताजगी, एक नयापन आता है। उनमें एक मासूमियत होती है। उनकी कुछ खूबियां होती है, कुछ खामियां होती है और जब डायरेक्टर उन गुणों को कैरेक्टर में डालता है, तब एक अलग किस्म का जादू हो सकता है। जबकि, बड़े स्टार के साथ काम करो, तो वे कहानी को अपनी तरफ मोड़ देते हैं। वे अपने फैंस के हिसाब से सोचते हैं, जिसका मतलब कहानी को बदलना होता है। फिर उनकी एंट्री और एग्जिट भी कमाल की करनी पड़ती है और वो एक अलग किस्म का सिनेमा बन जाता है। ऐसे में, आप ऑडियंस को कुछ नया नहीं दे पाते। एक पहले से खेले हुए एक्टर के साथ आप कितना नया खेलेंगे। फिर वो बड़ा स्टार आपको खेलने की छूट भी दे, नहीं तो बहुत मुश्किल हो जाता है। नए एक्टर के साथ आप एक नया एक्पीरियंस क्रिएट कर सकते हैं, जो लोगों ने पहले नहीं देखा है। मेरी कोशिश हमेशा ऑडियंस को कुछ नया देने की रही है।

### प्रयोग करने वालों को इंडस्ट्री डराती है

इंडस्ट्री में जो प्रॉजेक्ट मेकिंग का दौर चल रहा है। जैसे अनुराग कश्यप ने बोला कि कोई रिस्क नहीं लेना चाह रहा, नए लोगों के साथ एक्सपेरिमेंट करना नहीं चाह रहा, उस पर अभिषेक की क्या राय है? यह पूछने पर वह कहते हैं, आप भी इंडस्ट्री के बारे में स्टडी करती होंगी तो आपको भी लगता होगा कि यार, नया कुछ आता ही नहीं है। नए एक्टर आते ही नहीं है। वही ऐक्शन टाइप का कुछ बनता रहता है, क्योंकि कुछ नया करने की कोशिश करो, तो इंडस्ट्री आपको डराती बहुत है। जब मैंने रॉक ऑन किया था, तब भी लोगों ने कहा कि ये क्या है। ये नहीं चलेगा। जब रॉक ऑन का म्यूजिक आया, तब भी कहा गया कि ये कमर्शल म्यूजिक नहीं है, पर कमर्शल म्यूजिक क्या होता है। धुन अच्छी हो, कहानी अच्छी हो तो लोग पसंद करते हैं, भले वो रॉक ऑन हो या काई पो चे हो या फिर केदारनाथ, सभी अलग थीं, मगर आज लोग वही घिसी-पिटी चीजें बना रहे हैं और सोचते हैं कि इसी से काम चला लें, तो ये इंडस्ट्री कहीं न कहीं दम तोड़ रही है। इसलिए, कुछ डायरेक्टर जो आजकल नाराज हैं और कुछ बातें कह रहे है, मैं उनकी बातों से सहमत हूं। इसलिए, मैं अपनी फिल्म के प्रड्यूसर रॉनी स्क्रूवाला को दाद देना चाहूंगा, जो इस माहौल में ऐसी फिल्म बनाने को तैयार हो गए, जिसमें एक घोड़ा केंद्र में है। फिल्म का चलना या ना चलना एक बात है, मगर कमाल यही है कि कोई बिजनेस को निकालकर क्रिएटिविटी को चांस दें।



# गुलाब की खेती





## भूमिका

गुलाब अपनी उपयोगिताओं के कारण सभी पुष्पों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। आमतौर पर गुलाब का पौधा ऊंचाई में 4-6फुट का होता है। तने में असमान काटें लगे होते हैं। गुलाब की 5 पत्तियां मिली हुई होती है। बहुत मात्रा में मिलने वाला गुलाब का फूल गुलाबी रंग का होता है। गुलाब का फल अंडाकार होता है। इसका तना कांटेदार, पत्तियां बारी-बारी से घेरे में होती है। पत्तियों के किनारे दांतेदार होती है। फल मांसल बेरी की तरह होता है जिसे 'रोज हिप' कहते हैं। गुलाब का पुष्पक्रम कोरिम्बोस, पेनीकुलेट या सोलिटरी होता है।

गुलाब एक भारतीय पुष्प है। पूरे भारत में गुलाब के पौधे पाए जाते हैं। गुलाब का वैज्ञानिक नाम रोजा हाइब्रिडा है। देशी गुलाब लाल रंग का होता है। परन्तु कलम करके कई रंगो के गुलाब उगाए जाते हैं। गुलाब एक ऐसा फूल है, जिसके बारे में सब जानते हैं। गुलाब का फूल दिखने में जितना अधिक सुन्दर होता है। उससे कहीं ज्यादा उसमें औषधीय गुण होते हैं। यह सबसे पुराना सुगन्धित पुष्प है, जो मनुष्य के द्वारा उगाया जाता था। इसके विभिन्न प्रकार के सुन्दर फूल जो कि आकर्षक, आकृति, विभिन्न आकार, मन को लुभाने वाले रंगों और अपने विभिन्न उपयोगिताओं के कारण एक महत्वपूर्ण पुष्प माना जाता है।

गुलाब की उपज भूमि की उर्वरा शक्ति फसल की देखरेख एवं प्रजातियों पर निर्भर करती हैद्ध फूलों का गुण है खिलना, खिल कर महकना, सुगंध बिखेरना, सौंदर्य देना और अपने देखने वाले को शांति प्रदान करना। फूलों की इस खूबसूरत दुनिया में गुलाब का एक खास स्थान है क्योंकि इसे सौंदर्य, सुगंध और खुशहाली का प्रतीक माना गया है। तभी तो इसे 'पुष्प सम्राट' की संज्ञा दी गयी है और 'गुले-आप', यानी फूलों की रौनक भी कहा गया है। इस की भीनीभीनी मनमोहक सुगंध, सुन्दरता, रंगों की विविध किस्मों के कारण हर प्रकृति प्रेमी इसे अपनाना चाहता है।

भारत में गुलाब हर जगह उगाया जाता है। बागबगीचों, खेतों, पार्कों, सरकारी व निजी इमारतों के अहातों में, यहाँ तक कि घरों की ग्रह-वाटिकाओं की क्यारियों और गमलों में भी गुलाब उगा कर उस का आनंद लिया जाता है। गुलाब पूरे उत्तर भारत में, खासकर राजस्थान में तथा बिहार और मध्य प्रदेश में जनवरी से अप्रैल तक खूब खिलता है। दक्षिण भारत में खासतौर पर बंगलौर में और महाराष्ट्र और गुजरात में भी गुलाब की भरपूर खेती होती है।

गुलाब को घर पर गमले में खिड़की की मंजूषा में, रसोई बगीचे की क्यारी में, आँगन में उगाने के लिए पर्याप्त धूप का होना एक आवश्यक शर्त है। गुलाब को दिन में कम से कम छः से आठ घंटे की खुली धूप होना आवश्यक है। गुलाब के पौधों के लिए पर्याप्त जीवांशयुक्त मिट्ठी अच्छी होती है। बहुत चिकनी मिट्ठी इसके अनुकूल नहीं होती है। मिट्ठी का जल निकास और वायुसंचार सुचारु होना चाहिए। भूमि में हल्की नमी बनी रहना चाहिए। गुलाब को विश्वभर में पसंद किया जाता है। इस पर व्यापक अनुसंधान एवं विकास कार्य किए गए हैं। अंतराष्ट्रीय स्तर पर गुलाब प्रेमियों के संगठन हैं, जो नई किस्मों के विकास, परिचिन्हन, मानकीकरण आदि करते हैं। इसके अनुसार पौधों की बनावट, ऊँचाई, फूलों के आकार आदि के आधार पर इन्हें निम्न वर्गों में बाँटा गया है।

## गुलाब का व्यवसाय

गुलाब की खेती व्यावसायिक स्तर पर करके काफी लाभ कमाया जा सकता है। गुलाब की खेती बहुत पहले से पूरी दुनिया में की जाती हैद्ध इसकी खेती पूरे भारतवर्ष में व्यावसायिक रूप से की जाती हैद्ध गुलाब के फूल डाली सहित या कट फ्लावर तथा पंखुड़ी फ्लावर दोनों तरह के बाजार में व्यापारिक रूप से पाये जाते हैद्ध गुलाब की खेती देश व विदेश निर्यात करने के लिए दोनों ही रूप में बहुत महत्वपूर्ण हैद्ध गुलाब को कट फ्लावर, गुलाब जल, गुलाब तेल, गुलकंद आदि के लिए उगाया जाता हैद्ध गुलाब की खेती मुख्यतः कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्रा, बिहार, पश्चिम बंगाल ,गुजरात, हरियाणा, पंजाब, जम्मू एवं कश्मीर, मध्य प्रदेश, आंध्रा प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में अधिक की जाती हैद्ध

फूल के हाट में गुलाब के गजरे खूब बिकते हैं। गुलाब की पंखुड़ियों और शक्कर से गुलकन्द बनाया जाता है। गुलाब जल और गुलाब इत्र के कुटीर उद्योग चलते है। उत्तर प्रदेश में कन्नौज, जौनपुर आदि में गुलाब के उत्पाद की उद्योगशाला चलती है। दक्षिण भारत में भी गुलाब के उत्पाद के उद्योग चलते हैं। दक्षिण भारत में गुलाब फूलों का खूब व्यापार होता है। मन्दिरों, मण्डपों, समारोहों, पूजा-स्थलों आदि स्थानों में गुलाब फूलों की भारी खपत होती है। यह अर्थिक लाभ का साधन है। वहीं हजारों ग्रामीण युवा फूलों को अपनी आय का माध्यम बना लेते हैं।

## गुलाब की किस्में

भारत में उगाई जाने वाली गुलाब की परम्परागत किस्में हैं, जो देश के अलगअलग इलाकों में उगाई जाते हैं, विदेशों से भी



अलगअलग किस्में मांगा कर उन का 'संकरण' (2 किस्मों के बीच क्रास) कर के अनेक नई व उन्नत किस्में तैयार की गयी हैं, जो अब अपने देश में बहुत लोकप्रिय हैं।

गुलाब की विदेशी किस्में जर्मनी, जापान, फ्रास, इंग्लैण्ड, अमेरिका, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया से मंगाई गयी हैं। भारतीय गुलाब विशेषज्ञों ने देशी किस्मों में भी नयी विकसित 'संकर' (हाईब्रिड) किस्में जोड़ कर गुलाब की किस्मों की संख्या में वृद्धि की है। इस दिशा में दिल्ली स्थित भारती कृषि अनुसंधान संस्थान का अनुसंधान कार्य खास उल्लेखनीय है। दक्षिण भारत में भारतीय बागबानी अनुसंधान संस्थान, बंगलौर ने भी किस्मों के विकास और वृद्धि में भरपूर कार्य किया है। मात्र शौक और सजावट के लिये गुलाब का पौधा जब गमले में उगाया जाए तो किस्मों का चुनाव भी उसी के अनुसार किया जाना चाहिए। व्यावसायिक स्तर पर गुलाब की खेती करनी हो तो वैसी ही किस्मों का चयन करें। इस बारे में प्रायः सभी बड़ी नर्सरियों में पूरी जानकारी मिल सकती है। दिल्ली में हों तो भारतीय कृषि अनुसंधान पूसा के पुष्प विज्ञान विभाग से उचित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

वैसे तो विश्व भर में गुलाब की किस्मों की संख्या लगभग 20 हजार से अधिक है, जिन्हें विशेषज्ञों ने विभिन्न वर्गों में बांटा है लेकिन तक्नीकी तौर पर गुलाब के 5 मुख्य वर्ग हैं, जिन का फूलों के रंग, आकार, सुगंध और प्रयोग के अनुसार विभाजन किया गया है, जो इस प्रकार है- हाईब्रिड टीज, फ्लोरीबंडा, पोलिएन्था वर्ग, लता वर्ग और मिनिएचर वर्ग।

## हाईब्रिड टीज वर्ग

यह बड़े आकार के गुलाबों का एक महत्वपूर्ण वर्ग है, जिस में टहनी के ऊपर या सिरे पर एक ही फूल खिलता है, इस वर्ग की अधिकतर किस्में यूरोप और छीन के 'टी' गुलाबों के 'संकर' (क्रास) से तैयार की गयी है, इस वर्ग की भारतीय किस्में हैं – डा.होमी भाभा, चितवन, भीम, चित्रलेखा, चंद्रदीकली, गुलजार, मिलिंद, मृणालिनी, रक्तगंधा, सोमा, सुरभी, नूरजहाँ, मदहोश, डा. बैंजमन पाल आदि।

हाइब्रिड टी (एचटी),इस वर्ग के पौधे बड़े, ऊँचे व तेजी से बढ़ने वाले होते हैं। इस वर्ग की प्रमुख किस्में अर्जुन, जवाहर, रजनी, रक्तगंधा, सिद्धार्थ, सुकन्या आदि हैं। इनके पुष्प शाखा के सिरे पर बड़े आकर्षक लगते हैं। एक शाखा के सिरे पर एक ही फूल आता है।

## फ्लोरीबंडा वर्ग

यह हाईब्रिड टीज और पोलिएन्था गुलाबों के संकर (मिलन) से विकसित किये गए गुलाबों का वर्ग है। इस के फूल उपेक्षाकृत छोटे किन्तु गुच्छों में खिलतें है और आकार व वजन में बढ़िया होते है। इस वर्ग के फूल गृहवाटिका की क्यारियों और गमलों में ज्यादा देखने को मिलते हैं। इस किस्म फूल प्राप्त किये जा सकते है। ठन्डे मौसम में जब दूसरे गुलाब नहीं खिलते है, इस वर्ग के फूल दिल्ली सहित उत्तर भारत के सभी राज्यों मे खूब खिलते हैं। इस की मुख्य किस्में हैं–दिल्ही प्रिन्सिस, बंजारन, करिश्मा, चन्द्रमा, चित्तचोर, दीपिका, कविता, जन्तरमंतर, सदाबहार, लहर, सूर्यकिरण, समर, बहिश्त, आइसबर्ग, शबनम आदि।

फ्लोरीबंडा, इसके पौधे मध्यम लंबाई वाले होते हैं, इनमें फूल भी मध्यम आकार के और कई फूल एक साथ एक ही शाखा पर लगते हैं। इनके फूलों में पंखुड़ियों की संख्या हाइब्रिड टी के फूलों की अपेक्षा कम होती है। इस वर्ग की प्रमुख किस्में बंजारन, आम्रपाली, ज्वाला, रांगोली, सुषमा आदि हैं।

## ग्रेन्डीफ्लोरा

यह उपरोक्त दोनों किस्मों के संयोग से तैयार किया गया है। गुलदानों में इस वर्ग के फूलों को अधिक पसंद किया जाता है। बड़े स्तर पर खेती के लिए इस वर्ग का अधिक उपयोग किया जाता है। गोल्ड स्पॉट, मांटेजुआ, क्वीन एलिजाबेथ इस वर्ग की प्रचलित किस्में हैं।

## पॉलिएन्था

इस वर्ग के पौधों को घरेलू बगीचों व गमलों में लगाने के लिए पसंद किया जाता है। क्योंकि इनमें मध्यम आकार के फूल अधिक संख्या में साल में अधिक समय तक आते रहते हैं। इस वर्ग की प्रमुख किस्में स्वाति, इको, अंजनी आदि हैं।

## मिनिएचर वर्ग

इस के पौधे, पत्तियां और फूल सभी छोटे होते हैं। पौधे कलामों द्वार उगे जाते हैं। यह गमलों, पतियों आदि में उगाने की उपयुक्त किस्म है। गृहवाटिका की क्यारियों के चारों ओर बार्डर लगाने के लिये भी उपयुक्त है। गुलाब के फूल खिलने का मौसम (अक्टूबर से मार्च) में इस किस्म के गुलाब खूब खिलते हैं। विभिन्न रंगों में ये गुच्छों और डंडियों पर अलग भी उगते हैं। बेबी डार्लिंग, बेबी गोल्ड, स्टार, ग्रीन इसे, ब्यूटी सीकृत, ईस्टर मार्निंग, सींड्रेलो आदि इस की लोकप्रिय किस्में हैं। मिनीएचर, जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट है, ये कम लंबाई के छोटे बौने पौधे होते हैं। इनकी पत्तियों व फूलों का आकार छोटा होने के कारण इन्हें बेबी गुलाब भी कहते है। ये छोटे किंतु संख्या में बहुत अधिक लगते हैं। इन्हें बड़े शहरों में बंगलों, फ्लैटों आदि में छोटे गमलों में लगाया जाना उपयुक्त रहता है, परंतु धूप की आवश्यकता अन्य गुलाबों के समान छः से आठ घंटे आवश्यक है। इस वर्ग की प्रमुख किस्में ड्वार्फ किंग, बेबी डार्लिंग, क्रीकी, रोज मेरिन, सिल्वर टिप्स आदि हैं।

## लता वर्ग (क्लैम्बिंग एंड रैंबलिंग रोज)

इस वर्ग के गुलाब के पौधे लताओं के रोप में बढ़ते हैं और पैराबोला पर या दीवार का सहारा पा कर बढ़ते हैं। ये साल में केवल एक बार खिलते हैं।

ये गुलाब की बेल (लता) वाली किस्में हैं। इन्हें मेहराब या अन्य किसी सहारे के साथ चढ़ाया जा सकता है। इनमें फूल एक से तीन (क्लाइंबर) व गुच्छों (रेम्बलर) में लगते हैं। इस की मुख्य किस्में है सदाबहार, समर स्नो, डा.होमी भाभा, मार्शल नील, दिल्ली वाईट पर्ल आदि।

क्लाइंबर वर्ग की प्रचलित किस्में गोल्डन शावर, कॉकटेल, रायल गोल्ड और रेम्बलर वर्ग की एलबटाइन, एक्सेलसा, डोराथी पार्किंस आदि हैं।

गुलाब में जितने रंगों के फूल देखने को मिलते हैं उतने शायद किसी दूसरे फूल में नहीं। यदि सफ़ेद गुलाब हैं तो पीले, लाल, नारंगीलाल, रक्तलाल, गुलाबी लेवेंडर रंग के दोरंगे, तीरंगे और यहाँ तक कि अब तो नीले और काले रंग के गुलाब भी पाए जाते है।

## गुलाब की खेती के लिए जलवायु और भूमि

गुलाब की खेती उत्तर एवं दक्षिण भारत के मैदानी एवं पहाड़ी क्षेत्रों में जाड़े के दिनों में की जाती हैद्ध दिन का तापमान 25 से 30 डिग्री सेंटीग्रेट तथा रात का तापमान 12 से 14 डिग्री सेंटीग्रेट उत्तम माना जाता हैद्ध गुलाब की खेती हेतु दोमट मिट्ठी तथा अधिक कार्बनिक पदार्थ वाली होनी चाहिएद्ध जिसका पी.एच. मान 5.3 से 6.5 तक उपयुक्त माना जाता है।

## गुलाब की उन्नतशील प्रजातियां

गुलाब की लगभग 6 प्रकार की प्रजातियां पाई जाती है प्रथम संकर प्रजातियां जिसमे कि क्रिमसन ग्लोरी, मिस्टर लिंकन, लवजान, अफकैनेडी, जवाहर, प्रसिडेंट, राधाकृषणन, फर्स्ट लव , पूजा, सोनिया, गंगा, टाटा सैंटानरी, आर्किड, सुपर स्टार, अमेरिकन हेरिटेज आदि हैद्ध दूसरे प्रकार कि पॉलीएन्था इसमे अंजनी, रश्मी, नर्तकी, प्रीत एवं स्वाती आदिद्ध तीसरे प्रकार कि फ लोरीबण्डा जैसी कि बंजारन, देहली प्रिंसेज, डिम्पल, चन्द्रमा, सदाबहार, सोनोरा, नीलाम्बरी, करिश्मा सूर्यकिरण आदिद्ध चौथे प्रकार कि गैंडीफलोरा इसमे क्वींस, मांटेजुमा आदिद्ध पांचवे प्रकार कि मिनीपेचर ब्यूटी क्रिकेट, रेड फ्लस, पुसकला, बेबीगोल्ड स्टार, सिल्वर टिप्स आदि और अंत में छठवे प्रकार कि लता गुलाब इसमे काक्लेट, ब्लैक बॉय, लैंड मार्क, पिंक मेराडोन, मेरीकलनील आदि पाई जाती है।

## गुलाब के खेतों की तैयारी

सुंदरता की दृष्टि से औपचारिक लेआउट करके खेत को क्यारियों में बाँट लेते है क्यारियों की लम्बाई चौड़ाई 5 मीटर लम्बी 2 मीटर चौड़ी रखते हैद्ध दो क्यारियों के बीच में आधा मीटर स्थान छोड़ना चाहिएद्ध क्यारियों को अप्रैल मई में एक मीटर की गुड़ाई एक मीटर की गहराई तक खोदे और 15 से 20 दिन तक खुला छोड़ देना चाहिएद्ध क्यारियों में 30 सेंटीमीटर तक सूखी पत्तियो को डालकर खोदी गयी मिट्ठी से क्यारियों को बंद कर देना चाहिए साथ ही गोबर की सड़ी खाद एक महीने पहले क्यारी में डालना चाहिए इसके बाद क्यारियों को पानी से भर देना चाहिए साथ ही दीमक के बचाव के लिए फ़ालीडाल पाउडर या कार्बोफ्यूरान 3 जी. का प्रयोग करेद्ध लगभग 10 से 15 दिन बाद ओठ आने पर इन्ही क्यारियों में कतार बनाते हुए पौधे व् लाइन से लाइन की दूरी 30 गुने 60 सेंटीमीटर रखी जाती हैद्ध इस दूरी पर पौधे लगाने पर फूलों की डंडी लम्बी व् कटाई करने में आसानी रहती है।

## गुलाब की खेती में खाद और उर्वरकों की आवश्यकता

उत्तम कोटि के फूलों की पैदावार लेने के हेतु प्रूनिंग के बाद प्रति पौधा 10 किलोग्राम गोबर की सड़ी खाद मिट्ठी में मिलाकर सिंचाई करनी चाहिएद्ध खाद देने के एक सप्ताह बाद जब नई कोपल फूटने लगे तो 200 ग्राम नीम की खली 100 ग्राम हड्डी का चूरा तथा रासायनिक खाद का मिश्रण 50 ग्राम प्रति पौधा देना चाहिएद्ध मिश्रण का अनुपात एक अनुपात दो अनुपात एक मतलब यूरिया, सुपर फास्फेट, पोटाश का होना चाहिए।

## गुलाब की देखभाल

गुलाब के लिए सिंचाई का प्रबंधन उत्तम होना चाहिएद्ध आवश्यकतानुसार गर्मी में 5 से 7 दिनों के बाद तथा सर्दी में 10 से 12 दिनों के बाद सिंचाई करते रहना चाहिए। उत्तर प्रदेश के मैदानी भागो में कटाई-छटाई हेतु अक्टूबर का दूसरा सप्ताह सर्वोत्तम होता है लेकिन उस समय वर्षा नहीं होनी चाहिएद्ध पौधे में तीन से पांच मुख्य टहनियों को 30 से 40 सेंटीमीटर रखकर कटाई की जाती हैद्ध यह ध्यान रखना चाहिए कि जहाँ आँख हो वहाँ से 5 सेंटीमीटर ऊपर से कटाई करनी चाहिएद्ध कटे हुए भाग को कवकनाशी दवाओ से जैसे कि कापर आक्सीक्लोराइड, कार्बेन्डाजिम, ब्रोडोमिश्रण या चौबटिया पेस्ट का लेप लगना आवश्यक होता हैद्ध

गमलों के लिये मिट्ठी का मिश्रण कुछ इस तरह से रखें। 2 भाग खेत की मिटटी, एक भाग खूब सड़ी गोबर की खाद, एक भाग में सूखी हरी पत्ते की खाद (लीफ मॉल्ड) और लकड़ी का बुरादा मिला लें। सम्भव हो तो कुछ मात्रा में हड्डी का चुरा भी मिला लें। इस से पौधों और जड़ों का अच्छा विकास होता है।

याद रहे कि गमलों में पौधों का रखरखाव वैसा ही हो, जैसी कि क्यारियों में होता है, उन की उचित निराईगुडाई में होता है। मसलन, पौधों को पूरी खुराक मिले, उन की उचित निराईगुडाई और सिंचाई हो, कीट व्याधियों से बचाव हो, गमलों के पौधों को मौसम के अनुसार समय-समय पर पानी दिया जाए और उन की कटाईछंटाई भी की जाए। सप्ताह में एक बार गमलों की दिशा भी अवश्य बदलें और उन के तले से पानी निकलने का चित्र भी उचित रूप से खुला रखें। गुलाब में माहू, दीमक एवं सल्क कीट लगते हैद्ध माहू तथा सल्क कीट के दिखाई देने पर तुरंत डाई मिथोएट 1.5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में या मोनोक्रोटोफास 1 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में घोलकर 2 -3 छिड़काव करना चाहिएद्ध दीमक के नियंत्रण हेतु सिंचाई करनी चाहिए तथा फोरेट 10 जी. 3 से 4 ग्राम या फ़ालीडाल 2त्न धूल 10 से 15 ग्राम प्रति पौधा गुड़ाई करके भूमि में अच्छी तरह मिला देना चाहिए।

## गुलाब के फूलों की कटाई

सफ़ेद, लाल, गुलाबी रंग के फूलों की अध् खुली पंखुड़ियों में जब ऊपर की पंखुड़ी नीचे की ओर मुड़ना शुरू हो जायें तब फूल काटना चाहिएद्ध फूलों को काटते समय एक या दो पत्तियां टहनी पर छोड़ देना चाहिए जिससे पौधों की वहाँ से बढ़वार होने में कोइ परेशानी न हो सकेद्ध फूलों की कटाई करते समय किसी बर्तन में पानी साथ में रखना चाहिए जिससे फूलों को काटकर पानी तुरंत रखा जा सकेद्ध बर्तन में पानी कम से कम 10 सेंटीमीटर गहरा अवश्य होना चाहिए जिससे फूलों की डंडी पानी में डूबी रहे पानी में प्रिजर्वेटिव भी मिलाते हैद्ध फूलों को कम से कम 3 घंटे पानी में रखने के बाद ग्रेडिंग के लिए निकालना चाहिएद्ध यदि ग्रेडिंग देर से करनी हो तो फूलों को 1 से 3 डिग्रीसेंटीग्रेट तापक्रम पर कोल्ड स्टोरेज रखना चाहिए जिससे कि फूलों की गुणवत्ता अच्छी रह सके

गुलाब के पौधे गृहवाटिका में मिटटी के गमलों में आसानी से उगे जा सकते हैं, जो कम से कम 30 सेंटीमीटर घेरे के और उतने ही गहरे हों। मिनिएचर गुलाब के लिये 20 से 25 सेंटीमीटर आकार के गमले पर्याप्त हैं। गमलों को स्वच्छ वातावरण में रखा जाए। जैसे ही नयी कोपलें और शाखाएं अंकुरित होने लगें, उन्हें ही सूरज की रोशनी में रखें। दिन भर इन्हें 4-5 घंटे धूप अवश्य मिलनी चाहिए। हाँ, गरमी की कड़कती धूप में 1-2 घंटे ही पर्याप्त हैं।

जब जहाँ भी चारों ओर गुलाब खिलता है तो सब ओर इस की सुरभि व्याप्त हो जाती है। फरवरी-मार्च में गुलाब अपने पूर्ण यौवन और बहार पर होता है। आओ, इसे अपनी गृहवाटिका में उगायें और इस के सौंदर्य और महक का आनंद लें।

## गुलाब की खेती के लिए आवश्यक सावधानियां

बरसात के मौसम में गमलों और क्यारियों में बहुत देर तक पानी भरा न रहने दें।

हर साल, पौधों की छंटाई कर, गमले के ऊपर की 2-3 इंच मिट्टी निकाल कर उस में उतनी ही गोबर की सड़ी खाद भर दें।

हर 2-3 साल के बाद सम्पूर्ण पौधे को मिट्टी सहित नए गमले में ट्रांसफर कर दें। चाहें तो गमले की मिट्टी बदल कर ताजा मिश्रण भरें।

यह प्रक्रिया सितम्बर-अक्टूबर में करें।

## गुलाब की खेती करने के लिए पौध तैयार करना



आमतौर पर जुलाई-अगस्त में मानसून आते ही गुलाब लगाया जाता है। सितम्बर-अक्टूबर में तो यह भरपूर उगाया जाता है। गुलाब लगाने की सम्पूर्ण विधि और प्रक्रिया अपनाई जाए तो यह फूल मार्च तक अपने सौंदर्य, सुगंध और रंगों से न केवल हमें सम्मोहित करता है बल्कि लाभ भी देता है। जंगली गुलाब के ऊपर टी बडिंग द्वारा इसकी पौध तैयार होती हैद्ध जंगली गुलाब की कलम जून-जुलाई में क्यारियों में लगभग 15 सेंटीमीटर की दूरी पर लगा दी जाती हैद्ध नवम्बर से दिसंबर तक इन कलम में टहनियां निकल आती है इन पर से काटे चाकू से अलग कर दिए जाते हैद्ध जनवरी में अच्छे किस्म के गुलाब से टहनी लेकर टी आकार कालिका निकालकर कर जंगली गुलाब की ऊपर टी में लगाकर पालीथीन से कसकर बाँध देते हैद्ध ज्यो-ज्यो तापमान बढ़ता है तभी इनमे टहनी निकल आती हैद्ध जुलाई अगस्त में रोपाई के लिए पौध तैयार हो जाती है। पौधशाला से सावधानीपूर्वक पौध खोदकर सितम्बर-अक्टूबर तक उत्तर भारत में पौध की रोपाई करनी चाहिएद्ध रोपाई करते समय ध्यान दे कि पिंडी से घास फूस हटाकर भूमि की सतह से 15 सेंटीमीटर की ऊंचाई पर पौधों की रोपाई करनी चाहिएद्ध पौध लगाने के बाद तुरंत सिंचाई कर देना चाहिए।



# पांच दिवसीय सांभर फेस्टिवल का रोमांच के साथ समापन





जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** अपने लवणीय स्वाद के लिए विश्व विख्यात सांभरझील में आयोजित पांच दिवसीय का मंगलवार को समापन हुआ। फेस्टिवल में रविवार को करीब एक लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे। फेस्टिवल स्थल खचाखच भर गया। प्रदेश भर से करीब एक लाख सैलानियों ने झील का दीदार किया। उमड़े सैलाब के आगे पार्किंग की व्यवस्था भी धरी रह गई। करीब तीन किलोमीटर तक वाहनों की पार्किंग की गई। होटल फुल हो गई, ट्रेन विजिट, पैरा मोटरिंग, पैरासिलिंग, एटीवी, बाइक राइडिंग आदि के लिए सैलानियों की लम्बी कतार लग गई और घंटों तक इंतजार करना पड़ा। सांभर झील की सुंदरता, विदेशी पक्षी फ्लेमिंगो की गुलाबी आभा, पर्यटक ट्रेन की सवारी का आकर्षण, पैरा मोटरिंग, पैरा सिलिंग, एटीवी, घुड़ सवारी, केमल सफारी ने पर्यटको को रोमांचित कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक फेस्टिवल में रविवार को कार, बाइक, बस, ऑटो आदि 8 हजार से अधिक संख्या में वाहन रहे जिनको पार्किंग के लिए झपोक व कोच्या की ढाणी के खेतो में ले जाया गया। सांभर से शाकम्भरी माता जाने वाले सड़क मार्ग पर दिनभर वाहन रेंगते हुए चले। कई दफा जाम लग गया जिसे सुचारू कराने के लिए पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। फेस्टिवल में सैलानियों ने छाछ राबड़ी, पकोड़ी, जलेबी सहित कई व्यंजनो का लुत्फ उठाया। वही फेस्टिवल में कलाकारों ने मनोहारी प्रस्तुतिया देकर समां बांधा। पद दंगल, कच्ची घोड़ी नृत्य, कठपुतली नृत्य, बांसुरी वादन, तबला वादन सहित सांस्कृतिक देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। फेस्टिवल में सोमवार व मंगलवार को भी हजारों लोग पहुंचे। पर्यटन विभाग के उप निदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि पांच दिवसीय फेस्टिवल की अपार सफलता के चलते आगामी फेस्टिवल में और अधिक इंतजाम करने पड़ेंगे। वही समापन सत्र के दौरान पांच दिवसीय फेस्टिवल में प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया।

## बैंक में पेंशन लेने आई बुजुर्ग महिला के 1500 रूपये लेकर उच्चका फरार



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** कस्बे के बैंक ऑफ़ बड़ौदा में पेंशन लेने आए एक गरीब बुजुर्ग महिला केली रेगर निवासी जावदा को झांसे में लेकर एक नशेड़ी उच्चका पेंशन के 1500 रुपए लेकर चंपत हो गया।जानकारी के मुताबिक नशेड़ी विजेश शर्मा बैंक के बाहर से ही वृद्धा केली के साथ लग गया और पैसे निकलवाने में मदद करने के बहाने झांसे में ले लिया।जब बैंक से महिला ने पैसे ले लिए तो विजेश छुट्टे लेकर आने की बात कहकर 1500 रुपए लेकर फरार हो गया।काफी देर तक भी जब विजेश नहीं लौटा तो महिला दहाड़े मार कर रोने लगी।वारदात बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस विजेश की तलाश में जुटी हैं।

## बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क क्लासेज




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** कस्बे के सामाजिक संगठन युवा शक्ति क्लब द्वारा बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क क्लासेज का आयोजन 1 से 15 फरवरी तक किया जाएगा। जिसमें विषयाध्यापक अपनी सेवाएं देंगे।अंग्रेजी-गजेंद्र सिंह चौहान, नरेश सिंह तंवर, बलवंत जैन। रसायन विज्ञान -नितिन चित्तौड़ा, संदीप कोली। भूगोल और अर्थशास्त्र रमेश प्रजापति। भौतिक विज्ञान वैभव दाधीच, कृषि विज्ञान राकेश राठौर, गणित पंकज सोनी,मुकेश सेन। विज्ञान धर्म सिंह पवार। विदित हैं कि निःशुल्क क्लासेज में अब तक 200 से ज्यादा छात्र लाभान्वित हो चुके हैं।

## सेविका हॉस्पिटल करेगा हेलमेट का वितरण ... अभिमन्यु सिंह

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)** अपेक्स रणथंभौर सेविका हॉस्पिटल के केंद्र अधीक्षक अभिमन्यु सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कल बुधवार को प्रातः 11.00 बजे जिला प्रशासन के सहयोग से सेविका हॉस्पिटल की तरफ से हेलमेट का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर सवाई माधोपुर तथा बाहर से आने वाले सभी नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में बताया जाएगा और उनके तथा उनके परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनाकर सुरक्षा के प्रति सचेत किया जाएगा। अभिमन्यु सिंह ने बताया कि हॉस्पिटल की तरफ से रणथंबोर चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से 101 हेलमेट वितरण कर नागरिकों की सुरक्षा का पूर्ण प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के कर कमल द्वारा हेलमेट वितरण की शुरूआत की जाएगी, जो भी नागरिक हेलमेट नहीं लगाते हैं अथवा हेलमेट से वंचित है, उनको हेलमेट देकर सुरक्षित रहने का वादा उनके द्वारा करवाया जाएगा। अभिमन्यु सिंह ने बताया कि सभी हेलमेट उच्च गुणवत्ता वाले तथा भारतीय मानक आई एस आई वाले होंगे। वर्तमान में मुख्यालय पर बढ़ते ट्रैफिक और आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोकने की कोशिश करते हुए वे दुपहिया चालकों को यह हेलमेट वितरित कर उनके व उनके परिवार की सुरक्षा के प्रति सबको सचेत करेंगे।

## रोजगार सहायता शिविर 31 जनवरी को

### शिविर में मौके पर होगा बेरोजगार युवकों का साक्षात्कार व प्राथमिक चयन

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय सवाई माधोपुर के द्वारा द्वारा रोजगार सहायता शिविर का आयोजन 31 जनवरी को प्रातः 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर सवाई माधोपुर में किया जाएगा। सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय विवेक भारद्वाज ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र की कम्पनी द्वारा मौके पर ही बेरोजगार युवकों का साक्षात्कार लेकर प्राथमिक चयन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न राजकीय विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के आवेदन पत्र भी कार्यक्रम स्थल पर ही तैयार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में राजस्थान कौशल एवं राजीविका विकास निगम सवाई माधोपुर एवं बडौदा स्वरोजगार विकास निगम सवाई माधोपुर द्वारा बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण के लिए आवेदन पत्र तैयार किए जाएंगे। बेरोजगार आशार्थी शिविर में पासपोर्ट साईज फोटो, समस्त मूल शैक्षिक/प्रशैक्षिक दस्तावेज के साथ अपना रिज्युम भी साथ लाए।

## शहीद दिवस 30 जनवरी को

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में 30 जनवरी को शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 30 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कार्यक्रम किया जाएगा। इसके पश्चात रामधुनी व गांधीजी के प्रिय भजनों का गान एवं प्रातः 11 बजे दो मिनट का मौन रखा जाएगा।

खबर का असर

# बच्चों के सर से उठा मां-बाप का साया फिर भी किसी को नहीं आई रहम भाया

**खबर प्रकाशित होने के साथ ही प्रशासन आया हरकत में**

**बच्चों को सरकारी सुविधा मिल सके इसके लिए जिला कलेक्टर के निर्देशन पर नावा उपखंड अधिकारी जीतू कुलहरी ने खुद आगे आकर बच्चों की पैरवी**

**दादा दादी के जनाधार में नाम जुड़वाने के साथ ही पालनहार सुविधा भी हुई शुरू**



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पांचोंता के रहने वाले विराट उम्र 11 और कोमल उम्र 5 साल अपनी बुआ गोरा देवी के साथ सरकारी पालनहार की सुविधा लेने के लिए दर दर की ठोकरे खा रहे थे बच्चों की बुआ गोरा देवी ने बताया कि 29 जून 2022 को उसके भाई सुगनाराम पुत्र मानाराम जाट निवासी बिजानियो की ढाणी पांचोंता का परबतसर के पास दुर्घटना में मौत हो गई और बच्चों की मां और मेरी भाभी सोनी देवी बच्चों को छोड़कर पुनर्विवाह (नाता) जगदीश प्रसाद पुत्र जोधाराम जाट निवासी खाचरियावास दातारामगढ़ से कर ली। बच्चों के सर से मां-बाप का साया उठ गया और बच्चों का पालन पोषण दादा-दादी कर रहे हैं जिनकी उम्र भी काफी ज्यादा है सरकार से मिलने वाली पालनहार योजना का लाभ बच्चों को मिल सके इसके लिए बच्चों को दादा दादी के जनाधार में जोड़ने के लिए दर दर की ठोकरे खानी पड़ रही थी पर बच्चों के सर से उठा मां-बाप का साया फिर भी किसी को नहीं आई रहम भाया खबर प्रकाशित होने के साथ ही प्रशासन हरकत में आया और बच्चों को सरकारी सुविधा मिल सके इसके लिए जिला कलेक्टर के निर्देशन पर नावा उपखंड अधिकारी जीतू कुलहरी ने खुद आगे आकर बच्चों की पैरवी की और नावा विकास अधिकारी की टीम को साथ लेकर बच्चों के नाम दादा दादी के जनाधार में नाम जुड़वाने के साथ ही पालनहार सुविधा भी शुरू करवा दी गई। उपखंड अधिकारी जीतू कुलहरी ने बताया कि बच्चों की बुआ गौरा देवी ने बताया कि विराट और कोमल अपनी मम्मी सोनी देवी के जनाधार में जुड़े हुए हैं पिता की मौत दुर्घटना में हो गई और मम्मी ने पुनः विवाह कर लिया मम्मी द्वारा कोई ओटीपी नहीं दिया जा रहा बल्कि पिता की मौत दुर्घटना से होने पर मिलने वाले चिरंजीवी क्लेम की राशि और बच्चों को मिलने वाली पालनहार की राशि भी बच्चों को नहीं दी जा रही बल्कि विधवा पेंशन भी उठा रही है। जबकि बच्चों का पालन पोषण देख रेख बच्चों के दादा-दादी कर रहे हैं और बच्चों को सरकार से मिलने वाली सुविधाएं मिल सके जिसके लिए बच्चों का नाम बच्चों की माता सोनी देवी के जनाधार से हटाकर बच्चों की दादी सरजू देवी के जन आधार में नाम जोड़ा जाए । जिसको लेकर जिला कलेक्टर पुखराज सैन के निदर्शन में बच्चों का नाम दादा दादी के जनाधार कार्ड में जुड़वा कर पालनहार सुविधा भी शुरू कर दी है और बच्चों का खाद्यय सुरक्षा में नाम जुड़वा कर सरकार से मिलने वाली सभी योजनाएं दिलवा दी जाएगी।

**सरकारी योजना का लाभ पाने के लिए बच्चे और बुआ खा रहे दर-दर की ठोकरें**

जयपुर टाइम्स

**कुचामनसिटी(निस.)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पांचोंता के रहने वाले 11 वर्षीय विराट और 5 वर्षीय कोमल, अपनी बुआ गोरा देवी के साथ सरकारी पालनहार योजना का लाभ लेने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। बच्चों के पिता सुगनाराम की 29 जून 2022 को परबतसर के पास एक दुर्घटना में मौत हो गई थी, जबकि उनकी मां सोनी देवी ने पुनर्विवाह कर लिया।

बच्चों की देखभाल अब उनके बुजुर्ग दादा-दादी कर रहे हैं, लेकिन सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बच्चों का नाम दादा-दादी के जनाधार में जुड़वाने में लगातार अड़चनें आ रही हैं। बच्चों की मां सोनी देवी, जो वर्तमान में विधवा पेंशन उठा रही हैं, चिरंजीवी योजना की क्लेम राशि और पालनहार योजना का लाभ भी खुद ले रही हैं।

बुआ गोरा देवी का कहना है कि बच्चों की मां ओटीपी साझा नहीं कर रही हैं, जिससे बच्चों का नाम उनके जनाधार से हटाकर दादी सरजू देवी के जनाधार में जोड़ा जा सके। इसके चलते न तो बच्चों को पालनहार योजना का लाभ मिल पा रहा है और न ही उनके अधिकार सुरक्षित हो पा रहे हैं।

बुजुर्ग दादा-दादी की उम्र ज्यादा होने के बावजूद वे बच्चों की देखभाल कर रहे हैं। गोरा देवी प्रशासन से गुहार लगा रही हैं कि बच्चों को उनका हक दिलाया जाए।

**प्रशासनिक सहायता की दरकार**

मामले में सरकारी उदासीनता भी नजर आ रही है। बुआ गोरा देवी ने कहा कि बच्चों का नाम दादा-दादी के जनाधार में जोड़ने के लिए वह कई बार अधिकारियों के पास जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सरकार और प्रशासन से यह उम्मीद है कि इन बच्चों को जल्द से जल्द पालनहार योजना का लाभ मिले और उन्हें बेहतर

# जिला कलक्टर ने ली मेडिकल कॉलेज में अधिकारियों की बैठक

## निर्माण कार्यो में प्रगति लाने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** मेडिकल कॉलेज सवाई माधोपुर का प्रथम सत्र प्रारम्भ होने के पश्चात जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने मंगलवार को निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ कार्यालय प्रिंसिपल राजकीय मेडिकल कॉलेज, सवाई माधोपुर में बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने आरएसआरडीसी द्वारा चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा कर कार्यो में गति लाने के निर्देश आरएसआरडीसी को प्रदान किए। उन्होंने बैठक में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग सवाई माधोपुर द्वारा लीज लाइन और इंटरनेट कनेक्टिविटी के बारे में जानकारी लेकर इंटरनेट कनेक्टिविटी सुचारू रूप चालू करवाने के निर्देश प्रदान किए ताकि छात्रों की वर्चुअल कक्षाएं शुरू की जा सके। जिला कलक्टर ने मेडिकल कॉलेज के लिए नगर विकास न्यास सवाई माधोपुर द्वारा आवंटित भूमि का दोबारा सीमाज्ञान करवाकर मेडिकल कॉलेज भूमि से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कॉलेज के मेस और हॉस्टल में फायर सेफ्टी उपकरण लगवाने के निर्देश संबंधित को दिए। साथ ही उन्होंने मेडिकल कॉलेज में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी को प्रदान किए। बैठक में प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज पंकज गुप्ता, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बाबूलाल लाल मीना, डॉ. महेश मीना, डिप्टी आरसीएचओं डॉ. रूकमकेश मीना, सुमित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**रतनगढ़(निस)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का रतनगढ़ के अल्प प्रवास पर निजी होटल में पहुंचने पर सालासर फांटा के पास मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। भाजपा नेता अरविंद इंदौरिया के नेतृत्व में हुए स्वागत में प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ का दुपट्टा, शॉल, पुष्पहार और साफा पहना कर उत्साह के साथ अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व से आज भारत का डंका पूरे विश्व में गूंज रहा है, हम सब के लिए यह गौरव का विषय है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से काम करते हुए हर तबके के उत्थान के लिए प्रयास कर रही है। इस मौके पर भाजपा नेता अरविंद इंदौरिया ने रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं पर प्रदेश अध्यक्ष से चर्चा कर समाधान की मांग की। इस अवसर पर पूर्व सरपंच पवन सिंह कुसुमदेसर, वरिष्ठ नेता रमेश कुमार पारीक, सरपंच दातार सिंह भरपालसर, युवा नेता नवल महर्षि, शंकरलाल कम्मा, भरत सैनी, हनुमान बारवाल, पूरणमल दादरवाल, दल्लू सिंह लूंछ, पूरणमल गोदारा, ओमप्रकाश जांगिड़, रामावतार रक्षक, श्रीकृष्ण सैनी, पवन फुलभाटी, कालूराम भार्गव, परमेश्वर प्रजापत, नेमीचंद हारित, संतोष महर्षि, रामस्वरूप भार्गव, पिंटू खटीक, लीलाधर प्रजापत, बुला भाटी, पुरुषोत्तम प्रजापत, भागीरथ गोदारा, चेतन बिरडा, राजू सिंह, सुधीर शर्मा, पीयूष रांकावत, पार्षद रामकिशन माटोलिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वित्तिय वर्ष 2025-26 में सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के

### बीमा दावा प्रपत्र ऑनलाईन भिजवाएं

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** जिले के समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारी वित्तीय वर्ष 2025-26 में सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीमा दावा प्रपत्र ऑनलाईन भिजवाएं। सहायक निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग सवाई माधोपुर रामस्वरूप् मीणा ने जिले के अन्तर्गत विभागों के समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों को सूचित करते हुए बताया है कि वित्तिय वर्ष 2025-26 में सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीमा दावा प्रपत्र ऑनलाईन भिजवाए जाने हैं। ऐसे कार्मिक जिनकी जन्मतिथि 1 अप्रैल, 1965 से 31 मार्च, 1966 के मध्य है, उनकी पॉलिसी 1 अप्रैल, 2025 को परिपक्व हो रही है। इस हेतु विभाग द्वारा बीमा परिपक्वता अभियान चलाया जा रहा है। सभी कर्मचारी/अधिकारी जो इस अवधि में सेवानिवृत हो रहे हैं, वे अपने बीमा दावा प्रपत्र मय मूल पॉलिसी, पासबुक व पदस्थापन विवरण एसआईपीएफ पोर्टल पर 31 जनवरी, 2025 तक आवश्यक रूप से अपलोड करें ताकि भुगतान की कार्यवाही समय पर की जा सके। यदि कोई कर्मचारी अपनी पॉलिसी को मार्च, 2026 तक जारी रखना चाहता है तो वह लिखित में अपना विकल्प पत्र प्रेषित करें। उन्होंने बताया कि समय पर क्लेम फॉर्म सबमिट नहीं किए जाने की स्थिति में विभाग में उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर भुगतान कर दिया जाएगा। यदि भविष्य में किसी प्रकार की देयता उत्पन्न होती है तो सम्बन्धित कार्मिक व उसके आहरण वितरण अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल चाकसू जिला जयपुर**

क्रमाकः– न.पा.चा. / 2024–25 / 4601 दिनांक : 27.01.2025

**निविदा–सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका चाकसू द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु नियत धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क नकद जमा कराने पर ही निविदा प्रपत्र विक्रय किया जावेगा, निविदा प्रपत्र एवं धरोहर की राशि दिनांक 07.02.2025 को 01.00 बजे तक जमा की जा सकेगी तथा निविदा प्राप्ति तिथि 07.02.2025 को बन्द लिफाफें में दोपहर 3.00 बजे तक वापिस जमा की जाकर निविदा दिनांक 07.02.2025 को ही उपस्थित निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधि के समक्ष सांय 4.00 बजे खोला जायेगा। निविदा स्वीकार / अस्वीकर करने का अधिकार अध्यक्ष / अधिशाषी अधिकारी का होगा। निविदा पत्र प्राप्त करने हेतु आयकर (पेनकार्ड) व जीएसटी की छाया प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करनी होगी। शेष शर्तें एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। निविदा तिथि को आकस्मिक अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस में निविदाएं विक्रय की जावेगी।

| S. No | UBN No. |
|---|---|
| 1 | DLB2425WSOB15672 |
| 2 | DLB2425WSOB15674 |
| 3 | DLB2425WSOB15676 |

राज.संवाद / सी / 24 / 10928 अधिशाषी अधिकारी

**OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER, PHED DISTRICT RURAL DIVISION-II, JAIPUR**

No:- 74698-14 Date: 17/1/25

**EXECUTIVE ENGINEER, PHED DISTRICT RURAL DIVISION-II, JAIPUR**
**(Name of Procuring Entity)**

Bids for related to Water Supply Schemes of subject matter of procurement are invited from interested bidders up to 01:30 PM Date 28.01.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://www.sppp.rajasthan.gov.in) of the state; and PHED Department website.

**UBN**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 139/24-25 | UBNPHE2425WSOB08320 | 17.01.2025 |
| 01 | 140/24-25 | UBNPHE2425WSOB08321 | 17.01.2025 |

DIPR/C/868/2025

**Executive Engineer,
PHED, Distt. Rural Div-II,
Jaipur.**

**नोटिस मजरिया अदालत अपर जिला न्यायाधीश, रतनगढ़ (चूरू)**

नं. म. सन 2020

गुलाब देवी - आवेदक बनाम सर्व साधारण आदि-अनावेदकगण

**प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उतराधिकार अधिनियम**

**नोटिस बनाम सर्वसाधारण**

उरोक्त अनुवानी प्रार्थना-पत्र उतराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने बावत आवेदक गुलाबदेवी पत्नी स्व0 बच्छराज बरड़िया निवासी चोटीया बास, राजलदेसर जिला चूरू (राज0) हाल निवासी एन.एस. रोड़, होटल कस्तुरी के पीछे, जयगांव, जलपाई गुड़ी (पश्चिम बंगाल) द्वारा न्यायालय वाला में अपनी सगी सास भीकीदेवी बरड़िया पत्नी सम्पतमल बरड़िया निवासी चोटीया बास, राजलदेसर जिला चूरू (राज0) की उतराधिकारी होने बावत उतराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्ति हेतु प्रस्तुत किया है, जो विचाराधीन है। जिसमें आप अनावेदक के रूप में पक्षकार संयोजित है।

अतः आपको जरिये नोटिस आगाह किया जा रहा है कि यदि आपको कोई उजर आपति हो तो तारीख पेशी 30/1/2025 के रोज वक्त ए.एम. पर स्वयं अथवा जरिये अपने अधिवक्ता उपस्थित होकर वजह जाहिर करें। इसके बावजूद भी आपके अनुपस्थित रहने पर उतराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्ति का प्रार्थना-पत्र की एकतरफा सुनवाई की जाकर प्रार्थना-पत्र का फैसला कर दिया जावेगा ।

नोटिस आज दिनांक 06/1/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**न्यायालय की आज्ञा से
रीडर,
न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश, रतनगढ**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
29 जनवरी, 2025

## सर्प शिक्षक कैलाश सैनी का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में आयोजित एक दिवसीय सर्पशिक्षा व सर्प जागरूकता कार्यक्रम में शहर के सर्प वैज्ञानिक कैलाश चंद सैनी को राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड संघ लक्ष्मणगढ़ के पदाधिकारियों की ओर से शाल ओढा कर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता पूर्व कुलपति महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर व मिशन स्नेक बाईट फ्री इंडिया के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर प्रो.के के शर्मा रहे। इस मौके पर स्थानीय संघ के सचिव प्यारेलाल नायक, रामनिवास राजोतिया, आसाराम शास्त्री, ताराचंद जाखड़, लक्ष्मणराम शर्मा, अर्जुन लाल वर्मा, महावीर प्रसाद सैनी, विद्यालय प्रभारी रघुनंदन शर्मा, जयेश शर्मा, महाबीर राजस्थान वाइल्डलाइफ एंड नेचर सोसाइटी के सचिव सर्प शिक्षक जालिम सिंह, बुद्धप्रकाश सैनी, भवानी शंकर सोनी, पंकज वर्मा सहित विद्यालय के विद्यार्थी, अभिभावक व आमजन मौजूद रहे।

## महिला प्रकोष्ठ की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत विभिन्न सृजनात्मक व रचनात्मक दो दिवसीय प्रतियोगिताएं सोमवार व मंगलवार को आयोजित की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन.एस.नाथावत ने बताया कि महिला प्रकोष्ठ संयोजक रिमझिम शेखावत व सहसंयोजक डॉ बीना जोशी व अन्य महिला व्याख्याताओ की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। आशु भाषण प्रतियोगिता में भूमिका चोटिया प्रथम, सना कुरेशी द्वितीय व मुब्बसिरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ में प्रथम रही भूमिका चोटिया, द्वितीय स्थान पर खुशी वर्मा व तृतीय स्थान पर मुब्बसिरा रही। केश सज्जा प्रतियोगिता में बबीता कुमारी प्रथम, सना कुरेशी द्वितीय, पायल सोनी व तबस्सुम सैयद तृतीय स्थान पर रही। मोटा अनाज प्रतियोगिता में इप्शिता शर्मा प्रथम, भूमिका चोटिया द्वितीय व मोनिका कुमारी तृतीय स्थान पर रही। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कोमल, द्वितीय स्थान पर इप्शिता शर्मा व तृतीय स्थान पर खुशी वर्मा रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पायल सोनी और ग्रुप रहे, द्वितीय स्थान पर आरती और ग्रुप रहे व तृतीय स्थान पर संपत्ति कुमारी और ग्रुप रहे। वन मिनट गेम में क्रमशः महिमा सोनी व उर्मिला कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता छात्रों को प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत व प्रबंध समिति सचिव आशकरण शर्मा ने बधाई दी।

## नैतिक और कानूनी कर्तव्यों को अपनाने का आह्वान




जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा के तत्वावधान में कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा के झुंझुनू जिला सचिव डॉक्टर विकास भड़ीया रहें। उन्होंने छात्राओं से अपने जीवन में नैतिक और कानूनी कर्तव्यों को अपनाते हुए जीवन पथ पर आगे बढ़ाने को कहा। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर सुनीता बेनीवाल, सहायक आचार्य सुभाष चंद्र, वंदना कुमारी, योगेंद्र कुमार, रविकांत मीणा तथा छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन इकाई सचिव अविनाश कुमार मील ने किया।

## मेघवाल समाज संघ ने किया वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** जिला मुख्यालय पर मेघवाल समाज संघ (रजि.) ने समाज हित में कार्य करने वाले समाज के वरिष्ठजनों का अंबेडकर भवन झुन्झुनू में सम्मान समारोह रखा गया। जिसमें समाज के 134 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। जिनका सम्मान मेघवाल समाज के विकास में उनके किए गए अभूतपूर्व योगदान के लिए किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेश कुमार आबूसरिया आई एफ एस, अध्यक्षता प्रोफेसर ओंकार मल, विशिष्ट अतिथि विधायक पितराम सिंह काला, एडीएम झुन्झुनू अजय कुमार आर्य, डिप्टी सीएचएमओ भंवरलाल सर्वा रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुरेश आबूसरिया ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का समाज के विकास में अतुलनीय योगदान है, जिसकी वजह से मेघवाल समाज ने इतनी तरक्की की है।

# ब्लॉक स्तरीय हाइटेक लैब का विधायक ने किया शुभांरभ

### मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स



**उदयपुरवाटी(निस)।** कस्बे की जयपुर रोड़ पर स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक स्तरीय मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य चिकित्सा शिविर के फ़ॉलोअप केम्प का आयोजन किया गया। वहीं ब्लॉक स्तरीय निशुल्क जांच के लिए हाइटेक लैब का शुभारंभ भाजपा पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने फीता काटकर किया। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर बीसीएमओ डॉक्टर मुकेश भूपेश की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी थे। विशिष्ट अतिथि एसडीएम सुमन सोनल, नीमकाथाना विद्युत विभाग एसी शीशराम, विद्युत विभाग एईएन मनफूल वर्मा, नगर मंडल संयोजक एडवोकेट लक्ष्मण सैनी, बुथ अध्यक्ष विजय चेजारा, किसान नेता धनाराम सैनी रहे। शिविर का शुभारंभ अतिथियों ने फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी का बीसीएमओ डॉक्टर मुकेश भूपेश व चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अनिमेष गुप्ता ने साफा व पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। सभी अतिथियों का मेडिकल टीम ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व विधायक चौधरी ने शिविर में संबोधित करते हुए कहा कि शिविर का उद्देश्य हर मरीज को मेडिकल टीम मौके पर ही इलाज व परामर्श मिले। सरकार की ओर से चलाए गए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर अभियान से हर व्यक्ति को कहीं पर भी इलाज उपलब्ध हो। जिससे मरीज का जीवन सुरक्षित हो सके। डॉक्टर मुकेश भूपेश ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि लगभग 2 साल से दिव्यांगजन के प्रमाण पत्र बनाने में काफी समस्याएं आ रही थी। उन समस्याओं को मध्य नजर रखते हुए राजस्थान की सरकार ने हर सीएचसी व पीएचसी पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया है। जिसमें काफी लोग जो जिला मुख्यालय पर नहीं जा पाते हैं उन मरीजों व दिव्यांगजनों को यहीं पर सुविधा उपलब्ध हो। डॉक्टर अनिमेष गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों के छह पद खाली होने का हवाला देते हुए कहा कि सीएचसी में 17 पद की आवश्यकता है जिसमे 8 ही उपलब्ध है इसलिए नए डॉक्टर ओर लाने की मांग की जिससे लोग ओर अधिक लाभान्वित हो। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अनिमेष ने सभी अतिथियों का मेडिकल टीम और शिविर में आए वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों व मरीजों का आभार व्यक्त किया। शिविर के दौरान मरीजों को आवश्यक उपचार के साथ विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों की टीम में मेडिसिन डॉक्टर प्रदीप, सर्जन डॉक्टर मनोज सैनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप, ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर सुरेश भाकर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सारिका मोदी, डॉक्टर गौरी शंकर मीणा, फिजियो डॉक्टर अरविंद जाखड़, दंत चिकित्सक डॉक्टर प्रतिभा शर्मा, आयुर्वेद डॉक्टर राजेंद्र कुमावत, डॉक्टर परमानंद शर्मा आदि ने अपनी सेवाएं देते हुए दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए।

## गणतंत्र दिवस 41 प्रतिभाओं का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** कस्बे के मुकुंदगढ़ रोड स्थित खेल स्टेडियम में उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीएम मुनेश कुमारी रही। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार सुरेंद्र भास्कर, नायब तहसीलदार मुकेश भाकर, पूर्व पालिका अध्यक्ष सज्जन मिश्रा, थानाधिकारी रामनिवास, दिनेश धाभाई, निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष सुभाष कड़वासरा, पार्षद हरिराम चेजारा रहे। एसडीएम मुनेश कुमारी ने ध्वजारोहण किया व परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह में शहीद वीरांगनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 41 लोगों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर, राजस्थान पब्लिक स्कूल, करणी कृपा शिक्षण संस्थान, ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल, सुदीक्षा पब्लिक स्कूल सहित अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में नानी बाई जयपुरिया स्कूल ने प्रथम, पूनम बालिका महाविद्यालय ने दूसरा और आदर्श विद्या मंदिर स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वही कार्यक्रम में अतिथियों की ओर से महावीर प्रसाद अतिरिक्त ऑफिस कानूनगो, मनीष कुमार राजस्व लेखाकार, सुमेर सिंह पटवारी वाहिदपुरा, चिन्ना देवी पटवारी मेहरादासी, संजय कुमार अध्यापक डीआरडी स्कूल मंडावा, प्रताप सिंह शेखावत स्काउट प्रभारी बाल पब्लिक स्कूल मंडावा, नरेंद्र ढाका टेक्नीशियन विद्युत विभाग मंडावा, सुबोध मेहरिया टेक्नीशियन विद्युत विभाग मंडावा, अनिल रूहेला सामुदायिक विकास अधिकारी आरयूआईडीपी मंडावा, भामाशाह शंकर लाल केडिया रामस्वरूप देवड़ा व सामाजिक कार्यकर्ता राजेश रणजीरोत, रविंद्र शर्मा सहित 41 लोगों का अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

## नाटास विद्यालय में वार्षिक उत्सव मनाया



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** रा. उ. मा. वि. नाटास में वार्षिक उत्सव धूम धाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी बजरंगलाल सोलाना, विशिष्ट अतिथि राजकुमार शर्मा, समाजसेवी सतनारायण केडिया, मोहनलाल, संतोष गोयल, पुरुषोत्तम शर्मा, अध्यक्षता ओम नारायण प्रधानाचार्य रहे। मुख्य वक्ता सुभाष खेरवा, महिपाल महला अजय केडिया नाटास,चंदू शर्मा, कप्तान चंदनी राम, शुभकरण, अरविंद केडिया, पूर्व सरपंच शिव कुमार, सूबे. सोहनलाल, छाजूराम, सुभाष महला रहें। गत वर्षों में विद्यालय में टॉपर रही छात्राओं को स्कूटी मिली जिसमें नीतू रावत, मनीषा गुजर, मीनू, पूजा, ज्योति, रवीना, बुलकेश, प्रिया व एकता को लैपटॉप मिलने के कारण विद्यालय की और से सम्मानित किया गया। कक्षा में प्रथम और दितीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को पारितोषिक दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में रंगारंग प्रस्तुतियां के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय विकास में प्रेरक के रूप में हवा सिंह बामिल और अनिल कुमार रोजडिया, संजय कुमार, सम्मानित किया। इस अवसर पर अनीता, शशिकला, मुनि, सुनील कुमार, देशराज, धनाराम, सुरेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, गोकुल सिंह, रामजीलाल, सतीश कुमार, अशोक कुमार आदि स्टाफ सदस्यों ने प्रोग्राम को सफल बनाने में सहयोग दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक दिया गया।

## दरगाह हजरत मीरू शाह का 107 वां उर्स मनाया

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर स्थित दरगाह हजरत मिरूशाह रह.अलैह का सालाना उर्स बड़ी अकीदत के साथ मनाया गया। वार्ड संख्या 59 ईदगाह मोहल्ले में 107 वर्ष पुरानी दरगाह के गद्दी नसीम पीर गुलाम नबी खा की सरपरस्ती में सुबह फजर की नमाज के बाद कुरान ख्वानी हुई। सुबह 8.00 बजे बाद मिलाद शरीफ व नाते पाक ओर मौलानाओं की ओर से तकरीर का कार्यक्रम हुआ। दिन में 11.00 बजे कव्वाली का आयोजन हुआ और दरगाह कमेटी की ओर से चादर चढ़ाई गई। फिर लंगर खोला गया। जायरीनो ने लंगर में खाना खाया। दिनभर कव्वालीयों का प्रोग्राम चलता रहा। जायरीनों ने फूल माला और चादर चढ़ाकर मन्नतें मांगी और दुआएं की। बगड़ दरगाह हज़रत इज्जतुल्लाह शाह के पीर दिन मोहम्मद ने बताया कि शेखावाटी अंचल की मशहूर दरगाह बगड़ शरीफ से निस्बत रखने वाले जो बुजुर्ग हुए हैं चाहे वह सीकर, चूरू झुन्झनू, क्षेत्र में ऐसी कई दरगाह -ए -खानकाए हैं सूफी संतों ने इस्लामियत के साथ इंसानियत और भाईचारे का पैगाम दिया। जो सूफी संत फकीर हुए हैं उनकी मजारों पर यहां आज भी उर्स भरे जाते हैं, मेले लगते हैं। जिन्होंने बादशाही की, राजा महाराजा रहे, उन्हें आज कोई याद करने वाला भी नहीं है इन फकीरों की दरगाहों पर हजारों की संख्या में लोग दुआएं मांगने आते हैं और भाई चारा सोहार्द का पैगाम देते हैं। उर्स के मौके पर शहर काजी अहमद अली शाह, पीर सैयद शाह, मौलाना अनीस रजा, इनायत खान, डॉ इदरीश खान, शोहेल कुरैशी, एडवोकेट हाकम अली खान, रिजवान खान, इमरान खान, मोइयूद्दीन मास्टर, चमन काजी, इस्लाम खान, जब्बार खान, महबूब खान नसवान, लियाकत खान, सादिक खान आदि ने शिरकत की और पीर दिन मोहम्मद, पीर गुलाम नबी ख़ां गद्दी नसीन दरगाह ने अमन चैन भाईचारे और देश और दुनिया के लिए दुआएं की कुल की रस्म के साथ ही उर्स संपन्न हुआ।

## आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पंचायत समिति परिसर में चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय मानसिक प्रोग्राम के तहत नोडल अधिकारी मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सुभाष चौहान, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र भामू, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय बगडिया, फिजिशियन डॉ. अरविन्द भामू की ओर से 15 दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किये गये। बीसीएमओ डॉ. भूपेन्द्र कुमार ने शिविर का अवलोकन किया। शिविर में नेत्र सहायक लक्ष्मणराम, लक्ष्मण सिंह, सुमन बगडिया, नानूराम, प्रमोद बांगड़वा, रवि सोनी, मनोज कुमार, मंजू सहित एएनएम, आशा सहयोगिनी व चिकित्सा विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

## मेघवाल समाज संघ ने अमृतसर में अम्बेडकर की प्रतिमा खंडित करने पर जताया विरोध




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** मेघवाल समाज संघ ( रजि0 ) जिला शाखा झुंझुनू के जिला अध्यक्ष पवन आलड़िया के नेतृत्व में देश के राष्ट्रपति को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा के माध्यम से ज्ञापन देकर मांग की गई है कि पंजाब राज्य में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने वाले ऐसे असामाजिक तत्वों ने देशद्रोह का काम किया है। पवन आलड़िया ने कहा कि भारत सरकार का शासन -प्रशासन भारत गणराज्य के संविधान से चलता है और गणतंत्र दिवस के मौके पर इस घटना से देश के आत्म सम्मान एवं स्वाभिमान को गहरा आघात पहुंचा है। यह भी मांग की गई है, कि भारत सरकार एक उच्च स्तरीय न्यायिक जांच आयोग का गठन करके पता लगाएं कि इस प्रतिमा खंडित घटना के पीछे किन देशद्रोही शक्तियों का हाथ है और असामाजिक तत्वों को तुरंत गिरफ्तारी कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। संगठन महासचिव डॉ विकास काला ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की भविष्य में कभी पुनरावृति ना हो इसके लिए कठोर कानून बनाकर तुरन्त सज़ा का प्रावधान किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष डॉ अशोक गर्वा, महासचिव अजय काला, डॉ दिनेश बडजात्या, अनुराग बडजात्या, सचिन कांटीवाल, मनोज चंदानी, विकास आल्हा, जिलाध्यक्ष भीम आर्मी, अनिल बाडेटिया,ऐड सुनील सेवदा , शारदा जिनोलिया, मुकेश महरिया उपस्थित रहे।

## मादक पदार्थों की तस्करी का मास्टर माइंड गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** मेगा हाईवे पर मालासर टोल नाका के पास पौने तीन करोड़ की जब्त डोडापोस्त प्रकरण में पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के मास्टर माईंड को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी हनुमानगढ़ के संगरिया थाने में चार साल से व गुजरात के हरनी थाना में करीब एक वर्ष से मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में वांछित चल रहा था। प्रकरण के अनुसार 17 जनवरी को पुलिस ने खाद से भरे एक ट्रक से 97 कटटों डोडापोस्त छिलका बरामद किया, जिसका वजन एक हजार 905 किलो 650 ग्राम था, जिसका बाजार मूल्य करीब पौने तीन करोड़ रुपए बताया गया है। प्रकरण में गिरफ्तार ट्रक चालक 21 वर्षीय भैरूलाल मीणा से राजलदेसर थानाधिकारी कमलेश कुमार की ओर से पूछताछ शुरू की गई, तो सामने आया कि 30 वर्षीय ट्रक मालिक भीलवाड़ा निवासी भैरूलाल जाट निवासी की ओर से उक्त डोडा पोस्त ट्रक में रखवाई गई थी और उसने डीजल व अन्य खर्च के लिए चालक के खाते एवं नकदी के रूप में धनराशि भी दी थी। उक्त डोडापोस्त भीलवाड़ा से पंजाब ले जाई जा रही थी, जिसे रतनगढ़ पुलिस ने जब्त कर ली थी।

### परिजनों ने धरना देकर अस्पताल प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप

# झुंझुनूं में हॉस्पिटल से गायब हुए मरीज का पडौस में मिला शव

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** मरीज के वार्ड से गायब होने व उसकी मौत को लेकर परिवार व हॉस्पिटल मैनेजमेंट के अलग-अलग दावे हैं। एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट मरीज अचानक वार्ड से गायब हो गया। परिजन उसे दिनभर पूरे हॉस्पिटल में ढूंढते रहे। हॉस्पिटल के बाहर भी आसपास तलाश की गई, लेकिन रात तक मरीज का कुछ पता नहीं लगा। पुलिस ने फोन की लोकेशन निकाली तो हॉस्पिटल के पास ही मिली। अस्पताल की छत पर चेक किया तो पड़ोस की छत पर गिरा दिखाई दिया। जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामला झुंझुनूं शहर के आरुणि हॉस्पिटल का 27 जनवरी का है। मैनेजमेंट का दावा है कि मरीज शराब का आदी था। वह खुद चलकर वहां तक गया था। इसके सबूत भी उनके पास हैं। हॉस्पिटल का दावा है कि वीडियो रिकॉर्डिंग है, जिसमें वह खुद ही छत पर गया है और वहां से गिरा है। परिजन की ओर से लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं। कोतवाली एसएचओ नारायण सिंह ने बताया कि हेतमसर गांव निवासी संजीव जाट (45) को 23 जनवरी को एडमिट कराया गया था। बताया जा रहा है उसके लिवर में खराबी थी। संजीव के चचेरे भाई होशियार सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह 8 बजे वार्ड में रूटीन जांच के दौरान नर्स को संजीव गायब मिला। हॉस्पिटल से पता चला कि वह सुबह 4 बजे से ही गायब था। अस्पताल प्रबंधन ने न तो हमें इसकी जानकारी दी और न पुलिस में रिपोर्ट दी। परिजन व अस्पताल के कर्मचारियों ने उसकी पूरे दिन तलाश की। सोमवार रात उसका शव हॉस्पिटल के पीछे बनी दूसरी बिल्डिंग की छत पर मिला। सोमवार रातभर धरने पर बैठे रहे परिजन अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने और अस्पताल को सीज करने की मांग करते रहे। मंगलवार सुबह करीब 4 बजे प्रशासन-परिजनों की सहमति बनी थी। इसके बाद बॉडी को बीडीके हॉस्पिटल में रखवाया गया। आरुणि अस्पताल के संचालक डॉ. संजीव पूनियां का दावा है कि मरीज शराब का आदी था। लिवर खराब होने पर उसे दो-तीन दिन उसे आईसीयू में रखा। फिर जनरल वार्ड में शिफ्ट किया। सोमवार सुबह वह अपने बेड पर नहीं मिला। हमने उसके घरवालों को सूचना दी। घरवाले आए और उसे फोन किया तो फोन नहीं उठाया। फोन की लोकेशन निकाली तो अस्पताल के पीछे वाली बिल्डिंग की छत पर पड़ा मिला। हॉस्पिटल में उसके साथ-किसी प्रकार का कोई झगड़ा नहीं हुआ।

# भाजपा नेता जांगिड़ ने की जनसुनवाई



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने मंगलवार को अपने निवास स्थान पर जनसुनवाई की और समस्त समस्याओं से पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिह राठौड़ को अवगत करवाया। जांगिड़ ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान विधानसभा क्षेत्र के गाँव आनंदसिंहपुरा, करणपुरा, खरतवासिया, झोथड़ा, भामरा, ब्रह्मनगर आदि में पानी, सड़क, पेयजल, रास्ता विवाद आदि की समस्या सामने आई जिनको संबधित विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर उक्त समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया। जांगिड़ ने उक्त समस्या समस्याओं के बारे में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिह राठौड़ को भी अवगत करवाया। जांगिड़ ने कहा कि राठौड़ के नेतृत्व में तारानगर में आमजन को मुलभूत सुविधाएं और विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान भाजपा नेता तारासिंह राठौड़, साबिर हुसैन, अजीतसिंह राठौड़, कुंदन बाबल, बाबूलाल जांगिड़, रूस्तम अली, पार्षद नरेश सैनी, सरपंच संदीपसिंह राठौड़, शिवकुमार शर्मा सहित अनेक मौजूद रहे।

# निःशुल्क शिविर में 118 नेत्र रोगियों की जांच



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** दड़ीबा के छापोला भवन में मंगलवार को सरपंच भवरुराम छापोला की पुण्य स्मृति में उनकी धर्म पत्नी धन्नी देवी की प्रेरणा से उनके पुत्रों की ओर से निशुल्क नेत्र रोग जांच शिविर लगाया गया। इस दौरान मदनलाल छापोला ने बताया कि जयपुर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 118 रोगियों की आंखों की जांच की और 50 का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। शिविर में नथमल भोभरिया, जगदीश, जयंत, रामेश्वर, नन्दलाल, धनराज, खीवाराम नराणीया, हंसराज छापोला, सहदेव, हड़मान मल छापोला, मोतीराम आदि ने अपनी सेवाएं दी।

# बीदासर के भाजपा मंडल अध्यक्ष बने राजेश सोनी



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए बीदासर मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी व मंडल प्रतिनिधि हुक्मीचंद गुसाईवाल को बनाया। इस मौके पर प्रधान संतोष मेघवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण तिवारी, गोपाल प्रजापत, सांवरमल नाई, हेमंत सिद्ध बाबूलाल गुसाईवाल, श्रीकृष्ण तेजस्वी, शिशपाल सिंह आदि ने सोनी को बधाई दी। इस दौरान सोनी ने कहा कि पार्टी ने मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर निष्ठा से कार्य किया जाएगा।

# पवन सैनी ने संभाला अपर लोक अभियोजक का पदभार



जयपुर टाइम्स

सरदारशहर(निस)। शहर के एडीजे कोर्ट में नए अपर लोक अभियोजक का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। एडवोकेट पवन कुमार सैनी ने कोर्ट परिसर स्थित अपने चैंबर में पूजा-अर्चना के साथ अपनी नई जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित सदस्य जगदीश सैनी और महेंद्र सींवर के नेतृत्व में वकील समुदाय ने नवनियुक्त अपर लोक अभियोजक का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान एडवोकेट रूपचंद सोनी, राकेश सैनी, गोतम, पुरूषोतम, नवनीत, अमित सैनी, राजकुमार कम्मा, मोहित सैनी, कैलाश सैनी, पवन सैनी, बजरंग स्वामी और रितेश चौहान सहित कई प्रमुख अधिवक्ता उपस्थित रहें।

# तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का समापन, छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के पीएम श्री विद्यालय गिरधारी लाल शिवनारायण टांटिया राबाउमावि में तीन दिवसीय स्वास्थ्य कैंप का समापन किया गया। मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी बीसीएमएचओ डॉ विकास जी सोनी के नेतृत्व में डॉ महेंद्र सिंह चाहर नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ हरिश्चंद्र शर्मा चिकित्सा अधिकारी, डॉ भगती सिंह दंतरोग विशेषज्ञ, डॉ रोशन मीणा चिकित्सा अधिकारी मनोरोग विशेषज्ञ, एएनएम विमला शर्मा, ममता कुमारी, सुशीला, कौशल्या, सुरेंद्र सिंह फार्मासिस्ट, मधु मीणा सीएचओ आदि विशेषज्ञ डॉक्टरों व उनकी टीम की ओर से विद्यालय की बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर, उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां प्रदान की गई। डॉ विकास जी ने बताया की पहला सुख निरोगी काया होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ महेंद्र सिंह, डॉ हरीश व डॉ हरिश्चंद्र शर्मा ने भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी बच्चों को प्रदान की। तीन दिवसीय इस स्वास्थ्य प्रशिक्षण कैंप में प्रथम दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता रैली, स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, वाद-विवाद व निबंध लेखन आदि का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस को विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग जांच करके चिकित्सकों के परामर्श के आधार पर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। तृतीय दिवस को चिकित्सा विशेषण की ओर से स्क्रीनिंग व जांच रिपोर्ट के आधार पर विद्यार्थीयों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। अस्वस्थ छात्राओं को दवा वितरण किया गया। प्रधानाचार्य गिरीश कुमार लाटा व समस्त विद्यालय स्टाफ ने स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम व गतिविधि प्रभारी राकेश सांकृत्य व नन्दलाल पारीक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नौ सूत्री मांगों को लेकर पटवारियों का धरना जारी



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** राजस्थान पटवार संघ के बैनर तले राजस्थान पटवार संघ उपशाखा तारानगर की ओर से उपखंड मुख्यालय पर अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर धरना दिया जा रहा है। मांग अनुसार पटवार संघ की ओर से गिरदावरी एप में संशोधन, सर्वेयर नियुक्ति, लम्बित और रिव्यू डीपीसी, 752 नव सृजित पदों के पुनर्निर्धारण, तहसीलदार पद पर मंत्रालयिक सेवा के कोटे का पुनर्निर्धारण, 1035 पदों की वित्तीय स्वीकृति, फर्नीचर और संसाधनों की स्वीकृति, नायब तहसीलदार के पद का कोटा बढ़ाया जाने आदि विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार किया। ज्ञापन में लिखा है कि उक्त मांगपत्र के निस्तारण के लिए प्रमुख शासन सचिव (राजस्व) की ओर से सितम्बर 2023 में आश्वस्त किया गया था, परन्तु आज दिनांक तक भी निस्तारण नहीं होने से पटवार संघ में भारी रोष व्याप्त हैं। राज्य के समस्त पटवारियों की ओर से 16 जनवरी से सामुहिक अवकाश पर रहते हुए तहसील/उपखण्ड मुख्यालयों पर अनवरत धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। सरकार की ओर से उक्त मांगपत्र का कोई निस्तारण नहीं किया गया है। अतः पुनः निवेदन है कि मांग पत्र का अति शीघ्र निस्तारण किया जाए अन्यथा पटवार संघ की ओर से 5 फरवरी को राजधानी जयपुर में विशाल रैली एवं धरना प्रदर्शन करते हुए उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। इस मौके पर राजस्थान पटवार संघ के राकेश पूनियां, बुधराम जोशी, जाकिर खान, प्रेमप्रकाश कड़वासरा, लीलाधर गोस्वामी, अजय निर्वाण, मोहनलाल महला, महेश शर्मा, सुरेश कस्वां, दीपक शर्मा, दिनेश गाडगिल, रोहिताष बिजारणियां, मोनिका, सुमन, पायल, पवन शर्मा, महेन्द्र सिंह, प्रताप भाकर, प्रताप डूडी, जितेंद्र चारण व प्रेमराज आदि पटवारी उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय में अंतर संकाय खेलों का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय ज्ञानीराम हरकचंद सरावगी राजकीय महाविद्यालय में अंतर संकाय खेलों के तहत वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी व चार सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य विनीता चौधरी ने खेलों में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। खेल प्रभारी प्रमोद कुमार के निर्देशन में प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बैडमिंटन प्रतियोगिता में पीयूष प्रजापत प्रथम, प्रकाश द्वितीय व भुवनेश तृतीय, छात्रा वर्ग में मोनिका प्रथम, रक्षा द्वितीय और नर्बदा तृतीय रहे। चार सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में लीलाधर प्रथम, जगदीश द्वितीय, मुकेश मंडा एवं विकास डूकिया तृतीय और छात्रा वर्ग में जसोदा प्रथम, मोनिका द्वितीय, कृष्णा सैन तृतीय रहे। कबड्डी छात्र वर्ग में टीम विवेकानन्द और छात्रा वर्ग में टीम लक्ष्मी विजेता रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में टीम सुभाष विजेता रही। खेलकूद गतिविधियों में एस.आर. बालान, रामनिवास, योगेश कुमार कल्ला, हरिलाल जांगिड़, धन्नाराम जानू, पूजा शर्मा, प्रदीप जोशी, विजय सिंह, अशोक कुमार जांगिड़, रामप्रसाद स्वामी, डॉ. अनुसूया मेहरा, दिव्या जांगिड़ सहित महाविद्यालय स्टाफ ने अपना योगदान किया।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा के नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया का स्वागत भोजलाई बास में किया गया। भाजपा युवा नेता गोपाल पारीक के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में शंकर लाल पारीक ने माला व साफा पहनाकर मंडल अध्यक्ष माटोलिया का स्वागत किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष वैद्य भंवरलाल शर्मा का मनोज दाधीच ने स्वागत किया। प्रतिनिधि बुद्धि प्रकाश सोनी का स्वागत नवरत्न बोहरा और पारीक समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश पारीक ने किया। इस अवसर पर मदन लाल भारी, वीरेंद्र सेन, गणेश मंडावरिया, प्रेम स्वामी, आशीष चोटिया, पार्षद गौरव इंदौरिया, गोपाल पारीक, विक्रम सिंह, मुकेश जोशी, नरेंद्र प्रजापत, सुरेंद्र पारीक, जय पारीक, प्रशांत पारीक, सतीश सेन, दीपक कौशिक, राजेंद्र दानोदिया, पुष्पेंद्र सिंह, रोहित बोचीवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## दुर्गा देवी व पीके पांडिया को किया सम्मानित

**सरदारशहर(निस)।** चूरु पुलिस लाइन में जिला स्तरीय रंगारंग गणतंत्र समारोह में सरदारशहर लोकतंत्र सेनानी कृष्ण पारीक की धर्मपत्नी दुर्गा देवी व उनके सुपुत्र प्रो प्रमोद कुमार पांडिया को जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी जय यादव, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य ने पुष्प गुच्छ देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उनके सम्मान में सारे समारोह स्थल दर्शकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के समापन पर सर्किट हाउस में भोजन का आयोजन रखा गया। जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर भी वार्ता की और कुशल क्षेम पूछी।

# जीरो डोज नियमित टीकाकरण के तहत कार्यशाला आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पंचायत समिति सभागार में सोमवार को आरसीएचओ डॉ. विश्वास मथुरिया की अध्यक्षता में अर्पण सेवा संस्थान की ओर से यूनिसेफ के सहयोग से प्रभावशाली व्यक्तियों और धर्म गुरुओं के जीरो डोज नियमित टीकाकरण के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अर्पण यूनिसेफ के जिला समन्वयक सुभाष निर्वाण ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में पीपीटी व वीडियो के माध्यम से टीकाकरण के प्रति भ्रांतियों व झिझक को दूर कर इसकी विस्तृत जानकारी दी और टीकाकरण बढ़ाने के लिए सामुदायिक सहभागिता पर चर्चा की। इस अवसर पर आरसीएचओ डॉ. विश्वास मथुरिया ने जीरो डोज टीकाकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटे नहीं। उन्होंने प्रभावशाली व्यक्तियों-धर्म गुरुओं से टीकाकरण में सहयोग करने की अपील की। डब्ल्यूएचओ के डॉ. इरफान सैयद ने टीकाकरण बढ़ाने के लिए सामुदायिक सहभागिता पर चर्चा की। कार्यक्रम में निरंकारी मिशन के महात्मा लक्ष्मण सिंह, ताराचंद, यूएनडीपी के मालसिंह, वाहिद अली, ब्लॉक समन्वयक प्रवीण कुमार, मुकेश कुमार, अशोक कुमार, श्रवण दान, पंकज दर्जी सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी में बाल मेले का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी में शीतकालीन विशाल बाल मेले का आयोजन 27 जनवरी 2025 को किया गया। प्राचार्य दीपक पुरोहित ने बताया कि अतिथियों की ओर से फीता काटकर बाल मेले का शुभारंभ किया गया। बाल मेले में चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा सहित, बिंदु प्रसाद, रजनीश सापरा और आस पास के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। मेले में विभिन्न प्रकार की फूड स्टोल, संगीत, नृत्य, ऊंट की सवारी, ऊंट का नृत्य, बकरी नृत्य, घुड़सावरी, झूले तथा विभिन्न मनोरंजन के खेलों का आयोजन किया गया। मेले का मुख्य आकर्षण लकी ड्रा रहा जिसके अंतर्गत विभिन्न उपहार प्रदान किए गए, जिसके अंतर्गत टीवी, फ्रिज, प्रेस, साइकिल, स्पीकर, रजाई, इंडक्शन एवं कई अन्य उपहार प्रदान किए गए। मेले में बच्चों ने कई प्रकार के व्यापारिक और नैतिक मूल्यों को ग्रहण किया।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के दिशा निर्देशानुसार खेलकूद व सांस्कृतिक सप्ताह का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेश चाहर ने उद्घाटन कर खेलों की शुरुआत की। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद भी हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण भाग होता है। यह न केवल अनुशासन सीखाता है बल्कि भाईचारा, राष्ट्र प्रेम की भावना को भी जगाता है। पहले दिन कबड्डी एवं रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया। जिसमें टीम बी विजेता रही। टीम बी में मोनिका राव, मनीषा जोशी, विमला, धनपति, सुमित्रा सुथार, कल्पना, कविता प्रजापत, प्रीति प्रजापत, आरती सुथार, खुशी सैनी, वसुंधरा सांसी आदि खिलाड़ी शामिल रहें। इसी तरह रस्साकसी प्रतियोगिता में भी विमला सारण एवं मनीषा जोशी की टीम विजेता रही। इस अवसर पर सह आचार्य नवीन कुमार पारीक, लेखाधिकारी गजेंद्र सिंह भाटी, डॉ गजेंद्र दान चारण, डॉक्टर विक्रम सोनी, मुकेश चौधरी, आशिता गढ़वाल, रामस्वरूप स्वामी आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के बीकानेर रोड़ पर बीएसजी गार्डन के आगे पार्षद राम अवतार जांगिड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री दिव्या कुमारी व प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह राठौड़ व पूर्व मंत्री विधायक राजेंद्र राठौड़ का स्वागत किया गया। इस अवसर पार्षद रामावतार जांगिड़, विकास जांगिड़, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुरलीधर सैनी, ओबीसी मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अध्यक्ष सुरेश भाटी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज दर्जी, कैलाश सिंगोदिया, कमल नाई, निरंजन धानका, पार्षद सुशील प्रजापत, विनोद खाती, सागर झेडू, सुनील प्रजापत, पूर्व पार्षद हनुमान नाई, पवन सैनी, शांतिलाल बड़वाडिया, बनवारी लाल राजोतिया, सुमेरमल धानका, राजकुमार काशीवाल, सत्तार खान, धनराज भाटी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# आवेदनों में मनमानी रोकने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा पार्षदों ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंप कर एनएफएसए के आवेदनों में मनमानी रोकने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि खाद्य सुरक्षा योजना 2022 में पात्र आमजन की ओर से किए गए आवेदनों में नगरपरिषद की ओर से समावेशन श्रेणी का दस्तावेज के जांच होने के बाद भी एसडीएम ऑफिस के कार्मिक की ओर से बिना जांच के सभी फार्म को पिछले लेवल पर पटवारी की रिपोर्ट के लिए भेजे जा रहे हैं। काफी फार्मों के साथ पटवारी रिपोर्ट संलग्न है, फिर भी फार्म को रिटर्न किया जा रहा है। पटवारियों की हड़ताल चल रही है, ऐसे में आमजन को मानसिक व आर्थिक हानि का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में मनमानी तरीके से बनाये जा रहे नियमों को रोक कर खाद्य सुरक्षा योजना 2022 में सरलीकरण कर आमजन को राहत प्रदान करने की मांग की है। ज्ञापन पर उप नेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारणिया, भाजपा नेता एडवोकेट मनीष दाधीच, पार्षद रतनीदेवी, पूजा दाधीच, पुरूषोतम शर्मा, नरेन्द्र गुर्जर, प्रदेश सियोता, पन्नलाल सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षर है।

# ताल छापर में पक्षी चिकित्सालय खोलने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष व वन्य जीव संरक्षण से जुड़े लेखक डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने राजस्थान के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ को पत्र भेज कर राजस्थान के आगामी 2025-26 के बजट घोषणा में तालछापर (चूरू) में पक्षी चिकित्सालय खोलने की मांग की हैं। पत्र में डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने लिखा है कि चूरू जिले के ताल छापर क्षेत्र में सुदूर देशों से सैकड़ों पक्षी प्रवास पर आते हैं। इस बार प्रवास पर आई कुरजां पक्षियों में एच 5 एन 1 एवियन इंफलूंजा बीमारी पाई गई। इससे अनेक पक्षी काल कवलित हुए। साथ ही इस बीमारी से आमजन को भी खतरा महसूस होने की आशंका रही। बीमार पक्षियों के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं होने से वे मर जाते हैं। सरकार जब सबके लिए ही सोच रही है तो इन पक्षियों के लिए भी सोचना चाहिए। पक्षी चिकित्सालय यहां की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता हैं। पत्र में लिखा गया कि राजस्थान सरकार यदि पक्षी चिकित्सालय बनाती है तो ज्यादा व्यय भी नहीं है और जनता में अच्छा संदेश भी जाएगा।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का भाजपा कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत

**सरदारशहर(निस)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंचायत समिति में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी व पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ का पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अशोक पींचा, सभापति राजकरण चौधरी, पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित व विधानसभा संयोजक राजेंद्र सोनी के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री जितेंद्र शर्मा, जिला मंत्री श्यामलाल पारीक, विकास रिणवां, पूर्व प्रधान सत्यनारायण सारण, पूर्व अध्यक्ष मूलचंद दूगड़, राधेश्याम भार्गव, अमरचंद मीणा, गिरधारी लाल पारीक, राजेंद्र सिंह छाजूसर, मंडल अध्यक्ष मुकेश भामा, पार्षद राकेश जगरवाल, हंसराज सिद्ध, राकेश टॉक, बाबूलाल प्रजापत, दीपक बैद, गंगाधर टॉक, भानीपुरा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, भादासर मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह, डॉ अविनाश पारीक, पूर्णाराम कुलड़िया, राजकरण सोनी, पवन सैनी, विकास पारीक, संपत डोसी, शेरनाथ सिद्ध, दुलीचंद जोशी, प्रदीप दीक्षित, समुंदर सिंह हुड्डा, रामनिवास पारीक सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरपंचों को प्रशासक नियुक्त किए जाने पर फंसा पेंच

### पंचायत समिति सदस्यों ने लगाई हाईकोर्ट में याचिका

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान सरकार की ओर से कई ग्राम पंचायतों में सरपंचो क़ो प्रशासक नियुक्त करने का मामला विवादों में घिरता नजर आ रहा है। इस निर्णय के खिलाफ राजस्थान पंचायत समिति सदस्य संघ ने राजस्थान उच्च न्यायालय मुख्य पीठ जोधपुर में याचिका दायर की हैं जिसकी सुनवाई मंगलवार को हुईं। इस सुनवाई में हाईकोर्ट ने माना कि यह आदेश अनुचित है। इस मामले में अब बुधवार को पुन सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता राजस्थान पंचायत समिति सदस्य संघ अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सुरपुरा, प्रवक्ता महेश यादव व महामंत्री सुरेश चौहान की और से अधिवक्ता प्रद्युम्न सिंह ने राजस्थान सरकार की ओर से सरपंचो क़ो प्रसाशक बंनाने के फैसले क़ो चुनीती दी हैं। याचिकाकर्ताओ की ओर से अधिवक्ता प्रद्युम्न सिह ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से 16 जनवरी 2025 को एक अधिसूचना जारी कर इन चुनावों क़ो स्थगित कर निवर्तमान सरपंचो क़ो प्रशासक नियुक्त कर उन्हें वित्तीय पावर दे दिए, जो भारतीय सविधान अनुच्छेद 243 ई व राजस्थान पंचायत राज अधिनियम 1994 का उल्लंघन हैं। नियमानुसार सरपंचो का कार्यकाल 5 वर्ष का पूरा होने के बाद वो आम आदमी हो गए हैं और किसी भी सूरत में आम आदमी क़ो प्रशासक नहीं बनाया जा सकता हैं। राजस्थान पंचायत राज अधिनियम 1994 व 1996 की धारा 98 के अनुसार केवल प्रशासनिक अधिकारी क़ो ही प्रशासक नियुक्त किया जा सकता हैं। राजस्थान सरकार ने दिसम्बर 2024 में नगरीय निकायों में सभापतियों और चेयरमैन का कार्यकाल पूरा होने पर प्रशासनिक अधिकारी क़ो ही प्रशासक लगाया हैं लेकिन ग्राम पंचायतो में इसके उलट सरपंचो क़ो प्रशासक बना कर नियमों का उल्लंघन किया है।

## मोबाईल ऐप से स्वयं किसान कर सकेंगे गिरदावरी

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** किसान अब मोबाइल एप्प से स्वयं गिरदावरी कर सकेंगे। जिला भू-अभिलेख शाखा प्रभारी चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि रबी संवत-2081 की खसरा गिरदावरी का कार्य मोबाईल ऐप के माध्यम से 01 जनवरी, 2025 से प्रारम्भ हो गया है। फसल रबी संवत -2081 की गिरदावरी में किसानों को प्रेरित करते हुए बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अनुसार अधिकाधिक खसरों की स्वयं किसानों की ओर से (प्रति तहसील न्यूनतम 10 प्रतिशत खसरों की) गिरदावरी करावाए जाने का प्रावधान किया गया है। किसानों की ओर से गिरदावरी कार्य के लिए 'राज किसान गिरदावरी मोबाईल ऐप' को अपने मोबाईल पर इंस्टॉल कर संबंधित हल्का पटवारी, भू-अभिलेख निरीक्षक से मोबाईल ऐप का प्राथमिक प्रशिक्षण प्राप्त कर फसल रबी संवत 2081 की गिरदावरी स्वयं की जा सकेगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि अधिक से अधिक किसान अपने जन-आधार की सीडिंग गिरदावरी ऐप में करवाएं ताकि किसान स्वयं अपने खाता/खसरों की गिरदावरी कार्य मोबाईल ऐप से कर सकें।

## जिला कलक्टर ने किया पड़िहारा हवाई पट्टी का निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को जिले के रतनगढ़ ब्लॉक के पड़िहारा स्थित हवाई पट्टी का निरीक्षण कर निर्देश दिए। सुराणा ने कहा कि हवाई पट्टी परिसर में अनावश्यक कंटीली झाड़ियों आदि को हटाते हुए सफाई करवाएं। इसी के साथ निर्माणाधीन चारदीवारी के कार्य में गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जाए। भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए संसाधनों के विकास के पर ध्यान दें। जिला कलक्टर ने हवाई पट्टी के एक्सटेंशन के प्रस्ताव, चारदीवारी कार्य, रेस्ट हाउस, मीटिंग हॉल सहित व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। सानिवि एईएन इमरान खान ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

## पटवारियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** पटवार संघ की ओर से सभी तहसीलों में तहसील अध्यक्षों के नेतृत्व में तहसीलदार को पटवार संघ ने अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, माननीय राजस्व मंत्री राजस्थान सरकार, प्रमुख शासन सचिव राजस्थान सरकार व प्रमुख शासन सचिव राजस्व विभाग राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 10 सूत्री मांगों को लेकर 4 फरवरी तक निस्तारण नहीं होने पर 5 फरवरी को जयपुर कूच का निर्णय जयपुर में आंदोलन व धरना प्रदर्शन करने का अल्टीमेट दिया गया जिसकी समस्त जिम्मेदारी राजस्थान सरकार की होगी। यह जानकारी होशियार सिंह खीचड़ जिला अध्यक्ष राजस्थान पटवार संघ झुंझुनू ने दी।

## शहादत का सम्मान समाज व गांव का दायित्व

# शहीद राजेश फगेड़िया की पुण्यतिथि पर ग्रामीणों ने दी पुष्पांजलि

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** घांघू गांव में मंगलवार को शहीद राजेश कुमार फगेड़िया की पुण्यतिथि पर शहीद राजेश फगेड़िया के स्मारक पर ग्रामवासियों और स्कूली विद्यार्थियों ने शहीद परिजनों के साथ शहीद प्रतिमा पर माल्यार्पण पर शहीद को पुष्पांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि से पूर्व गांव के विद्यालयों के छात्र छात्राओं के साथ ग्रामवासियों और विद्यालय स्टाफ ने गांव के मुख्य मार्गों से शहीद स्मारक तक शहीद के सम्मान में तिरंगा रैली निकाली। इस दौरान भारत माता की जय, शहीद राजेश फगेड़िया अमर रहे, देश के अमर शहीद अमर रहे के जयकारों से क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। गौरतलब है कि शहीद राजेश फगेड़िया सियाचिन गलेशियर वन में तैनाती के दौरान 2011 में ऑपरेशन मेघदूत में भारत माता की रक्षा में शहीद हो गए थे। शहीद स्मारक पर शहीद के सम्मान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यकम में सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हम सभी का यह दायित्त्व बनता है कि शहीदों की पुण्यतिथि पर हमें उन्हें याद करना चाहिए और युवाओं को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए प्रेरित करना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि अपने प्राणों पर खेलकर देश सेवा करने वाले जवानों के दम पर ही हम आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इस दौरान शहीद वीरांगना मधु फगेड़िया और शहीद परिजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शहीद के पिता रामलाल फगेड़िया, माता शारदा देवी, वीरांगना मधु देवी, बहन अंजू, सुमन देवी, भाई राकेश कुमार फगेड़िया, बहनोई सरजीत मांझु, लालचंद फगेड़िया, समाजसेवी परमेश्वर लाल दर्जी, सामाजिक कार्यकर्ता महावीर नेहरा, शहीद के पुत्र डॉ देवेन व मयंक, नितेश, अंशुल, बालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश खेड़िवाल, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मनीष भार्गव, उप प्रधानाचार्य रेखा मीणा, उप प्रधानाचार्य परवेज अहमद, रामनिवास बुरड़क कालियासर ढाणी, बन्ने खां, मेघाराम फगेड़िया, शीशपाल फगेड़िया, सामाजिक कार्यकर्ता बीरबल नोखवाल, भागीरथ फगेड़िया, जीवणराम फगेड़िया, सेवानिवृत एएसआई रामकरण राहड़, प्यारेलाल फगेड़िया, पूर्णाराम फगेड़िया, चोखाराम फगेड़िया, सोहन लाल फगेड़िया, हीरालाल फगेड़िया, लिखमाराम प्रजापत, विद्याधर रेवाड़, विजेन्द्र सिहाग, हेमराज फगेड़िया, बनवारी लाल रेवाड़,ओंकारमल सिहाग, रामनिवास, मोहनलाल, प्रवीण फगेड़िया, शीशराम फगेड़िया, महेन्द्र कुमार, मुरारी लाल दर्जी, मनीष दर्जी, वासुदेव सिहाग, राजवीर सिंह राठौड़, सफी मोहम्मद फौजी, ईशर राम बरड़, मुस्ताक खां, शीशराम श्योराण, बाबूलाल, मुकेश शर्मा, शक्ति सिंह, श्रीचंद महरिया, प्रकाश चंद्र शर्मा, विद्याधर मांझु,दिनेश सोनी, देवेंद्र राहड़, राकेश कुमार, राजेंद्र फगेड़िया बास जसवंतपुरा, अयूब खां, महेश कुमार, सुनील जांगिड़, मनोज सेवदा, कमला, बजरंग लाल बरड़,अभिषेक फगेड़िया, प्रतीक्षा प्रजापत, सुभाषचंद्र, गुंजन प्रजापत, चंद्रप्रकाश रेवाड़ आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने साधा भाजपा सरकार पर निशाना

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय विधायक व पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर लक्ष्मणगढ़ पहुंचे जहां पर उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में शिरकत की। डोटासरा ने कहा कि प्रत्येक माह में इस प्रकार की एक बैठक जरूर होनी चाहिए। भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुए गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि भाजपा की सरकार को 1 साल से ऊपर हो गया किंतु आज भी जो विकास कार्य चल रहे है वो कांग्रेस सरकार के कार्यकाल दौरान के ही चल रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय में केवल कर्मचारियों को प्रताड़ित और राजनीतिक दुर्भावना से उनका स्थानांतरण अन्यत्र करने का काम हुआ है, डोटासरा ने भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि भाजपा की पर्ची मुख्यमंत्री कार्यालय से ही आती है और जो भाजपा मंत्री या जनप्रतिनिधि मेरे बयान का प्रति उत्तर देता है वो पर्ची मुख्यमंत्री कार्यालय से आती है कि डोटासरा के खिलाफ यह बात बोलो। स्थानीय भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्मणगढ़ में कांग्रेस सरकार के समय में जो विकास कार्य स्वीकृत किए गए थे, उनको भाजपा सरकार की ओर से रोका जा रहा है और भाजपा के नेता जिनको जनता ने नकार दिया है वो नेता कर्मचारियों को परेशान करने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए, नकारात्मक नही।उन्होंने कहा कि नकारत्मक राजनीति किसी के लिए भी ठीक नहीं है, सबको एक ही सोच के साथ बढ़ना चाहिए कि लक्ष्मणगढ़ का विकास हो। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास कार्य करेगी तो हम भी आपका स्वागत करेंगे लेकिन नकारात्मक सोच मत रखो। बैठक के अंत में कांग्रेस नेता लाल चन्द झाझोटिया के निधन पर 2 मिनिट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। आयोजित बैठक के दौरान कांग्रेस सीकर जिला अध्यक्ष सुनीता गिठाला, लक्ष्मणगढ़ चेयरमैन मुस्तफा कुरैशी, सेवादल के नरेंद्र बाटड़, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सिहाग, पालिका उपाध्यक्ष बनवारी लाल पांडे,शहर अध्यक्ष पवन सैनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने तालछापर अभयारण्य में बर्ड फेस्टिवल की तैयारियों का लिया जायजा

जयपुर टाइम्स





**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को जिले के छापर स्थित तालछापर अभयारण्य में 01 व 02 फरवरी को प्रस्तावित बर्ड फेस्टिवल - 2025 के आयोजन को लेकर व्यवस्थाओं और तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बर्ड फेस्टिवल में आमजन की अधिकतम भागीदारी हो। अधिकारी, कर्मचारी सौंपे गए दायित्वों का समुचित निर्वहन करें और सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करें। सभी विभागों के अधिकारी गतिविधियों व तैयारियों की बारीकी से मॉनीटरिंग करें। उन्होंने कहा कि बर्ड फेस्टिवल आयोजन पर्यटकों को लिए भी एक आकर्षण हो। पर्यटन व क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने की दिशा में बर्ड फेस्टिवल जिले के लिए बड़ा आयोजन है। इसलिए बर्ड फेस्टिवल पक्षी संरक्षण व जैव विविधता की जानकारी व रोमांच से भरपूर हो। बर्ड फेस्टिवल में आमजन की अधिकाधिक सहभागिता के प्रयास किए जाएं। उन्होंने बर्ड फेस्टिवल में आमजन को न्यौता देते हुए बताया कि आयोजन का उद्देश्य पक्षियों की लुप्त होती प्रजातियों का संरक्षण और वन्यजीवों के बारे में आमजन में जागरूकता पैदा करना है। फेस्टिवल आयोजन से जैव विविधता और प्रकृति की विभिन्नताओं से रूबरू होने का अवसर मिलेगा और प्रकृति के संरक्षण की दिशा में जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि राजीविका महिलाओं की ओर से संचालित की जाने वाली कैंटीन व क्राफ्ट की दुकान को भी पुनः शुरू किया गया है। इससे क्षेत्रीय विशेषताओं से जुड़े हुए उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। एडीएम मंगलाराम पूनिया ने आयोजन से जुड़े हुए अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समुचित निर्वहन करने के निर्देश दिए। एसीएफ महेंद्र ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार राजू देवी बुनकर, एसीईओ दुर्गा ढाका, छापर ईओ भवानीशंकर, नायब तहसीलदार सुरेश, मुदित तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## स्वामी गोपालदास कन्या महाविद्यालय में स्पन्दन व वार्षिकोत्सव आयोजित





जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्वामी गोपालदास राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्पन्दन 2025 व वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ मंगलवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर राठौड़ ने कहा कि आज की बेटियां किसी से कम नहीं है। बेटियों ने अब शिक्षा के क्षेत्र में उड़ान भरनी शुरू कर दी है। अब ये बेटियां उच्च शिखर पर जाकर देश का नाम रोशन करेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हर क्षेत्र में बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में अपने देश व राज्य का नाम रोशन करेगी। एक बेटी शिक्षित होकर दो घरों का नाम रोशन करती है। अतः अभिभावकों को अपनी बेटियों को विद्यालय में भेजकर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाना चाहिए। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि एक बेटी माता का अभिमान होती है। आज के युग में बालिका शिक्षित होकर अपनी पहचान बना सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. सीएल वर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक राजस्थानी, पंजाबी, लोकगीतों व एकल नृत्य, एकल गायन व नाटक की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर अतिथियों ने विष्वविद्यालय परीक्षा में अव्वल रहने वाली छात्राओं को प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधान दीपचंद राहड़, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व सभापति मुरलीधर शर्मा, नोरंग वर्मा, पंचायत समिति सदस्य विक्रम कोटवाद, देदाराम, पीडी सोनी, डॉ. एसके सैनी, डॉ. केसी सोनी, लालचंद चाहर, अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, दीनदयाल सैनी, नरेन्द्र कंवल व कृष्ण प्रजापत आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने महाविद्यालय में फर्नीचर के लिये विधायक कोटे से पांच लाख रुपये देने व महाविद्यालय के मुख्य गेट के सामने काउकेचर बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर सह आचार्य डॉ. अनुज कुमार, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. विक्रम सिंह, विमित, नरेन्द्र ढ़ाका, सुजान सिंह, विनय कस्वां, सुभाष सहारण, सुनील जांगिड़, दीपेंद्र व ओमप्रकाश आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. धीर सिंह ने किया।

## शिक्षा व चिकित्सा सेवाओं की दिशा में किए गए कार्य प्रेरणादायकः सुराणा

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित विश्वकर्मा मंदिर में शिक्षाविद प्राचार्य ईश्वरराम जांगिड व उनकी धर्म पत्नी विमला जांगिड की पुण्य तिथि पर आयोजित मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन शिविर में शिरकत की। इस दौरान जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, बसंत शर्मा, नवरत्न गिरी महाराज, झूमरमल राजोतिया, मूलाराम धामू, विमला गढ़वाल, नीरज जांगिड़ सहित अन्य अतिथि भी मंचस्थ रहे। अतिथियों ने ईश्वरराम जांगिड़ व विमला देवी जांगिड़ के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर व फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि चिकित्सा व शिक्षा के किया गया कार्य प्रेरणादायी है। शिक्षा व चिकित्सा क्षेत्र में दिया गया योगदान समाज के प्रत्येक हिस्से को लाभान्वित करता है। उन्होंने कहा कि चूरू में प्रतिभाओं ने अपने कार्यों से शिक्षा की अलख जगाई है। शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों से प्रतिभाओं को याद किया जाता है। चहेतों की याद में मोतियाबिंद व नेत्र जांच शिविर का आयोजन सच्ची श्रद्धांजलि है। दीपक जांगिड़ ने अतिथियों का स्वागत किया। बसंत शर्मा ने कहा कि हम सभी जन कल्याण की भावना से समाज सेवा के कार्यों में अपना सहयोग दें और अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं। नीरज जांगिड़ ने बताया कि शिविर में 221 व्यक्तियों की नेत्र जांच की गई। जांच उपरांत 45 व्यक्तियों का निः शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। पूजा जांगिड़, दक्ष जांगिड़, यशविन जांगिड़ ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान लीलाधर राजोतिया, सीताराम रोलीवाल, ओमप्रकाश राजोतिया, भंवरलाल सावलोदिया, बुधरमल जांगिड, श्रीप्रकाश राजोतिया, ओमप्रकाश जांगिड, सुनील जांगिड़, उमेद रोलीवाल, उदाराम जांगिड, मदन लाल जांगिड, देदाराम , दिलीप, डॉ अशोक शर्मा, महावीर प्रसाद, बनवारी लाल, मनीष जांगिड़, नरोतम मिशण, हरिकिशन, अशोक जांगिड़, राधेश्याम जांगिड़, आदित्य जांगिड़, बेजुराम जांगिड़, राजकुमार गोटेवाला, गिरधारी लाल राजोतिया, ब्रह्मानन्द राजोतिया, रामचन्द्र राजोतिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जिले की आशा सहयोगिनियों ने दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में लिया भाग

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित हुए गणतंत्र दिवस समारोह में जिले से चिकित्सा विभाग की दो उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा सहयोगिनियों ने भाग लिया। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि सुजानगढ़ ब्लॉक उप जिला अस्पताल से आशा सहयोगिनी संजू शर्मा व शारदा ने गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने बताया कि यह पहली बार है जब चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं व कार्यक्रमों से आमजन को जोड़ने वाली और समुदाय में कार्य करने वाली आशाओं को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल किया गया। सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार शर्मा एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (आशा) फरजाना ने आशा कार्यकर्ताओं का जिला स्तर पर सम्मान किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार शर्मा ने उपस्थित आशाओं को स्वयं प्रेरित होकर आमजन को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए कहा और कार्ययोजना बनाकर श्रेष्ठ तरीके से विभाग में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का सम्पादन करने के लिए प्रेरित किया। आशा संजू शर्मा व शारदा ने बताया कि वे गौरवान्वित है कि दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि वे और अधिक मेहनत के साथ अपने गांव में विभागीय कार्यक्रमों और योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करेंगी। फरजाना ने बताया कि दोनों आशा अपने जीवनसाथी के साथ दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस में भाग लिया। दोनों ने ही वर्ष 2024-25 में विभागीय कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य किया है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।